RNI-MPHIN/2005/14721
Po-Malwa Div/244/2020-22
Desp. 02 July, 2022

अंक – 1 (मासिक) वर्ष – 18 जुलाई, 2022 मूल्य 20/–

अपनों के लिए अपनी पत्रिका

# श्री माहेश्वरी टाईम्स

## महेश नवमी विशेषांक






# महेशमय माहेश्वरी

## माहेश्वरी समाज जयपुर में चुनावी संग्राम



उमेश सोनी    केदारमल भाला



## विद्या ददाति विनयं

विमोचन-जयपुर माहेश्वरी समाज की शिक्षा यात्रा के 100 वर्षों का इतिहास



माहेश्वरी समाज इंदौर में मना महेश नवमी पर्व

श्री माहेश्वरी मेलापक

वैवाहिक डायरेक्ट्री
श्री माहेश्वरी मेलापक 2022
का प्रकाशन प्रारंभ

Visit us @
srimaheshwaritimes.com

बात हम सबकी
सुने हर शनिवार

# Contemporary Range of Home Essentials, Crafted by Experts




RR

**FANS | LIGHTING**
**APPLIANCES | SWITCHES**

Toll Free : 18001032676 | Email : customercare@rrglobal.com | Website: www.rrglobal.com | Follow us

अपनों के लिए अपनी पत्रिका

# श्री माहेश्वरी टाईम्स

RNI-MPHIN/2005/14721

▶▶ अंक-01 ▶▶ जुलाई 2022 ▶▶वर्ष-18

प्रेरणास्रोत
स्व. श्री बंशीलाल बाहेती
स्व. श्री मदनलाल पलौड़

प्रबंध सम्पादक एवं निदेशक
श्रीमती सरिता बाहेती

सम्पादक
पुष्कर बाहेती

संरक्षक
पद्मश्री बंशीलाल राठी (चैन्नई)
श्री नेमीचन्द तोषनीवाल (कोलकाता)
श्री जोधराज लड्ढा (कोलकाता)
श्री रामकुमार टावरी (दिल्ली)

अतिथि सम्पादक
रंजना बाहेती, भोपाल

परामर्शदाता
दिनेश माहेश्वरी (भूतड़ा) मुम्बई/इन्दौर
घनश्याम करनानी (कोलकाता)

कला निदेशक
अक्षय आमेरिया

विधि सलाहकार
राजेन्द्र ईनाणी, एडव्होकेट (बागली)

सम्पादकीय सलाहकार
बाबूलाल जाजू (भीलवाड़ा)
रामगोपाल मूंदड़ा (सूरत)
प्रो. कल्पना गगडानी (मुम्बई)
गोविन्द मालू (इन्दौर)

कार्यालय-
90, विद्या नगर (टेड़ी खजूर दरगाह के पीछे),
साँवेर रोड, उज्जैन-456010 (म.प्र.)
Phone : 0734-2526561, 2526761
Mobile : 094250-91161
e-mail : smt4news@gmail.com
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती सरिता बाहेती द्वारा ऋषि ऑफसेट, श्री माहेश्वरी भवन, गोलामण्डी, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

▶ श्री माहेश्वरी टाईम्स में प्रकाशित सभी लेखों के विचारों पर सम्पादक/प्रकाशक की सहमति हो, यह आवश्यक नहीं है।
▶ सभी प्रसंगों का न्यायक्षेत्र उज्जैन (म.प्र.) होगा।

Sri Maheshwari Times
■ PNB A/c. No. : 0459002100043471
IFSC- PUNB0045900
■ ICICI A/c. No. : 030005001198
IFSC- ICIC0000300

Tariff of Membership
Rs. 900/- for Three years
Rs. 3500/- for Life Time (12 Years)

## जयपुर माहेश्वरी समाज में सेवा के लिये चुनाव ''समर''




## कौन पहनेगा अध्यक्ष का ताज?

विचार क्रान्ति

## जीवन का तराजू

जीवन में पूजा-पाठ, दान-जप, तप-तीर्थ से भी बड़ी बात है सबके प्रति समान भाव होना। यह न हो तो बड़ी से बड़ी सिद्धि भी व्यर्थ है। महाभारत में इस सत्य का बोध कराने वाली एक सुंदर कथा शांतिपर्व में उपलब्ध है।

कथा कहती है कि प्राचीनकाल में महर्षि जाजलि नाम के एक तपस्या प्रेमी ऋषि थे। एक बार उन्होंने इतनी कठोर तपस्या की कि उनकी जटाओं में पक्षियों ने घोंसले बना लिए मगर इस सबसे अविचलित जाजलि तप करते रहे। इससे उन्हें स्वयं के महातपस्वी होने का अहंकार हो गया। उन्हें भ्रम हुआ कि मैंने 'धर्म का रहस्य' जान लिया है।

एक दिन आकाशवाणी हुई कि 'हे महर्षि! तुम तपस्या में उतने बड़े नहीं हो, जितना कि काशी में रहने वाला तुलाधार वैश्य है। तुम जाओ और उससे मिलो।' तब महर्षि तुलाधार से मिलने काशी पहुँचे। वह एक आम व्यापारी था। उसने अपनी दुकान पर आए जाजलि को प्रणाम कर सादर सत्कार किया। जब महर्षि ने आकाशवाणी में उसके नाम के उल्लेख की कथा बताकर धर्म का रहस्य पूछा तब उसने जो कहा, उसी में गृहस्थ रहते हुए सच्चा धर्म साधने का सूत्र निहित है।

तुलाधार ने कहा, 'नानुरुद्धये निरुध्ये वा न द्वेष्मि न च कामये। समोऽहं सर्वभूतेषु पश्य मे जाजले व्रतम्। तुला मे सर्वभूतेषु समा तिष्ठति जाजले।।' अर्थात् मैं न किसी से अनुरोध करता हूँ न विरोध करता हूँ। न मेरा किसी से द्वेष है न मैं कामना करता हूँ। समस्त प्राणियों के प्रति मेरा समभाव है। जाजले! यही मेरा व्रत और नियम है, इस पर दृष्टिपात करो। मुने! मेरी तराजू सब मनुष्यों के लिए सम है। सबके लिए बराबर तौलती है।

साधो! शास्त्र में दोनों का संवाद लम्बा है पर सार इस एकमात्र कथन में है। वह यह कि जाजलि की तरह कठोर तप से धर्म नहीं सधता बल्कि अहंकार आ जाता है। धर्म तुलाधार की तरह मन की तराजू में सुख-दुःख, हर्ष-विषाद, लाभ-हानि, अपने-पराये, संयोग-वियोग, जीवन-मरण सबको समान भाव से तौलने में सधता है। जो तुलाधार की तरह जीवन की तराजू में सबको समभाव से तौलने की कला जानते हैं उन्हें वन जाने, व्रत करने या तप करने की आवश्यकता नहीं है। समभाव ही सम्पूर्ण व्रत और नियम है, बशर्ते यह सध जाए। जिसे सधा वही सिद्ध है।

■ डॉ. विवेक चौरसिया



सम्पादकीय

# प्रकृति के ''अदान'' का आनंद

इस समय सृष्टि का अदान काल चल रहा है। 'अदान' मतलब 'देना'। प्रकृति हमें वह सब कुछ दे रही है जो हमारे जीवन के लिए आवश्यक है। जब प्रकृति देने पर आती है तो चारों तरफ आनंद छा जाता है। बरसता पानी, हरियाली, ठंडी हवा और भी बहुत कुछ जिसे हम केवल महसूस कर पाते हैं। प्रकृति की रचनात्मकता का यह सुख जब हमें मिलता है तो हमारी परंपराएं इसके लिए प्रकृति यानी ईश्वर के प्रति शुक्रगुजार होने के लिए प्रेरित करती है। इस दौरान धर्म-कर्म की गंगा चहुंओर प्रवाहित होती है। चातुर्मास के रूप में हम प्रकृति के आनंद के बीच उस सृष्टिकर्ता के प्रति आभारी होते हैं जिसने यह सब कुछ हमें दिया है। उफनाती नदियों के किनारे जब हम नजारा देखने पहुंचते हैं तो मन प्रफुल्लित हो जाता है। जंगल, बाग-बगीचों में इठलाती हरियाली को निहारते वक्त मन स्वतः उस शक्ति के प्रति नतमस्तक हो उठता है, जो इस विविध का रचियिता है। हमारे पूर्वजों ने प्रकृति के साथ जीने की जो विधि विकसित की वह आज आधुनिकता की होड़ में भी अपनी मौलिकता और महानता के कारण अग्रणी होकर सामने आती है। अदान काल शुरू होते ही हरियाली अमावस्या पहला पर्व होता है जब हमें अपनी परंपरा, प्रकृति के नजदीक जाने को प्रेरित करती है। हरियाली अमावस्या पर वनचर मेलों का स्वरूप भले अब पौधारोपण अभियानों में बदल गया लेकिन उसका उद्देश्य कायम है। भारतीय संस्कृति और परंपराओं की यही अक्षुण्णता उसे सनातन बनाती है।

वनचर मेलों का उद्देश्य यही था कि हम प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रेरित हों। हम अपनी नई पीढ़ी को हवा, पानी, पेड़-पौधे का महत्व समझा सकें। उन्हें इनके नजदीक ले जाकर उनका महत्व और उनके साथ जीने के आनंद का अहसास करा सकें। जो काम युगों और सदियों से हमारी जीवन शैली का अंग बना हुआ है उसे अब दुनिया की अन्य संस्कृतियां और आधुनिक विज्ञान के पुरौधा अपनाने की वकालात कर रहे हैं। कुछ शताब्दियों के दुःस्वनों ने हमें हमारी जड़ों से अलग करने की भरसक कोशिश की लेकिन अब जब समय अनुकूल आया है तो उन्हीं जड़ों की नई कोंपलें फूटने लगी हैं। एक बार फिर भारतीय संस्कृति और सभ्यता के मापदंड ही नई दुनिया के जीवन जीने के पेरामीटर बन रहे हैं। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। प्रकृति के इस अदान काल को हम अपने समाज में भी सुदृढ़ करें। जुलाई का महीना पौधारोपण के लिए श्रेष्ठ माना गया है। जब प्रकृति देने पर उतारू है तो हम उसके साथ कदमताल मिला कर चलने को उत्कंठित हों। समाज संगठन अपने स्तर पर पौधारोपण को अभियान के रूप में ले और इसे वनचर मेले के रूप में ही आयोजित करे। जब हम एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे तो हमारी आने वाली पीढ़ी भी इसका अनुसरण करेगी। हमारे लगाए पौधे हमारी नई पीढ़ी के लिए अदान है जो भविष्य में उन्हें सुख और आनंद देंगे।

प्रकृति को देने के लिए हाल ही में केंद्र सरकार ने कुछ नए अभियान हाथ में लिए हैं। इन्हें स्मार्ट सिटीज सहित खास शहरों में लागू किया जा रहा है। इनमें सबसे पहला है, पॉलीथिन से मुक्ति। पॉलीथिन के दुष्परिणामों को देखते चयनीत शहरों में प्लास्टिक, पॉलीथिन, थर्माकोल और पॉलीथिन कोटेड कागज के बर्तनों का निषेध कर वहां व्यवसायियों को पेड़ों के पत्तों और अन्य प्राकृतिक सामग्री से बने बर्तनों व पैकिंग का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। हम अपने समाज में इसे लागू कर सकते हैं। चयनीत शहरों में साइकिलिंग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। रहवासी अनावश्यक मोटर व्हीकल का उपयोग नहीं करें। इसे हम अपनी दिनचर्या में शामिल कर सकते हैं। यह सेहत के लिए भी लाभकारी है। जलस्त्रोतों का संरक्षण जरूरी है। पुराने कुएं-बावड़ियों, तालाबों को प्रदूषण से बचाना, सुधारना, सौंदर्यीकरण, उपयोगी बनाने की जरूरत है। ग्रीन एरिया विकसित करने के लिए स्थानों का चयन और वहां वन विकसित करना जरूरी है। यह कुछ ऐसे काम हैं जिनसे जनमानस अपने स्तर पर कर प्रकृति के साथ अच्छे संबंध बना सकते हैं। महासभा के साथ महिला और युवा संगठन प्रकृति के साथ तादात्म के लिए कुछ ऐसे रचनात्मक आयोजन कर सकते हैं। माहेश्वरी समाज अपनी विशिष्ट सेवा भावना में सदा ही अग्रणी रहा है। इस मामले में भी इससे यही अपेक्षा है। तो आईये इस महेश नवमी की पावन बेला में भगवान 'महेश' की इस सुन्दर सृष्टि संवारने का संकल्प लें।


यह अंक आपके हाथ में हैं। हमारी कोशिश हमेशा की तरह यही है कि स्थायी स्तंभों के साथ सभी पाठकों के लिए रोचक, ज्ञानवर्द्धक और उपयोगी सामग्री समाहित कर सकें। इस विशेषांक में प्रकाशन में जिन विज्ञापनदाताओं का सहयोग मिला हम उनके हृदय से आभारी हैं। इसमें हम कितने सफल हुए यह तो आपकी प्रतिक्रिया से ही पता चलेगा। इसलिए अपनी राय जरूर दें।



**पुष्कर बाहेती**
सम्पादक

# अतिथि सम्पादकीय

भोपाल निवासी रंजना बाहेती की पहचान समाज में एक कर्मठ कार्यकर्ता व सामाजिक चिंतक के रूप में है। आपका जन्म हैदराबाद निवासी श्री नंदकिशोर व श्रीमती चंद्रकला राठी के यहाँ हुआ था। बी.ए. ऑनर्स, एम.ए., एल.एल.बी. तक शिक्षित श्रीमती बाहेती कॉलेज में शिक्षा के दौरान वाद-विवाद प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर पुरूस्कृत हुई। छात्र संघ के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भी बखूबी निभाई। आप भरत नाट्यम की भी अच्छी कलाकार रहीं। वर्तमान में आप मदर्स कान्वेंट स्कूल भोपाल की प्रिंसिपल हैं। सामाजिक तौर पर वर्तमान में आप पूर्वी मध्यप्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन में सचिव हैं। आप अखिल भारतीय सुरम्या समिति की संयोजिका भी रहीं। आपने अपने कार्यकाल में कई बुक्स भी लिखीं। विभिन्न योगदानों को लेकर आपको माहेश्वरी रत्न, झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई, बेस्ट यंग प्रिंसिपल अवार्ड आदि से भी नवाजा गया। मंच संचालन की कला भी आपमें आत्मविश्वास के साथ विद्यमान हैं। आप भोपाल के स्व. श्री रामपाल बाहेती की कुलवधु तथा गोपाल बाहेती (शकर के व्यापारी) की धर्मपत्नी तथा पुना में बजाज फिनसर्व में नेशनल डेप्युटी हेड के पद पर कार्यरत शुभम बाहेती की माता हैं।



# समाज में जुड़ने से ही निखरता है असली व्यक्तित्व

सभी को समाजोत्पत्ति पर्व महेश नवमी की बहुत-बहुत बधाई। हमारा समाज अपने अतीत से लेकर वर्तमान तक देश का श्रेष्ठ व सबसे सम्पन्न समाज रहा है। लगभग हर उद्योग धंधे में समाजजनों ने शिखर की ऊँचाई को छुआ है। वास्तव में इस उपलब्धि का कारण मुख्य रूप से समाज ही है। अतः हमें अपनी युवा पीढ़ी को समाज की उपयोगिता समझानी होगी। समाज में ही अपने व्यक्तित्व को विकसित करके आप अपनी पहचान बना सकते हैं। उठने-बैठने-चलने, काम करने के तरीके जो कि हमारे व्यक्तित्व का अहम भाग हैं, समाज की देन हैं। नौकरी, कारोबार संचालन, कार्य करने की गुणवत्ता, जीने की मजबूत आधारशिला, जीवन जीने की कला, जीने की सही राह आदि भी समाज में रहकर ही निखरती है। इससे हम अपनी उड़ान को पंख दे सकते हैं।

जिस समाज में हम रहते हैं वहाँ पर आप अपने आपको सुरक्षित महसूस करते हैं और अनौपचारिक तरीके से अपनी कला को निखार सकते हैं। सामाजिक आधारशिला ही व्यक्तित्व के स्तम्भ को सुदृढ़ करती है। अपने आचार-विचार, व्यवहार की कर्मभूमि भी समाज ही है, जो निखारता भी है, संवारता भी है। संस्कार, अनुशासन, सदाचार, समर्पण एवं त्याग की भावना भी समाज में रहकर ही सीखी जाती है, जो हमारे व्यक्तित्व का मूल आधार है। समाज में रहकर ही हम जिम्मेदारियों को वहन करते हुए अपनी अगली पीढ़ी को बेहतर परवरिश देकर होनहार नागरिक का सृजन करते हैं। समाज में अतीत की उपलब्धियों, अनुभवों का भंडार ही नहीं वर्तमान का निर्माण एवं भविष्य की रूपरेखा भी निर्मित होती है। जीवन को सर्वोत्तम ऊँचाई पर ले जाने की सर्वोत्तम सकारात्मक सोच भी समाज में ही निर्मित होती है।

''समाज के रथ पर आरुढ़ होकर ही व्यक्तित्व निखरता भी है सँवरता भी है।''

वर्तमान में समाज संगठन में युवाओं के समाज की मुख्य धारा में दूर जाने की बात अक्सर उठती है। तो यदि हम सही मायने में उन्हें समाज की उपयोगिता बता सकें तो वे भूलकर भी समाज से दूर नही जाएंगे। इसके लिये हमें स्वयं अपनी उपलब्धि का गहन विश्लेषण कर इसमें समाज के योगदान को प्रस्तुत करना होगा।

**रंजना बाहेती**, भोपाल
अतिथि सम्पादक



# श्री लिकासण माताजी

**श्री लिकासण माताजी झंवर, खिवसरा व धूत खाँप की कुलदेवी है।**

■ टीम SMT

श्री लिकासण माताजी अपने चमत्कारी प्रभाव के कारण माहेश्वरी समाज के सभी खाँपों की भी आराध्य है। साथ ही अन्य सभी जातियों के श्रद्धालु भी इनके प्रति अटूट श्रद्धा रखते हैं। माताजी का मूल शक्तिपीठ राजस्थान में नागौर शहर से जयपुर हाई-वे पर छोटी खाटु के पास लिकासण गाँव में है। माताजी का यह शक्तिस्थल स्वयंभु तथा जागृत देवस्थान है। पुराने मंदिर का निर्माण एक हजार साल पुराना बताया जाता है। माताजी की मूर्ति माँ दूर्गा स्वरुप है। मुस्लिम बादशाहों के अतिक्रमण से आज तक पाँच बार मूर्तियाँ स्थापित की गईं। वर्तमान मूर्ति की स्थापना सन् 1438 में वहाँ के नाथजी ने की थी, ऐसी मान्यता है।

## चमत्कारिक स्थल

विविध बाधा, व्याधि, संतति, विवाह, शत्रुनाश, आर्थिक सुबलता, कुटम्ब सुख, शांति तथा आरोग्य के लिये श्रद्धालु यहाँ पूजन व आराधना करते हैं। विशेष रूप से विवाह व पुत्र कामना के लिये आने वाले व कामना पूर्ति पर माताजी की मानमिन्नत पूरी करने वाले श्रद्धालुओं की यहाँ अक्सर भीड़ लगी रहती है।

## नवरात्रि उत्सव

माताजी को धूप-दीप कर दूध लापसी व चुरमा का भोग लगाया जाता है। मांगलिक अवसर पर छत्र व वस्त्रालंकार भी भेंट किये जाते हैं। यहाँ दोनों नवरात्रि में नवमी को विशेष उत्सव आयोजित किये जाते हैं।

## यह हैं वर्ज्य

दांत की बनी चुड़ियाँ, बजने वाला घुंघरु, पैरों में पहना जाने वाले डुंगरो गहना, सांकल या चेन वाले गहने, घर का पालना आदि।

## क्षेत्रपाल हैं कालभैरव

माताजी के क्षेत्रपाल मंडोर के कालभैरव हैं। यहाँ माघ सुदी चतुर्दशी व वैशाख सुदी चतुर्दशी को वर्ष में दो बार विशेष पूजन होती है व बाटी चुरमा का भोग लगता है।

## मंदिर का जीर्णोद्धार

मंदिर अति प्राचीन हाने से जीर्णशीर्ण हो अपना अस्तित्व खो रहा था। इसके जीर्णोद्धार के लिये कुलस्वामिनी श्री लिकासण माता ट्रस्ट, नासिक का गठन किया गया। ट्रस्ट द्वारा मंदिर का जीर्णोद्धार किया जा रहा है।

## कैसे पहुंचे

श्री लिकासण माताजी का मंदिर राजस्थान में नागौर शहर से जयपुर हाईवे पर छोटी खाटु के पास लिकासण में स्थित है। जोधपुर एवं नागौर दोनों ही देश के सभी बड़े शहरों से रेल मार्ग से जुड़े हुए है। विमान यात्रा के लिए जोधपुर सबसे नजदीक हवाई अड्डा है।

संस्कार से सफलता तक



# Together, we will make a difference

Sitting (L-R) : Govind Maheshwari (Director)
Rajesh Maheshwari (Director)
Standing (L-R) : Naveen Maheshwari (Director)
Brajesh Maheshwari (Director)

## What Makes ALLEN INDIA's Most Trusted Career Coaching Institute...

- ☑ With an ongoing passion for 34 years, ALLEN has become The Most Trusted Career Coaching.
- ☑ Trust of 25 Lac+ Students & their Parents since 1988.
- ☑ An Unmatched Education System infused with Indian Values & today has become A National Level Competition Provider with the maximum number of Talented Students joining ALLEN.
- ☑ The only institute giving High Quality & Quantity Results in Pre-Medical, Pre-Engineering and Career Foundation year after year.
- ☑ 17 Times All India Rank-1 in the last 12 years is from ALLEN Classroom.
- ☑ 3 Times All India Rank-1 in both IIT- JEE & NEET/AIPMT is secured by ALLEN Classroom Students in the year 2014, 2016 & 2019.
- ☑ Top 10 All India Ranks by ALLEN in AIIMS 2017, recognized by the Limca Book of Records as a National Record.
- ☑ In 2014, ALLEN was recognized as the "Largest Educational (coaching) Institute" by enrolling 66,504 students in the classroom course at a single location (Kota).



ALLEN® CAREER INSTITUTE KOTA (RAJASTHAN) path to success

**Centers** : Kota, Ahmedabad, Bengaluru, Bhilwara, Bhopal, Bhubaneswar, Bilaspur, Chandigarh, Chennai, Churu-Taranagar, Coimbatore, Dehradun, Durgapur, Guwahati, Gwalior, Hisar, Indore, Jaipur, Jammu, Jodhpur, Kochi, Mangaluru, Mohali, Mumbai, Mysuru, Nagpur, Nanded, Nashik, Panchkula, Puducherry, Pune, Raipur, Rajkot, Ranchi, Rawatbhata, Sikar, Siliguri, Srinagar, Surat, Tirupati, Ujjain, Vadodara

**Corporate Office:** "SANKALP", CP-6, Indra Vihar, Kota (Raj.) INDIA

WANT TO KNOW MORE, COME TO ALLEN AND EXPERIENCE THE LEADERSHIP

JEE (Main+Adv.) | JEE (Main) | NEET (UG) | NTSE | OLYMPIADS | PNCF | Class 6th to 12th & 12th Pass
GLOBAL STUDIES | EARLY CHILDHOOD DEVELOPMENT (Class HKG to 8th)

सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं

allen.ac.in | dlp.allen.ac.in
info@allen.ac.in
+91-744-2757575, 3556677


ORANGE
PRINTERS THAT SUITS ALL NEEDS
• DIRECT TEXTILE PRINTER
• SUBLIMATION PRINTER
• CALENDER MACHINE
• INKS
COLORIX
FAB PRO II
#SwitchToDigitalTextilePrinting
+91 74900 43336
sales@orangeotec.com
orangeotec.com

कोरोना काल दो वर्ष की दीर्घावधि के बाद इस बार फिर से समाज का उत्पत्ति पर्व ''महेश नवमी'' पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। इसमें विभिन्न सांस्कृतिक व कलात्मक आयोजनों के माध्यम से प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया गया तो वहीं सामूहिक रूप से भगवान महेश के अभिषेक आदि आयोजनों ने समाज की एकता की एक अलग ही झलग दिखाई।



# महेशमय हुआ हर मन



▸▸ **सूरत।** जिला माहेश्वरी सभा के अन्तर्गत आने वाले शंकर संभाग की तीनों सभा अड़ाजन घोड़दौड़ रोड़ माहेश्वरी सभा, भटार माहेश्वरी सभा एवं सिटी लाइट पिपलोद माहेश्वरी सभा की ओर से महेश नवमी महापर्व के उपलक्ष्य में गंगैश्वर महादेव मंदिर पर सामूहिक महाअभिषेक एवं महाआरती का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सूरत जिला माहेश्वरी सभा अध्यक्ष अविनाश चांडक, सचिव संदीप धूत, संगठन मंत्री पवन बजाज, उपाध्यक्ष योगेश भागंडिया, दुर्गा प्रसाद भट्टर, प्रशासनिक सलाहकार गिरधारी साबू, महेश नवमी संयोजक अनिल मूंदड़ा, अड़ाजन सभा अध्यक्ष रामसहाय सोनी, सचिव सुनील माहेश्वरी, संरक्षक ओम प्रकाश देवपुरा, उपाध्यक्ष नरेन्द्र राठी, भटार सभा अध्यक्ष महेश खटोड़, सिटी लाइट पिपलोद सभा अध्यक्ष विजय भट्टर, सचिव पूनम मालपानी, वेसू सभा अध्यक्ष चन्द्रशेखर राठी, न्यू सिटी लाइट अध्यक्ष अतिन बाहेती, सचिव नवीन भूतड़ा, सतीश कोठारी सहित कई क्षेत्रिय सभाओं के अध्यक्ष एवं सचिव ने भाग लिया। कार्यक्रम संयोजक सुनील जागेटिया एवं कृष्ण कुमार तापड़िया थे।



▸▸ **जयपुर।** जिला माहेश्वरी सभा समिति द्वारा जिला महिला संगठन एवं युवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर झोटवाड़ा रोड़ जयपुर में रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य प्रणेता महासभा के संयुक्त मंत्री कैलाश सोनी, प्रदेश अध्यक्ष मधुसूदन बिहाणी एवं मुख्य संयोजक रामकिशन सोनी थे। उक्त जानकारी नवल किशोर झंवर- अध्यक्ष व सुरेन्द्र बजाज- मंत्री जयपुर जिला माहेश्वरी सभा समिति ने दी।



▸▸ **कलकत्ता।** मध्य कलकत्ता माहेश्वरी सभा, महिला एवं युवा संगठन द्वारा सुबह 7:00 बजे तलाब बाड़ी महादेव मंदिर एम. जी रोड पर महा रुद्राभिषेक का कार्यक्रम आयोजित किया गया। तत्पश्चात समाजजनों द्वारा आयोजित प्रभात फेरी में भाग लिया गया। संघ नेत्रालय अंतर्गत नागरिक स्वास्थ्य संघ में संगठन द्वारा निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान अतिथि सुरेंद्र मूंदड़ा माहेश्वरी सभा के उपसभापति थे। संघ नेत्रालय के चेयरमैन एवं सभा के उपसभापति अशोक द्वारकानी, राजकुमार बाहेती (बच्चू भाई) एवं समाज बंधुओं की भी इस मौके पर उपस्थित रही।



▸▸ **चंद्रपुर।** शहर में महेश नवमी उत्सव 9 दिन पूर्व ही आरम्भ हो गया था। इन 9 दिनों में माहेश्वरी युवक मंडल, माहेश्वरी महिला मंडल और माहेश्वरी सेवा समिति द्वारा सामाजिक, धार्मिक, हेरिटेज, खेल, स्वास्थ, व्यक्तित्व, प्रदूषण, सफाई आदि क्षेत्रो से जुड़े विभिन्न प्रकल्पो का आयोजन किया गया। 8 जून को सुबह लक्ष्मीनारायण मंदिर में भगवान महेश का महाभिषेक किया गया, जिसमें समाज से कई गणमान्यजन सम्मिलित हुए। साथ ही ब्लड शुगर चेक-अप का भी आयोजन किया गया। शाम को भव्य शोभायात्रा निकाली गयी।

# सेवा गतिविधियों के साथ मना महेश नवमी उत्सव

## माहेश्वरी युवा संगठन नडियाद का आयोजन-दानदाता बने प्रकल्पों के सहयोगी



**नडियाद।** स्थानीय माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा 7 से 9 जून तक त्रिदिवसीय महेश नवमी महोत्सव-2022 का आयोजन किया गया। इसमें धार्मिक आयोजन के साथ ही सांस्कृतिक व खेलकूद प्रतियोगिताओं तथा रक्तदान शिविर का आयोजन भी हुआ। इसकी विशेषता यह रही कि इस विभिन्न प्रकल्प में दानदाता मुक्तहस्त से सहयोग हेतु आगे आये।



इस त्रिदिवसीय महेश नवमी महोत्सव का शुभारम्भ 7 जून को हुआ। इसी दिन दोपहर 2 बजे से महेश वाटिका में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। इसके साथ ही तीन दिनों तक विभिन्न खेल, शिव अभिषेक, शोभायात्रा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का आयोजन हुआ। इसमें संगठन अध्यक्ष भरत हेड़ा व मंत्री दीपक ईनाणी के नेतृत्व में उपाध्यक्ष महेश आगाल व राजेश ईनाणी, कोषाध्यक्ष अनिल तोषनीवाल, खेलमंत्री दीपक मंडोवरा, सांस्कृतिक मंत्री प्रदीप असावा, प्रवास मंत्री सुनील ईनाणी, शिक्षा मंत्री जय मेलाणा सहित सलाहकार तथा समस्त सदस्यों का सहयोग रहा। इन आयोजन की विशेषता यह रही कि दानदाता स्वैच्छिक रूप से विभिन्न आयोजनों में सहयोग हेतु आगे आये और उन्होंने अपना सहयोग दिया। इसके अंतर्गत रक्तदान शिविर में कालूराम हेड़ा, समाज के स्मृति चिन्ह के वितरण में राधेश्याम ईनानी, भजन संध्या में रामेश्वरलाल-रतनलाल सोमानी तथा अल्पाहार में नंदलाल धुप्पड़ सहयोगी रहे।

### प्रतियोगिता में ये रहे विजेता

नींबु चम्मच रेस 6 से 10 वर्ष में द्वितीय पीहू-सत्यनारायण लड्ढा व प्रथम निषका मनीष लड्ढा, 11 से 18 वर्ष में द्वितीय रिधिमा-कुलदीप हेड़ा, प्रथम स्मित-प्रदीप असावा, फ्रॉग रेस में द्वितीय धुमिल राकेश हेड़ा व प्रथम मिलाव अखिलेश झंवर, सुलेखन में द्वितीय अल्पेश ईनानी व प्रथम उदय नवाल, म्युजिकल चेयररेस में द्वितीय अंश विनोद न्याती व प्रथम देवांश अनिल तोषनीवाल, स्लो साईकिल रेस में द्वितीय अक्षित उमेश बांगड़ व प्रथम माधव हरिश सोमानी रहे। केरम प्रतियोगिता में 6 से 12 वर्ष में मीताक्ष-ईनाणी व रचित बहेड़िया, 13 से 18 वर्ष में माधव सोमानी व हीरल तोषनीवाल, 18 वर्ष से ऊपर में विनय मंडोवरा व गोपाल लाल बहेड़िया क्रमशः द्वितीय तथा प्रथम रहे। चेस प्रतियोगिता में 18 वर्ष से कम आयु में खुश ईनानी व प्रतीक मालीवाल, 18 वर्ष से अधिक में शिवम ईनानी व महेश मालीवाल द्वितीय व प्रथम रहे। वक्तृत्व में तरूण नावंधर व प्रशांत मंडोवरा, एकल नृत्य ग्रुप-ए 6 से 10 वर्ष में सत्यजीत बांगड़ व संध्या तोषनीवाल, ग्रुप-बी 11 से 18 वर्ष में ध्रुवी व काव्य, ग्रुप-सी 19 वर्ष से अधिक में सोनल तोषनीवाल तथा विद्या सोमाणी द्वितीय व प्रथम रहीं। तीन टांग रेस 6 से 15 वर्ष में आरव आगाल व सौम्या ईनाणी, धुविल नवाल व वंदा गगराणी, 15वर्ष से अधिक में विमल हेड़ा व अखिलेश झंवर, दीक्षांत काबरा व सिद्धार्थ काबरा द्वितीय व प्रथम रहे। रस्साकशी महिला में मेवाड़ महिला ग्रुप व सखी महिला ग्रुप, पुरूष में धुरंधर ग्रुप व श्रीजी ग्रुप द्वितीय व प्रथम रहे। लड्डू गोपाल सजावट में अलका लड्ढा व सीमा जागेटिया, मेंहदी प्रतियोगिता में ट्विंकल जागेटिया व शिवानी लड्ढा द्वितीय व प्रथम रहे। समूह नृत्य ग्रुप ए 6 से 10 वर्ष में ग्लोविंग गर्ल्स व स्टॉल किड्स, ग्रुप-बी 11 से 18 वर्ष में डिवाईन डांसर तथा रूथेमिक साउंड, ग्रुप-सी 19 वर्ष से अधिक में सेवन स्टार ग्रुप व सिल्वर सर्कल क्रमशः द्वितीय व प्रथम रहे। म्युजिकल चेयर रेस महिला में अंकिता ईनाणी व शिवानी लढ्डा द्वितीय व प्रथम तथा रंगोली प्रतियोगिता में आयुषी बहेड़िया व आराध्या असावा प्रथम व द्वितीय रहे।









▶▶ **कलकत्ता।** माहेश्वरी सभा द्वारा महेश नवमी महोत्सव को माहेश्वरी भवन में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सुबह 9:00 बजे कार्यक्रम संयोजक सुरेश कुमार बागड़ी द्वारा भगवान महेश का रुद्राभिषेक कराया गया। शाम को अभिनंदन समारोह में मनमोहक कार्यक्रम एवं सहभोज का आयोजन किया गया। किशन गोपाल मालू का सभा को दी गई उल्लेखनीय सेवाओं के लिए अभिनंदन किया गया। समारोह अध्यक्ष रतनकुमार सोमानी, प्रधान अतिथि कृष्ण कुमार कोठारी एवं विशिष्ट अतिथि दिलीप काबरा रहे।



▶▶ **रुनीजा।** माहेश्वरी समाज द्वारा भगवान महेश की जयंती बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाई गई। रुनीजा माहेश्वरी समाज द्वारा भगवान महेश का अभिषेक एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया। रुनीजा और भाट पचलाना माहेश्वरी समाज द्वारा संयुक्त रुप से समाज के मंदिर से भगवान महेश की शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। इसका माहेश्वरी समाज परिवार द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया। यात्रा के मंदिर पहुंचने पर भगवान महेश की महा आरती कर महा प्रसादी वितरित की। गई। इस अवसर पर समाज के पश्चिमांचल प्रतिनिधि नीलेश राठी, समाज के वरिष्ठ सदस्य सुरेश राठी, रमेश लखोटिया, रुनीजा माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष गोपाल परवाल, ओमप्रकाश लखोटिया, मनोहर परवाल, प्रह्लाद परवाल सहित कई समाजजन उपस्थित थे।



▶▶ **खरगोन।** मेलडेरेश्वर महादेव मंदिर पर अभिषेक एवं आरती के पश्चात समाज जनों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गयी। तत्पश्चात पौधारोपण किया गया है एवं फिर गेम इत्यादि की प्रतियोगिता आयोजित की गयी। सामूहिक भोज का आयोजन भी किया गया। महिला मंडल की अध्यक्षा अलका सोमानी एवं सचिव अमिता खटोड ने सभी समाजजनों का आभार माना।



▶▶ **संगरिया।** स्थानीय माहेश्वरी समाज द्वारा ऐतिहासिक श्रीराम पंचायती मंदिर में रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मिट्टी के पांच पार्थिव शिवलिंग बनाकर उनको सामूहिक रुप से दूध, दही, शहद, घी, पंचामृत आदि से स्नान करवाकर जनेऊ, ऑक, धतूरा, बेल पत्र, गुलाल, भस्म आदि से श्रृंगार किया गया। रुद्राभिषेक में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सीताराम सोमानी, रमेश साबू, माहेश्वरी सभा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृष्ण करवा, पूर्व अध्यक्ष देवकिशन लखोटिया, रमेश राठी, युवा संगठन अध्यक्ष महेश लखोटिया, प्रदीप सोमानी, महावीर प्रसाद करवा, नरेंद्र बिहाणी आदि कई श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में समाज के तीनों संगठन सभा, महिला मंडल व युवा संगठन के कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।



▶▶ **शाजापुर।** स्थानीय खजांची मंदिर में माहेश्वरी समाज उत्पत्ति दिवस महेश नवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। भगवान महेश की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया। इसके पश्चात गणेश गार्डन में भोजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, बच्चों के गेम आदि रखे गए। शाजापुर आगर जिला उपाध्यक्ष कमल नारायण माहेश्वरी, राजेश माहेश्वरी, बालकिशन माहेश्वरी, विवेक अमृत लाल गुप्ता आदि कई समाजजन शामिल हुए। उक्त जानकारी मीना माहेश्वरी ने दी।



▶▶ **उदयपुर।** स्थानीय महेश माहेश्वरी सोसायटी द्वारा हिरण मगरी सेक्टर 14 के मनोकामनेश्वर शिव मंदिर पर भगवान शिव का सामूहिक अभिषेक किया गया। समाज के प्रचार-प्रसार मंत्री अनिल सोमानी ने बताया कि इस अवसर पर शंकर लाल भदादा, ओम प्रकाश असावा, सोहन बांगड़, सचिव बृज गोपाल चांडक, कार्यवाहक अध्यक्ष रामस्वरूप तोषनीवाल, दिनेश मूथा, डॉ. वल्लभ मंडोवरा, मुकेश मुदंड़ा, नारायण फोकलिया आदि कई गणमान्य समाजजन उपस्थित थे।



▶▶ **कोटा।** श्री माहेश्वरी समाज कोटा के तत्वावधान में 4 दिवसीय महेश नवमी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। 5 जून से 8 जून तक महाआयोजन में माहेश्वरी समाज ने एकता को प्रदर्शित करते हुए सेवा, त्याग और सदाचार के संकल्प को मजबूत और सशक्त किया। श्री माहेश्वरी समाज कोटा के अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला ने बताया कि महोत्सव के मुख्य समन्वय महेशचंद अजमेरा थे। महोत्सव मे जनहित, जनप्रेरणा, जनसेवा के कार्यों सहित सभी वर्गों के लिए खेलकूद, रक्तदान, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, सांस्कृतिक कार्यक्रम, शिवाभिषेक, भव्य शोभायात्रा, सम्मान समारोह एवं महाप्रसादी आदि का आयोजन हुआ।



▶▶ **मालेगांव ( नाशिक )।** श्री माहेश्वरी प्रगति मंडल द्वारा 5155 महेश नवमी उत्सव मनाया गया। सुबह बालाजी मंदिर में नव विवाहित युगल द्वारा भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया गया। तत्पश्चात बालाजी मंदिर से भगवान महेश की पालकी के साथ भव्य शोभायात्रा निकली। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम में विशेष उपलब्धि प्राप्त, विशेष शैक्षणिक योग्यता प्राप्त व सामाजिक कार्यों में विशेष सहयोग देने वालों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रमुख अतिथि नाशिक जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष ओमप्रकाश सारडा व सचिव दिनेश मुंधड़ा थे।



▶▶ **महिदपुर।** स्थानीय माहेश्वरी समाज ने भगवान महेश की पूजा अर्चना कर नगर में असाड़ी गली से बैंड बाजे एवं ढोल के साथ भगवान महेश की शोभायात्रा निकाली। इसमें भगवान महेश की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रही। नगर के प्रमुख मार्गों से होकर शोभायात्रा राजेंद्र मार्ग स्थित रामद्वारा पहुंची जहां पर पूजा अर्चना कर प्रसादी वितरण किया गया। गंगावाड़ी स्थित गंगेश्वर महादेव की भी समाजजनों द्वारा पूजन अर्चना कर आरती के बाद प्रसादी का वितरण किया गया। रात्रि में समाज के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।



▶▶ **जयपुर।** जिला महिला व युवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान व प्रदेश सभा के सान्निध्य में महेश नवमी महापर्व पर सामूहिक रुद्राभिषेक हुआ। इसमें गत 8 जून को 51 नन्देश्वर शिवलिंग और एक पार्थिव शिव परिवार स्थापित कर जयपुर के श्री चमत्कारेश्वर मन्दिर के विशाल प्रांगण में 51 यजमान जोड़ों द्वारा 81 पुरोहितों के सानिध्य में लगभग सात घण्टों तक सतत रुद्राभिषेक किया गया। समस्त यजमान और पुरोहित गणों ने उपवास रखकर भगवान महेश की आराधना की। शाम को भोजन प्रसादी के बाद कार्यक्रम को विराम दिया गया। यह समारोह लगभग 15 घण्टे तक सतत रूप से चला।




▶▶ **मांडलगढ़।** नगर माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में तीन दिवसीय महेश नवमी पर्व मनाया गया। इसमें 7 जून को रक्तदान शिविर में 60 यूनिट रक्त एकत्र हुआ, 8 जून को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। 9 जून को प्रातः बजाज शो रूम से शोभायात्रा प्रारंभ हुई जो नगर के मुख्य मार्गो से होकर आंबा की बावड़ी तक पहुँची। वहाँ दिनभर खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। सायंकाल समाज की प्रतिभाओं, रक्तदाताओं, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं व खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। समाज के तहसील अध्यक्ष रमेश बसेर, पूर्व तहसील अध्यक्ष गोरधन लाल झंवर, तहसील मंत्री मानसिंह मूंदड़ा, जिला सचिव मुरली मनोहर गट्टानी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनय झंवर,युवा संगठन तहसील अध्यक्ष जितेंद्र मूंदड़ा, नगर अध्यक्ष नीतीश गट्टानी, नगर सभा के ओम प्रकाश लड्ढा, मंत्री अशोक सोमानी, महिला सभा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य इंद्रा झंवर आदि कई समाजजन उपस्थिति थे।

*याद रहे परमात्मा भाग्य नहीं लिखता, जीवन के हर कदम पर हमारी सोच, हमारे बोल व हमारे कर्म ही हमारा भाग्य लिखते हैं।*




▶▶ **वरंगल।** महेश नवमी के शुभ अवसर पर माहेश्वरी समाज वरंगल ने अपना रजत जयंती वर्ष भी मनाया। संस्था के मंत्री नवलकिशोर मणियार ने बताया कि इस कार्यक्रम के संयोजक जितेंद्र मुंदडा थे। अध्यक्ष रमेशचन्द्र बंग द्वारा माँ भद्रकाली मन्दिर में पूजा अर्चना के पश्चात शोभा यात्रा आरम्भ हुई। अध्यक्ष रमेशचन्द्र बंग ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विगत 3 वर्षों में संस्था द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ विष्णु कुमार बल्दवा ने किया।




▶▶ **बंगलौर।** माहेश्वरी सौहार्द क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड द्वारा महेश नवमी के उपलक्ष्य पर सोसाइटी प्रांगण में भगवान महेश की आराधना एवं पूजा की गई। एमएससीसीएल के अध्यक्ष सुरेश कुमार लखोटिया, उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण डागा आदि उपस्थित थे। विशेष अतिथि मुंबई से आये चंद्रप्रकाश सोडाणी, निदेशक निर्मला कांकाणी व सुलोचना जाजू ने भगवान महेश की आरती के उपरांत अन्नदान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 300 व्यक्तियों के बीच भोजन का वितरण किया गया। अध्यक्ष सुरेश लखोटिया ने सभी शेयरधारकों को महेश नवमी के उपलक्ष में अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।



▶▶ **मथुरा।** महेश नवमी महोत्सव का आयोजन माहेश्वरी सेवा सदन में किया गया। शुभारम्भ भगवान शिव के रुद्राभिषेक से पूरे विधि-विधान के साथ हुआ। इसके उपरांत सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। सायंकाल के आयोजन में मुख्य अतिथि विधायक श्रीकांत शर्मा व विशिष्ट अतिथि विनीत केला (अलीगढ़) थे। समाज के सभी नए पदाधिकारियों अध्यक्ष राजेन्द्र माहेश्वरी, उपाध्यक्ष-अरुण माहेश्वरी व विजय माहेश्वरी, महासचिव- अभिषेक राठी, सहसचिव-अखिलेश माहेश्वरी व अनुराग माहेश्वरी तथा कोषाध्यक्ष-गौरव माहेश्वरी को पद की शपथ समारोहपूर्वक अजय माहेश्वरी द्वारा दिलाई गई।



▶▶ **वाराणसी।** माहेश्वरी समाज का वंशोत्पत्ति दिवस, महेश नवमी पर्व महमूरगंज स्थित माहेश्वरी भवन में मनाया गया। पूर्वी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष श्रीराम चितलांगिया ने सपत्नीक रुद्राभिषेक कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जितेन्द्रानंद महाराज थे। स्वामी जी ने समाज के 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके समाज जनों को अमृत कलश सम्मान एवं जिन दम्पतियों ने अपने परिणय के 50 वर्ष पूर्ण कर लिए हो, उनको भाग्यवान दंपत्ति सम्मान देकर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ समाज के रक्तदाता एवं नेत्र दाताओं का भी सम्मान किया गया। संचालन रितेश खटोड़ एवं मोनिका कोठारी ने किया। इस अवसर पर माहेश्वरी परिषद के अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोमानी, मंत्री गोविंद भरानी, वीरेंद्र कुमार भुराड़िया, जेठमल चांडक आदि कई समाजजनों की उपस्थिति रही। आभार प्रकाश नंदकिशोर झंवर ने माना। प्रातः एक भव्य शोभायात्रा स्थानीय दशाश्वमेध घाट से बाबा विश्वनाथ मंदिर तक निकाली गई।




▶▶ **अमरावती।** श्री माहेश्वरी पंचायत द्वारा आयोजित महेश नवमी महोत्सव के अंतर्गत माहेश्वरी भवन में श्री बीकानेरी महिला मण्डल ने नाटिका मंचित की। इस वर्ष महेश नवमी पर माहेश्वरी महिला मंडल ने शहर के विभिन्न महिला मंडलों को लाटरी सिस्टम से विषय देकर नाटिका प्रस्तुत करने का सुनहरा अवसर दिया। सभी ने ज्वलंत विषयों पर प्रस्तुति दी। विवाह के बढ़ते अनावश्यक खर्चे, इस विषय पर राजस्थानी भाषा में श्री बीकानेरी महिला मंडल ने लघुनाटिका मंचित की। इस नाटिका की विशेषता यह रही कि बिना किसी मोबाइल रिकार्डिंग के 'डायरेक्ट डॉयलौग' द्वारा सीधा संवाद किया गया। निर्देशन व संयोजन लता मूंदड़ा तथा प्रेरणा सादानी ने किया। पटकथा श्याम दम्माणी ने लिखी। अंत में ''दिखावे पे मत जाओ-आपरी अकल लगाओ'' इस स्लोगन के साथ करोड़पतियों के दिखावा रूपी चोचलों पर कुठाराघात करते हुए समाजहित में संबोधित किया। महिला मंडल की अध्यक्षा प्रेमलता दम्माणी व कार्यकारिणी ने आभार व्यक्त किया।




▶▶ **राँची।** महेश नवमी पर आयोजित आठ दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ 5 मई को स्थानीय माहेश्वरी भवन में रक्तदान के साथ हुआ। समारोह का उद्घाटन श्री माहेश्वरी सभा रांची के अध्यक्ष शिव शंकर साबू, सचिव नरेंद्र लखोटिया, महिला समिति की अध्यक्षा विजयश्री साबू ने संयुक्त रूप से किया। 10 रक्त दाताओं को पुरस्कृत भी किया गया। विभिन्न खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन विभिन्न आयु समूहों में किया गया। 8 जून को महेश नवमी के अवसर पर दो वर्षों के बाद प्रातः 6 बजे प्रभातफेरी शोभायात्रा माहेश्वरी भवन से निकाली गई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होकर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में आरती के पश्चात समाप्त हुई। शोभायात्रा का स्वागत मार्ग में पड़ने वाले समाजजनों एवं कुछ अन्य सामाजिक संगठनों ने किया। मुख्य संयोजक अजय शंकर साबू, उमाशंकर पेड़ीवाल, लक्ष्मी चितलांगिया, विमला फलोड, हर्षित चितलांगिया एवं धीरज बोड़ा सहित समस्त समाजजनों का योगदान रहा।




▶▶ **सूरत।** जिला महेश्वरी सभा, 12 क्षेत्रीय सभाओ (कैलाश, महादेव, नीलकंठ, शंकर संभाग) व महिला मण्डल, युवा संगठन के साथ-साथ स्थानीय सहयोगी संस्थाओं ने मिलकर महेश नवमी महोत्सव के सभी कार्यक्रम बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाए। इसके अंतर्गत 26 मई से 12 जून तक करीबन 18 दिनों तक अनेक कार्यक्रम सूरत में विभिन्न स्थानों पर आयोजित किये गए। 26 मई को बॉडी चेकअप कैम्प,मैराथन दौड़ व बैडमिंटन प्रतियोगिता आदि का आयोजन हुआ। 05 जून को कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम आयोजित हुआ। 8 जून को भगवान महेश का रुद्राभिषेक और महा-आरती गंगेश्वर मंदिर अड़ाजन में हुई। महेश नवमी पर 9 जून को सूरत में अलग अलग विस्तारो से 6 भव्य शोभायात्राएँ निकली। बाकी 5 शोभायात्राएं पर्वत पाटिया के विभिन्न स्थानों से निकली। महेश नवमी 9 तारीख के समस्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महासभा महामंत्री संदीप काबरा व मध्यांचल संयुक्त मंत्री विजय राठी, गुजरात प्रांतीय सभा अध्यक्ष गजानंद राठी, प्रांतीय महिला मंडल अध्यक्षा उमा जाजू, युवा संगठन प्रांतीय कोषाध्यक्ष रामप्रकाश झंवर आदि उपस्थित रहे।



▶▶ **सूरत।** गत 09 जून को सूरत मेवाड़ माहेश्वरी समाज ने महेश नवमी महापर्व को मोड़वणिक वाड़ी, लाल दरवाजा, सूरत में मनाया। सूरत में निवास कर रहे करीब 600 समाजजनों की उपस्थिति में महेश वंदना कर समारोह का शुभारंभ किया गया। इसके बाद नारायण मठ से भगवान महेश की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें समाज के सभी पुरुषों, महिलाओं एवं बच्चों ने बहुत उत्साह से नाचते गाते हुए भाग लिया। सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। मेवाड़ माहेश्वरी युवा संगठन एवं मेवाड़ माहेश्वरी नवयुवक मंडल द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसमें करीब 51 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदाताओं एवं समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। मेवाड़ माहेश्वरी समाज का सर्वोच्च गौरव सम्मान ''मेवाड़ महेश रत्न'' समाज के तीन बंधुओं को मरणोपरांत उनके परिवार जनों को प्रदान किया गया जिसमें स्व. श्री भैरुलाल झंवर, स्व. श्री जगदीश नाराणीवाल एवं स्व. श्री लक्ष्मी लाल लड्ढा शामिल थे। समारोह में मेवाड़ माहेश्वरी समाज अध्यक्ष सुरेश झंवर, सचिव मुकेश कोठारी, संगठन सचिव रामसहाय सोनी सहित समस्त समाजजनों ने भाग लिया।



▶▶ **बैंगलुरु।** माहेश्वरी भवन में माहेश्वरी सभा के सहसचिव सत्यनारायण मालानी ने अपनी धर्मपत्नी के साथ रुद्राभिषेक में बैठकर अनुष्ठान संपन्न किया। समाज के सदस्यों, महिलाओं, युवाओं, विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों ने भगवान महेश का अभिषेक किया। रुद्राभिषेक के पश्चात भवन परिसर में राहगिरों को अन्नदान किया गया। आजादी के 75 वर्ष के निमित बैंगलुरु मैसूर जिला माहेश्वरी सभा, माहेश्वरी सभा बेंगलुरु व माहेश्वरी सभा मैसूर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मानवीय सेवा कार्य प्रोजेक्ट अमृत महोत्सव के अंतर्गत तीन संस्थाओं हिन्दू सेवा प्रतिष्ठान को क्रमशः 4 सिलाई मशीन, 43 इंच कलर टेलीविजन, 5 किलो क्षमता वाले 20 गैस सिलेण्डर बर्नर वितरण के साथ समाज की प्रतिभाओं का भी सम्मान किया गया।



▶▶ **नरैना।** कस्बे के माहेश्वरी भवन में शाम 7 बजे महेश नवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। धीरज मोदानी ने बताया कि भगवान महेश के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। महिलाओं ने भजनों का कार्यक्रम रखा व विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।



▶▶ **रतनगढ़।** माहेश्वरी सभा ट्रस्ट के तत्वावधान में भगवान शंकर की पूजा अर्चना के बाद हुए कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गयी तथा विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित हुई । महिला मंडल ने भगवान शंकर के भजनों की प्रस्तुति दी। विजेताओं को पारितोषिक प्रदान किए गए। इस अवसर पर नरेन्द्र झंवर, रजनीकांत सोनी, नरेश पेड़ीवाल, प्रदीप लढ़ा, रामकिशन चांडक, महेश जाजू, बालकिशन चांडक आदि कई समाजजन उपस्थित थे। रतनगढ़ माहेश्वरी समाज ने उत्पत्ति दिवस महेश नवमी पर विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम से महोत्सव की शुरुआत की। इसमें कई प्रशासनिक अधिकारी, पत्रकार व विभिन्न संगठनों के प्रमुख पत्रकार आदि को पक्षी घर एवं स्नेक प्लांट देकर शुरुआत की गई।



▶▶ **जोधपुर।** माहेश्वरी समाज जोधपुर एवं माहेश्वरी युवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में महेश नवमी महोत्सव के अंतर्गत भव्य भजन संध्या का आयोजन महेश स्कूल के प्रांगण में किया गया। अध्यक्ष जयंत लोहिया व सचिव योगेश सोनी ने बताया कि इस शुभ अवसर पर एलन कोटा के विख्यात भजन रस प्रवाहक गोविंद माहेश्वरी द्वारा श्री संतों के सानिध्य में नवम् विवाह योग्य युवक-युवती परिचय स्मारिका का भी विमोचन किया गया। भजन संध्या प्रमुख संदीप हेड़ा ने बताया कि गोविंद माहेश्वरी द्वारा बहुत ही मधुर भजन गाये गए। सह-प्रमुख सुनीता हेड़ा ने बताया कि भजन संध्या को सफल बनाने में संस्थान के दीपक मुंदड़ा, मूलचंद मूंदड़ा, मधु मूंदडा, ओमप्रकाश भूतड़ा एवं संस्थान के सभी सदस्यों ने अपना भरपूर सहयोग दिया।



▶▶ **मुजफ्फरपुर।** श्री माहेश्वरी सभा, महिला एवं युवा संगठन, मुजफ्फरपुर द्वारा महेश-नवमी महोत्सव अंतर्गत साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 6 जून को गौ सेवा, 7 जून को सुंदरकांड पाठ व 8 जून को महेश नवमी के दिन सभी माहेश्वरी परिवारों के सदस्यों ने मिलकर भगवान महेश की पूजा अर्चना की और रुद्राभिषेक भी किया। 9 जून को गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर स्थानीय दुर्गा माता मंदिर के पास राहगीरों को करीब 1500 गिलास ठंडा शरबत पिलाया गया। 10 जून को कुष्ठ मरीजों के बीच चाय, बिस्कुट और नाश्ते का वितरण और शाम को बच्चों के बीच कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 11 जून को माहेश्वरी परिवारों के बीच क्रिकेट मैच व 12 जून को सभी परिवारों के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के साथ मीटिंग भी रखी गई और रात्रि भोजन का आयोजन किया गया। जानकारी मंत्री किसन डागा ने दी।



▶▶ **खामगांव।** महेश नवमी पर्व के उपलक्ष्य में 5 जून से 8 जून तक कई कार्यक्रम समाज की विभिन्न इकाईयों की ओर से आयोजित किए गए थे। चार दिवसीय इस उत्सव का आगाज विश्व पर्यावरण दिवस अर्थात 5 जून को हुआ। इस दिन सुबह 8 बजे महेश परिवार की ओर से स्थानीय एमआयडीसी परिसर में गणेश इंडस्ट्रीज एवं दीपाली इंडस्ट्रीज में पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रमुख अतिथि के रूप में समाज के पूर्व अध्यक्ष रामचंद्र राठी उपस्थित थे। 6 जून को स्थानीय युवक मंडल एवं बहू-बेटी मंडल के संयुक्त तत्वावधान में 'कौन बनेगा सुपरस्टार' रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। 7 जून को वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ की ओर से ज्ञानवर्धक प्रश्नावली तथा अन्य स्पर्धाओं का आयोजन भी किया गया। महेश नवमी की पूर्व संध्या पर 85 वर्ष से अधिक आयु के 3 से अधिक संतान वाले दंपत्तियों का सम्मान वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। 7 जून को ही शाम 7:30 बजे भगवान श्री महेश का अभिषेक स्थानीय श्री माहेश्वरी भवन में समाज के अध्यक्ष दिनेश गांधी द्वारा सपत्नीक किया गया। पश्चात अगले दिन श्री माहेश्वरी युवक मंडल द्वारा स्थानीय कृषि उपज मण्डी के प्रांगण से सुबह 10 बजे भव्य मोटर सायकल रैली का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से 1 बजे तक महेश परिवार की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।



▶▶ **इन्दौर।** जिला माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा महेश नवमी पर्व पर अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के सेवा संकल्प सप्ताह मे ए बी एम एम रिलीफ फाउंडेशन फण्ड को एक लाख एक हजार रु. का सहयोग चेक प्रदान किया गया। क्षेत्रीय संस्थाओ व इंदौर जिले के सहयोग से यह राशि एकत्रित कर आपदा फण्ड में दी गई। संस्था अध्यक्ष सुमन सारड़ा व सचिव नम्रता राठी ने बताया कि मध्यांचल संयुक्त सचिव विजय राठी महेश नवमी उद्घाटन सत्र में पधारे तब उन्हें यह चेक प्रदान किया गया।



▶▶ **बैंगलुरु।** स्थानीय माहेश्वरी सभा द्वारा महेश नवमी पर्व ओखलीपुरम स्थित माहेश्वरी भवन में मनाया गया। सचिव भगवानदास ने बताया कि इस अवसर पर माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष निर्मलकुमार तापड़िया, माहेश्वरी महिला मंडल अध्यक्षा कांता काबरा, माहेश्वरी युवा संघ अध्यक्ष अरविंद लोया, माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट चेयरमैन मोहनलाल माहेश्वरी, माहेश्वरी फाउंडेशन के चेयरमेन राज गोपाल भूतड़ा, माहेश्वरी सौहार्द्र क्रेडिट को-ऑपरेटिव लिमिटेड के उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण डागा, वरिष्ठ सदस्य रतनलाल सोमाणी, कार्यसमिति सदस्य प्रदीप सोडानी एवं सतीश मूंदड़ा ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। चित्रकला फेंसी ड्रेस, नृत्य आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विशिष्ट उपलब्धि प्राप्तकताओं का सम्मान भी आयोजन हुआ।



▶▶ **गुना।** माहेश्वरी समाज द्वारा समाज के उत्पत्ति दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 7 जून को माहेश्वरी सभा-सेवा सदन पर सुंदरकांड एवं भंडारे का आयोजन किया गया। अगले दिन 8 जून को भगवान महेश की वंदना के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का समाजजन द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया। समाजबंधुओं द्वारा तपती गर्मी से राहत देने के लिए आने जाने वाले राहगिरों को शर्बत का वितरण किया गया। शोभायात्रा के पश्चात भगवान भोलेनाथ का मंदिर पर रुद्राभिषेक किया गया। इस अवसर पर महिला मंडल के तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। भगवान महेश की पूजा अर्चना के बाद हल्दी कुमकुम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा भजनावली पर नृत्य प्रस्तुति दी गई।



▶▶ **उज्जैन।** महेश नवमी महोत्सव 8 जून 2022 को भगवान महेश का पूजन कर माहेश्वरी समाज का चल समारोह संध्याकाल 5 बजे से शुरू हुआ। इस महोत्सव के अंतर्गत 12 जून 2022 को झालरिया मठ, नृसिंह घाट पर श्री माहेश्वरी महिला मंडल एवं श्री माहेश्वरी समाज प्रगति मंडल श्री लक्ष्मी नृसिंह मंदिर के संयुक्त तत्वाधान में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही महोत्सव का समापन समारोह भी मनाया गया। विभिन्न श्रेणियों में बच्चों व महिलाओं की प्रतियोगिताएं करवाई गई। सभी महिलाओं ने रैंप पर अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया एवं पुरस्कार जीते। एक ग्रुप गेम भी था जिसका सबने बहुत आनंद लिया। महिला मंडल व प्रगति मंडल के सभी सदस्यों के साथ-साथ अन्य समाज जन भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संगीता सोमानी एवं माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष, सचिव और पदाधिकारियो ने भी उपस्थित रहकर सक्रिय सहयोग प्रदान किया। आयोजन की मुख्य संयोजिका अदिति साबू थीं।



▶▶ **हिंगणा रोड़।** महेश नवमी के निमित्त पश्चिम नागपुर में महेश रैली का आयोजन 8 जून को सुबह 7:00 बजे शिव मंदिर से हुआ। सुबह 6 :30 बजे शिवजी की आरती रैली की शुरुआत दिनेश राठी अध्यक्ष-जिला माहेश्वरी सभा, नागपुर, राजेश काबर (कोषाध्यक्ष-जिला माहेश्वरी सभा, नागपुर), कृष्णा राठी (अध्यक्ष- नगर माहेश्वरी सभा, नागपुर), सोमप्रकाश मंत्री (सचिव नगर माहेश्वरी सभा, नागपुर) ने भगवान के पूजन एवं झंडा दिखाकर की। माहेश्वरी मंडल वाडी हिंगना रोड नागपुर द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 09 जून शाम 07:30 बजे गुरुदत्त सभागृह, दत्तवाड़ी में किया गया। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं, प्रतिभावान विद्यार्थी व खिलाड़ी आदि का सम्मान भी किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक पल्लवी सोमानी, खुशबू चांडक, राधिका राठी, ओमप्रकाश राठी आदि का सहयोग रहा।

*माना कि आप किसी का भाग्य नहीं बदल सकते लेकिन अच्छी प्रेरणा देकर किसी का मार्ग दर्शन तो कर सकते हैं। भगवान कहते हैं जीवन में कभी मौका मिले तो 'सारथी' बनना 'स्वार्थी' नहीं।*



▶▶ **बागली ( देवास )।** परंपरागत मान्यता के अनुसार माहेश्वरी समाज की वंशोत्पत्ति युधिष्ठिर संवत 9 की जेष्ठ शुक्ल नवमी को हुई थी तबसे माहेश्वरी समाज प्रतिवर्ष जेष्ठ शुक्ल नवमी को महेश नवमी के नाम से माहेश्वरी वंशोत्पत्ति दिवस धूमधाम से मनाता है। उक्त बात श्री राधा कृष्ण मंदिर माहेश्वरी समाज बागली में आयोजित महेश नवमी पर्व के अवसर पर वरिष्ठ अभिभाषक राजेंद्र कुमार इनानी ने बताते हुए कहा कि आज ही के दिन भगवान महेश और आदिशक्ति माता पार्वती ने ऋषियों के शाप के कारण पत्थरवत बने हुए 72 क्षत्रिय उमराओ को शाप मुक्त किया था। इस अवसर पर सभी सामाजिक बंधुओं द्वारा भगवान महेश व माता पार्वती का अभिषेक करके आरती व प्रसाद वितरण किया गया तथा नवीन ध्वजारोहण समाज जन ने किया।



▶▶ **बठिण्डा।** माहेश्वरी सभा (रजिस्टर्ड) बठिण्डा की तरफ से माहेश्वरी महिला संगठन एवं माहेश्वरी युवा संगठन के सहयोग से 5155 वें माहेश्वरी उत्पत्ति दिवस के उपलक्ष में अन्नपूर्णा मंदिर से सूरज गिरी मंदिर तक शोभा यात्रा निकाली गई। रास्ते में सभी माहेश्वरी परिवारों ने अपने-अपने घर के आगे शोभा यात्रा का स्वागत पुष्पवर्षा से किया।



▶▶ **अलीराजपुर।** माहेश्वरी महिला मंडल अलीराजपुर के तत्वाधान में महेश नवमी के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत महिला मंडल अध्यक्ष प्रीति मंत्री सचिव रमिला कोठारी, उपाध्यक्ष प्रभा राठी, कोषाध्यक्ष रेखा थेपडिया, सह सचिव पूजा थेपडिया, सह कोषाध्यक्ष प्रीति कोठारी, संगठन मंत्री संगीता सोमानी एवं माहेश्वरी महिला मंडल की सदस्याओं द्वारा भगवान महेश का पूजन वंदन एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। इसमें छोटे-छोटे बच्चों से लेकर महिलाओं के लिए प्रतियोगिताएं रखी गईं। माहेश्वरी महिला मण्डल के मीडिया प्रभारी कृष्णकांत बेड़िया ने बताया कि महेश नवमी पर मंडल के पदाधिकारी एवं मंडल एवं समाज की सदस्याओं द्वारा आचार्य मंदिर में भगवान महेश का पूजन, वंदन, भजन एवं भगवान महेश की आरती करके कार्यक्रम का समापन किया गया।



▶▶ **इन्दौर।** माहेश्वरी वंशोत्पत्ति दिवस पर महेश नवमी के उपलक्ष्य में जिला माहेश्वरी समाज द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई। माहेश्वरी फ्रेन्डस ग्रुप एवं दक्षिण क्षेत्र माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट द्वारा मंच लगाकर प्रभात फेरी में पधारे सभी समाजजनों का फूलों से स्वागत किया गया एवं प्रसाद वितरण किया गया। ग्रुप के सुरेश राठी, सम्पत कुमार साबू, सुरेश सिंगी, भरत भट्टड़, कमल बाहेती, गोविंद राठी, जगदीश भूतड़ा एवं ग्रुप की महिलाओं ने समाज के लोगों का फूलों से स्वागत किया गया।



▶▶ **बिल्सी।** श्री महेश बाल-विद्या मंदिर इण्टर कालेज में महेश नवमी पर्व धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुभाष चन्द्र बाहेती प्रदेश मंत्री ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के संयुक्त मंत्री विनीत केला, विशिष्ट अतिथि अवधेश माहेश्वरी (मुख्य संपादक दैनिक जागरण बरेली) एवं विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा कार्यसमिति सदस्य राकेश मोहता अलीगढ़ तथा के. के. माहेश्वरी जिला अध्यक्ष माहेश्वरी समाज बरेली द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित होकर केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा, बिल्सी के विधायक हरिश शाक्य तथा जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने भी समाज को महेश नवमी की शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि विनीत केला द्वारा समाज के वयोवृद्ध बंधुओं के साथ ही साथ प्रतिभाशाली छात्र एवं छात्राओं को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। सुभाष चन्द्र बाहेती ने अतिथियों का आभार प्रकट किया।

॥ महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाएँ ॥

*Ankleshwar Trading*
*Ice Factory*
Authorised Distributor



*Ankleshwar Trading*
*Company*
**Authorised Distributor**



**RAMPRASAD JHAWAR**
Near Balaji Temple, Borawar Road, Makrana (Raj.)
Mob. 9829712971, 8003773707, 9829078796



▶▶ **हिंगनघाट।** श्री माहेश्वरी पंचायत हिंगनघाट द्वारा आयोजित महेश नवमी उत्सव 5 जून से 8 जून तक श्री चुनियाबाई राठी माहेश्वरी पंचायत भवन में मनाया गया। इसमें नागपुर के श्री गायत्री परिवार का संस्कार शिविर एवं मार्गदर्शन शिविर आयोजन किया गया। इसके बाद महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों के लिए विभिन्न खेलकूद स्पर्धाओं का आयोजन किया गया था। महेश नवमी के दिन सुबह 8:00 बजे श्री बालाजी मंदिर से माहेश्वरी भवन तक बाजे-गाजे व झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। समाजसेवी अजय करवा का शोभा यात्रा में सहयोग प्राप्त हुआ। यह शोभायात्रा माहेश्वरी भवन पहुंचने के बाद भगवान महेश की पूजा अर्चना व अभिषेक किया गया। इसके पश्चात वृक्षारोपण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। श्री माहेश्वरी पंचायत अंतर्गत माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन उद्यमी आरती देवी-अरुण कुमार मोहता के आतिथ्य में किया गया। इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह एवं 2020-2021 वर्ष में प्राविण्य प्राप्त बच्चों का सत्कार स्वर्गीय प्रेम प्रकाश मानधनिया स्मृति प्रित्यर्थ डॉक्टर गोपाल मानधनिया एवं डॉक्टर सीमा मानधनिया व पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र गोकुलदास राठी तथा महिला मंडल अध्यक्षा कल्पना मोहता के हाथों किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजेश मानधनिया एवं हरीश भट्टड़ द्वारा किया गया।



▶▶ **सूरत।** उत्पत्ति दिवस के अंतर्गत 9 जून सुबह शोभायात्रा निकली जिसमें 500 सदस्याओं की उपस्थिति रही। शाम सांस्कृतिक प्रोग्राम के अंतर्गत संयुक्त परिवार की सार्थकता, वृद्धाश्रम, नारी की पहचान, समाज में अधिक आयु में युवक-युवतियों का विवाह, आधुनिक शिक्षा और कैरियर के प्रति बढ़ता रुझान, एक संतान की मानसिकता इत्यादि सामाजिक समस्याओं को शिव परिवार की नाटिका के माध्यम से समाज के सामने रखा गया। अतिथि के रूप में अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के मंत्री संदीप काबरा एवं मध्यांचल के संयुक्त मंत्री विजय राठी उपस्थित थे। नेत्रदान महादान पर भी सुंदर नृत्य नाटिका प्रस्तुति से नेत्रदान की महत्ता बताई गई। उक्त जानकारी अध्यक्ष वीणा तोषनीवाल व सचिव प्रतिभा मोलासरिया ने दी।



▶▶ **जयपुर।** माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस महेश नवमी पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये। सुबह से शाम तक आयोजित इन कार्यक्रमों में समाज के हजारों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुबह भगवान महेश की पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुये इस कार्यक्रम में शाम को शोभायात्रा निकाली गई। माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, विद्याधर नगर से शुरू हुई शोभायात्रा का समापन ''उत्सव'' में हुआ। शोभायात्रा में महिलाऐं केसरिया व पुरूष सफेद वस्त्रों में नजर आ रहे थे। माहेश्वरी समाज जयपुर के अध्यक्ष प्रदीप बाहेती ने महेश नवमी पर सभी को शुभकामनाऐं दीं। मुख्य अतिथि समाज सेवी एवं व्यवसायी निर्मल मून्दड़ा, विशिष्ट अतिथि उद्योगपति राधाकृष्ण कोगटा व स्वागताध्यक्ष समाजसेवी श्रीनाथ मालपानी थे। शोभायात्रा में विशेष परिधान में आने वाले 151 दम्पत्तियों को पुरस्कार प्रदान किए गये। समाज के महामंत्री गोपाल लाल मालपानी ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया।



▶▶ **अहमदाबाद।** कोरोनाकाल के चलते दो वर्ष बाद अहमदाबाद के माहेश्वरी समाज ने इस बार धूमधाम से महेश नवमी पर्व मनाया। इस अवसर पर आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में इस बार पर्यावरण को बचाने की थीम पर पंचतत्व (पृथ्वी, अग्नि, जल, वायु, आकाश) पर गीत, नृत्य और नाटक के जरिए जागरुकता फैलाने का सुंदर संदेश दिया गया। इस अवसर पर अहमदाबाद माहेश्वरी युवा संगठन के अध्यक्ष विक्रम धूत, मंत्री मनीष चांडक, माहेश्वरी सखी संगठक की अध्यक्ष अनुराधा अजमेरा, सचिव निकी राठी, कोषाध्यक्ष सुमन काबरा, माहेश्वरी प्रगति मंडल के सचिव राघवेंद्र धूत, प्रगति मंडल महिला विंग की अध्यक्ष पुष्पलता मालपानी, मंजू बहेडिया सहित सभी संगठनों के पदाधिकारी एवं आयोजनकर्ता उपस्थित थे। आभार निकी राठी व मनीष चांडक ने प्रकट किया, उक्त जानकारी अर्पित बाहेती ने दी।

*हमेशा छोटी-छोटी गलतियों से बचने की कोशिश किया करो, क्योंकि इंसान पहाड़ों से नहीं पत्थरों से ठोकर खाता है।*



▶▶ **उदयपुर।** नगर माहेश्वरी युवा संगठन एवं माहेश्वरी पंचायत हिरण मगरी सेक्टर 4 द्वारा महेश नवमी के शुभ अवसर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। युवा संगठन ने 2 जून से ही बैडमिंटन, वालीबॉल, क्रिकेट एवं बच्चों व महिलाओं के खेलकूद कार्यक्रम आयोजित किए। इसके पश्चात 5 जून को माता पिता एवं बच्चों के मध्य मधुर संबंधों को बढ़ाने के विषय पर संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। 7 जून को राजस्थान महिला विद्यालय में हास्य कवि सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसके मुख्य अतिथि जानकीलाल मूंदड़ा थे। 8 जून को उदयपुर के टाउन हॉल में स्थित सुखाड़िया रंगमंच पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इसमें एक नृत्य, समूह नृत्य आदि के कार्यक्रम संपन्न हुए। इस कार्यक्रम की अध्यक्ष अलका मूंदड़ा, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष थी। मुख्य अतिथि समाजसेवी गोपाल काबरा थे। कार्यक्रम का संचालन प्रेरणा माहेश्वरी ने किया। 9 जून को प्रातः शिव मंदिर में अभिषेक किया गया। इसी दिन दोपहर संस्थान उदयपुर के तत्वावधान में 26 वां रक्तदान शिविर कृष्ण कुमार काबरा की स्मृति में आयोजित किया गया। इसी दिन लकड़वास स्थित शिव शंकर गौशाला में गायों की सेवा घास एवं गुड़ खिलाकर की गई। शाम 6 बजे भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया।



▶▶ **रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा, प्रादेशिक महिला संगठन एवं प्रादेशिक युवा संगठन के संयुक्त तत्वाधान में 8 जून को पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महेश नवमी महापर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। महापर्व हेतु प्रदेश सभा से संयोजक जगदीश चाण्डक, महिला संगठन से संयोजक सीमा मल व युवा संगठन से संयोजक राहुल राठी बनाये गए थे। साथ ही 6 जिलों में सभा, महिला व युवा संगठन के कुल 18 संयोजकगणों की नियुक्ति की गई थी। अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के सभापति श्याम सोनी भी इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रवास पर थे। छत्तीसगढ़ के समस्त 41 संगठनों में इसे महापर्व के रूप में मनाया गया। प्रत्येक स्थानीय संगठन द्वारा आयोजन स्थल, मंदिर या माहेश्वरी भवन में महेश ध्वज की पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा ने प्रत्येक परिवार एवं स्थानीय संगठन हेतु महेश ध्वज उपलब्ध कराया। स्थानीय संगठनों में प्रदेश सभा, महिला संगठन एवं युवा संगठन द्वारा संगठन प्रभारी भी भेजे गए थे।



▶▶ **नागदा।** शाम को 4:00 बजे कृषि उपज मंडी से माहेश्वरी समाज का जुलूस निकाला गया। महाकाल की नगरी से आई रमैया कीर्तन भजन मंडली विशेष आकर्षण रही। मुख्य मार्गों पर समाज के बंधुओं ने अपने निवास स्थान से फूलों से एवं ड्राई फ्रूट आइसक्रीम व गन्ने के रस एवं कई व्यंजनों से भव्य स्वागत किया। महेश नवमी पर प्रातः 7 बजे भगवान शिव के मंदिर में समाज अध्यक्ष रमेश सरिता मेहता एवं कोषाध्यक्ष नंदकिशोर मालपानी व गोपाल मेहता द्वारा अभिषेक किया गया। दोपहर 11:00 बजे स्नेहा कुंज गार्डन में माहेश्वरी सोशल ग्रुप द्वारा कपल ग्रुप में क्रिकेट मैच खेला गया। सोशल ग्रुप द्वारा पौधारोपण किया गया जिसमें झमक राठी, दिलीप मेहता, प्रकाश राठी आदि ने पुरस्कार बांटे। महिला मंडल द्वारा फैंसी ड्रेस का आयोजन भी किया गया।



▶▶ **किशनगंज।** माहेश्वरी सभा ने महेश नवमी के उपलक्ष्य पर रुद्राभिषेक एवं भगवान महेश की पूजा आयोजित की। मुख्य यजमान के रूप में मुरारी मंत्री एवं राजकुमार माहेश्वरी ने सपत्नीक पूजा एवं रुद्राभिषेक किया। संध्या में धर्मशाला रोड स्थित शिव मंदिर में भगवान महेश के भव्य श्रृंगार एवं आरती का आयोजन किया गया। अध्यक्ष गोबिंद बिहानी ने बताया कि 7 दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में महिला मंडल की ओर से गौ सेवा और कुष्ठ रोगियों के बीच फल -बिस्कुट मिठाई का वितरण भी किया गया। माहेश्वरी युवा मंडल ने वेंडरों के बीच छाता का वितरण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

*सृष्टि का एक नियम है*
*जो बाँटोंगे वही आपके पास बेहिसाब होगा*
*फिर चाहे धन हो, सम्मान हो,*
*अपमान हो, नफरत हो या प्रेम हो।*



▶▶ **वापी।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी माहेश्वरी सेवा समिति (जिला वलसाड, सिवलसा एवं दमन) ने चला वापी में स्थित महेश भवन में महेश नवमी उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर राजीव मुंदड़ा के प्रोजेक्ट अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसके अलावा शाम को भगवान महेश को रीझाने के लिए अमरनाथ बाबा बर्फानी की झांकी सजाकर भजन संध्या का आयोजन करते हुए उनका आव्हान किया गया। इसमें महिलाओं ने भी सुंदर भजन प्रस्तुत किये। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष विनित मुंदड़ा, सचिव ओमप्रकाश सोनी सहित समस्त सदस्यों का योगदान रहा।



▶▶ **सोनकच्छ।** माहेश्वरी महिला संगठन सोनकच्छ की अध्यक्ष अनीता मूंदड़ा, सचिव मनीषा लाठी, सखी संगठन अध्यक्ष रेखा चांडक व सचिव ममता राठी ने बताया कि महेश नवमी के पावन पर्व पर अनेक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएँ 4 से 7 जून तक आयोजित की गई। 5 जून पर्यावरण दिवस के अवसर पर माहेश्वरी महिला संगठन की ओर से पौधारोपण किया गया। कंपोस्ट खाद बनाने का प्रशिक्षण देकर खाद बनाने की भी नई शुरुआत की गई एवं सभी सदस्याओं को इसकी विधि बताई गई। इस बार महिलाओं एवं लड़कियों के लिए बर्तन की रंगोली, बच्चों के लिए लाफ्टर शो, कपल अंताक्षरी, महिलाओं का क्रिकेट मैच, 50 वर्ष से ऊपर की महिलाओं के लिए हेयर स्टाइल प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया।



▶▶ **बरेली।** गत 9 जून को आई एम ए हाल में महेश नवमी पर्व जिला माहेश्वरी सभा द्वारा धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश मंत्री सुभाष चंद बाहेती ने की। बरेली सभा के संरक्षक डॉक्टर एनके गुप्ता, मुख्य अतिथि चीफ न्यूज़ एडिटर दैनिक जागरण अवधेश माहेश्वरी, विशिष्ट अतिथि डॉ. शशि बाला राठी, जिला सभा के अध्यक्ष केके माहेश्वरी द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले बच्चों को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। तदुपरांत जिला सभा द्वारा प्रकाशित "मानस 2022" का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन ममतेश माहेश्वरी ने किया ।

▶▶ **हैदराबाद।** श्री माहेश्वरी नवयुवक मंडल चप्पल बाज़ार के तत्वावधान में महेश नवमी महोत्सव कृष्णा ग्रन्डियूर चप्पल बाज़ार में धूम धाम से सम्पन्न हुआ। मंडल के मंत्री भरत जाजू ने बताया कि ध्वजारोहण एवं महेश वंदना से कार्यक्रम का आगाज हुआ। तत्पश्चात भगवान शिव का महारुद्राभिषेक किया गया। अल्पाहार के साथ प्रातःकाल के कार्यक्रम का समापन हुआ। सायंकाल कार्यक्रम शाम 6:31 बजे से आरंभ हुआ। मंडल के अध्यक्ष कैलाश काबरा ने अपने उद्बोधन में माहेश्वरी परिवार की घटती जनसंख्या एवं विलम्ब से विवाह पर चिंता व्यतीत करते हुऐ सभी को इस विषय को गंभीरता से लेकर इस पर विचार करने की आवश्यकता पर जोर दिया। रतनलाल जाजू के शतायु पूर्ण करने पर उनका सम्मान किया गया एवं एक 18 वर्षीय बालक गोविंद मूंदड़ा द्वारा लिखी 'दि सुपर नेचुरल' नामक अंग्रेजी पुस्तक का विमोचन रतनलाल जाजू द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन अमर जाजू ने किया। इस अवसर पर अनंत काबरा, कैलाश डालिया, अरुण कुमार भांगड़िया, रामेश्वर जाजू आदि उपस्थित थे।

महेश नवमी के पावन पर्व पर सभी समाज बंधुओं को हार्दिक शुभकामनाएँ

Jagdishbhai Laddha
Mo. 98250 53092

VIJAY-LAXMI JEWELLERS

916 Hallmark Gold and Silver Ornaments Specialist

Parth Laddha
70165 06028

Wholesaler of Gold & Silver Ornaments

Thakkar Building, Station Road, ANAND-388 001.

SAS BAHU JEWELLERS

916 Hallmark Gold and Silver Ornaments Specialist

Nana Bazar, Vidya Nagar

JAY SHREE KRISHNA JEWELLERS

916 Hallmark Gold and Silver Ornaments Specialist

Tower Bazar, Anand




# माहेश्वरी स्कॉलर गौरव समारोह संपन्न

## विद्या प्रचारक मंडल ने दुनिया भर से प्राप्त आवेदन में से किया अवार्ड के लिये चयन




**पुणे।** माहेश्वरी विद्या प्रचारक मंडल, पुणे द्वारा स्थापित एम.व्हि.पी.एम. माहेश्वरी स्कॉलर अवॉर्ड का नौवां संस्करण गत 4 जून को प्राचार्य बी.एन.वैद्य सभागृह, दादर मुंबई में संपन्न हुआ। इसमें विभिन्न क्षेत्रों की चयनित प्रतिभाओं का अवार्ड प्रदान कर सम्मान किया गया। उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ माहेश्वरी समाज के अठारह प्रतिभाशाली छात्रों को स्वर्ण पदक और प्रशस्ति पत्र, आनंद राठी ग्रुप के प्रमुख आनंद राठी एवं सुरेश काकाणी (भूतपूर्व अतिरिक्त आयुक्त महापालिका मुंबई) के करकमलों द्वारा प्रदान किये गये। पुरस्कार विजेताओं को दुनिया भर से प्राप्त 140 आवेदनों से चुना गया। प्रख्यात चयनकर्ताओं ने 34 चुने हुए आवेदकों के साक्षात्कार लिए। इनमें से एमव्हीपीएम माहेश्वरी स्कॉलर अवार्डी तथा प्रामिसिंग स्कॉलर अवार्डी 2022 का चयन किया गया। चयनकर्ताओं में अध्यक्ष विजय माहेश्वरी, सदस्य डॉ. हर्षल लाहोटी, पुनित दड़ा नवीन मालपानी, प्रसुन काबरा, नीता साबू आदि का योगदान रहा।

### ये रहे आयोजन के प्रायोजक

समारोह के प्रायोजक ज्योतिप्रसाद तापड़िया, मधू माहेश्वरी, डॉ. सत्यनारायण काबरा, मुकुंद भवन ट्रस्ट, श्री लोहिया प्रतिष्ठान, अल्युमिनाय ऑफ एम.व्हि.पी.एम. हॉस्टेल्स रहे। स्कॉलर समिति के अध्यक्ष व्रजेंद्र मालु द्वारा सभी मान्यवरों एवं मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। स्कॉलर पुरस्कार की प्रक्रिया और समीक्षा प्रस्तुत की गयी। माहेश्वरी विद्या प्रचारक मंडल के अध्यक्ष अतुल लाहोटी द्वारा पुरस्कार विजेताओं से आग्रह किया गया कि समाज के युवाओं का मार्गदर्शन स्त्रोत के रूप में कर समाज की सेवा करें। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार माहेश्वरी समाज की प्रगतिशीलता को रेखांकित करता है।

### सभी ने किया प्रेरित

इस अवसर पर समारोह के प्रमुख अतिथि आनंद राठी ने उदबोधन दिया कि परिस्थिति अनुसार खुद को ढालने का प्रयास करें। सुरेश काकाणी ने छात्रों एवं श्रोताओं को कहा कि कोई भी कार्य करते हुए उसका दूसरा विकल्प जरूर तैयार रखना चाहिए। माहेश्वरी स्कॉलर समिति के सचिव महेंद्र जाजू ने धन्यवाद प्रेषित किये। समारोह में माहेश्वरी समाज के जाने माने महानुभाव, समाजसेवी तथा विद्यार्थी भवन के छात्र उपस्थित थे। इस समारोह में स्कॉलर अवॉर्ड समिति के पदेन सदस्य मानक काबरा एवं ल.ला. मूंदडा छात्रावास मुलुंड समिति के सदस्य रमेश काबरा, कन्हैयालाल मणियार, अविनाश झंवर, मनीष झंवर, कृष्णा काबरा, राजीव मूंदडा, नवनीत मूंदडा, श्याम बाहेती, लक्ष्मीनारायण मूंदडा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### ये हुए सम्मानित

इसके अंतर्गत सीए के लिए निलेश राठी- कोलकाता, यूपीएससी से आईएएस चयन के लिए अलीराजपुर (म.प्र.) की राधिका गुप्ता (बाहेती), व आईआईटी से बी.टेक. हेतु अजेया जाजू-मुंबई, आईएएस में चयन हेतु दीपक करवा-मुंबई, एम.डी. में प्रथम रैंक हेतु मयूरी कलंत्री-लातुर, एनआईटी से एम.बी.ए. बी.टेक. हेतु श्रुति केला-बुलढाना, आईआईएम से एमबीए हेतु सौरभ लड्ढा-पुणे, आईआईएम से एमबीए व बी.आर्क. हेतु केतन मूंदड़ा-यवतमाल तथा एम्स जोधपुर से एम.सीएच. व एम.बी.बी.एस. हेतु रूपेश सिकची को एम.व्ही.पी.एम माहेश्वरी स्कॉलर अवार्ड-2022 से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार यूपीएससी से रेलवे सेवा में चयन हेतु अंजली बिड़ला-कोटा (राज.), एम्स दिल्ली से एम.बी.बी.एस- डी.एम हेतु भव्या बलदवा-मुम्बई, आईसीटी-ओहियो स्टेट से पीएच.डी. हेतु देवेन बसेर-मुंबई, आईआईएम से एमबीए हेतु सीए अर्जुन झंवर-नांदेड़, करनैल युनिवर्सिटी से बी.ई. सीएस हेतु अदिति काबरा- मुंबई, सीए में 5वीं रैंक हेतु दीपेश लखोटिया-मुंबई, आईआईएम लखनऊ से एम.बी.ए. हेतु निमिश मोदी राजस्थान, यूपीएससी-आईआरएस में चयन हेतु पंकज राठी-नोएडा (उ.प्र.) तथा आईएसबी (हैदराबाद) से एमबीए हेतु अदिति तोषनीवाल - हैदराबाद को एम.व्ही.पी.एम. माहेश्वरी प्रोमिसिंग स्कॉलर अवार्ड-2022 से सम्मानित किया गया।





"Shree Ganeshay Namah"





# KALURAM HEDA & FAMILY


महेश नवमी के पावन अवसर पर
सभी माहेश्वरी बन्धुओं को हमारी हार्दिक शुभकामनाएं
समाज के सर्वांगीण विकास की भगवान महेश से कामना


# Shivamkoppar Cast LLP

Shiv Sangeeta Estate Survey No. 282, Vikaspura
Village Keraivi, Nadiad Dist. Kheda (Gujarat) India
**Mo. : 98250 36895, 97129 14651 Email : shivamkopper@gmail.com**

# Shivam Metalloys

Survey No.52, NR. Siddhi Vinayak Estate PIJ Road
Tundel Ta: Nadiad Dist. Kheda **(Gujarat) India**
**E-mail : shivammetalloys@yahoo.com**









**Kaluram Heda : 94276 10041**
**Bharat Heda : 98250 36895, 97230 25555**
**Sanjay Heda : 97123 02222, 93751 60129**
**Deepak Heda : 97129 14651**

# युवा संगठन की बैठक में हुए महत्वपूर्ण निर्णय




**गुलाबपुरा।** राष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम, माहेश्वरी बिजनेस मार्ट, बिजनेस ऐप, महेश नवमी महोत्सव, विश्व पर्यावरण दिवस, विश्व योग दिवस, महेश आवास योजना, लोहार्गल मंदिर निर्माण की रूपरेखा अ.भा. माहेश्वरी युवा संगठन की बैठक में तय हुई। अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन की एकादश कार्यसमिति बैठक वर्चुअल-जूम पर राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार काल्या की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

बैठक में लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय किये गये। इसी के अंतर्गत 'राष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम' का आयोजन 19-20-21 अगस्त को छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन के आतिथ्य व रायपुर जिला माहेश्वरी युवा संगठन के आयोजकत्व में किया जाएगा। इस अवसर पर 'माहेश्वरी बिजनेस मार्ट' ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की लॉन्चिंग की गई। इससे समाजजनों और युवा साथियों का आपस में व्यापार-व्यवसाय बढ़ेगा। व्यापार-व्यवसाय को बढ़ाने और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 'बिजनेस ऐप' की लॉन्चिंग भी की जा रही है। 'लोहार्गल मंदिर निर्माण' हेतु युवा संगठन के विभिन्न राष्ट्रीय पदाधिकारियों एवं प्रादेशिक संगठनों द्वारा 1 करोड़ रु. की सहयोग राशि एकत्रित करने के आश्वासन प्राप्त हुए। महेश नवमी महोत्सव संपूर्ण भारतवर्ष में धूमधाम से शोभायात्रा के साथ एवं हर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर हर वर्ष की भांति इस बार भी स्टिकर इत्यादि आर्टिकल भिजवाने का निर्णय भी हुआ।

## ये भी हुए महत्वपूर्ण निर्णय

विश्व पर्यावरण दिवस पर हजारों की संख्या में वृक्षारोपण करने तथा ई वेस्ट मैनेजमेंट पर कार्य करने का निर्णय हुआ। विश्व योग दिवस पर सैकड़ों की संख्या में योग शिविर लगाने का निर्णय हुआ। राष्ट्रीय खेल महोत्सव 'AIMS' का आयोजन पर चर्चा हुई और जल्द इस के आयोजन का स्थान तय किया जाएगा। 'माहेश्वरी बिजनेस एक्सपो' के ऐतिहासिक सफलता की सभी के द्वारा सराहना की गई। 1 लाख से अधिक विजिटर ने एक्सपो को विजिट किया। कई स्टॉल धारकों को करोड़ों का व्यापार मिला। 'महेश आवास योजना' के अंतर्गत जरूरतमंद माहेश्वरी बंधुओं को अकोला जिला माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा मकान उपलब्ध कराने की योजना तथा नांदेड जिला माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा महेश आवास योजना के क्रियान्वयन की सराहना की गई। जरूरतमंद माहेश्वरी परिवारों को महासभा के सहयोग से युवा संगठन द्वारा ग्रुप मेडिक्लेम पॉलिसी कराई जा रही है तथा अनेक स्थानों पर और भी माहेश्वरी बंधुओं की ग्रुप मेडिक्लेम पॉलिसी कराने के प्रयास युवा संगठन द्वारा किए जा रहे हैं।



TREAT
RESORTS

Embrace the luxe experience for *Destination Weddings!*



## Treat Resort, Silvassa

- 24 Acres of Nature's Echo
- 191 Luxury Rooms
- Infinity Swimming Pool
- 6 Lawns
- 2 Ballrooms
- 3 Restaurants
- Wellness Spa
- 4 Conference Halls



## Treat Beach Resort & Spa, Gholvad

- 4 Acres of Tranquility
- 93 Luxury Rooms
- Swimming Pool
- 1 Lawn
- Recreational Activities
- 2 Restaurants
- Wellness Spa
- 3 Conference Halls
- 500m From Bordi Beach



## RAS by Treat Resorts, Silvassa

- 7 Acres of Lush Greenery
- 86 Luxury Rooms
- Swimming Pool
- 3 Restaurants
- 2 Ballrooms
- 3 Lawns
- Riverfront Scenery
- 3 Conference Halls
- Game Zone

Silvassa: +91 9615791579 | Gholvad: +91 9615971597 | RAS: +91 9873776477 | www.treatresorts.com

# महासभा की सेवा संस्थाऐं करेंगी सहायता का विस्तार

## गत दिनों सम्पन्न हुई तीन प्रमुख सेवा संस्थाओं की बैठक-सेवा विस्तार के लिए हुए निर्णय

**भीलवाड़ा।** अ.भा. माहेश्वरी महासभा की सेवा प्रमुख संस्थाओं श्री बद्रीलाल सोनी माहेश्वरी शिक्षा सहयोग केंद्र, श्री कृष्णदास जाजू स्मारक ट्रस्ट तथा श्री बांगड़ माहेश्वरी मेडिकल वेलफेयर सोसायटी की गत 29 मई को बैठक सम्पन्न हुई। इसमें संस्था की अभी तक की उपलब्धियों को तो प्रस्तुत किया ही गया, साथ ही इनकी सेवा गतिविधियों के समाजहित में विस्तार का भी निर्णय लिया गया।

### सोनी शिक्षा सहयोग केंद्र

गत 29 मई 2022 को श्री बद्रीलाल सोनी माहेश्वरी शिक्षा सहयोग केन्द्र की कार्यसमिति की बैठक रामपाल सोनी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के महामन्त्री सन्दीप काबरा अर्थमन्त्री आर एल काबरा एवं संगठन मन्त्री अजय काबरा भी उपस्थित थे। ट्रस्ट के प्रबन्धन्यासी श्यामसुन्दर काबरा मुम्बई के साथ लगभग 55 ट्रस्टियों एवं दानदाताओं ने हिस्सा लिया, जिसमें से 30 भारत के विभिन्न प्रदेशो से आये थे। स्थापना से लेकर अब तक ट्रस्ट द्वारा 2895 विद्यार्थियों को 4.15 करोड़ की छात्रवृत्तियां प्रदान की जा चुकी है। मिटिंग में विशेष रूप से समाज के कमजोर परिवारों के होनहार बच्चों को यथासम्भव एवं अधिकतम सहायता देने का ट्रस्ट का उद्देश्य दोहराया गया। इसी क्रम में अध्यक्ष रामपाल सोनी ने पहला परिवर्तन तो विदेश अध्ययन करने वाले छात्रों को ऋण की सीमा बढ़ा कर किया। अब तक ऐसे छात्रों को 15 लाख तक ऋण के उपर ब्याज की 50 प्रतिशत छूट दी जाती थी जिसे बढ़ा कर 25 लाख कर दिया गया। साथ ही श्री सोनी ने कहा कि समाज के 5 ऐसे प्रतिभावान छात्रो का चयन किया जाना चाहिए जो भीलवाड़ा में संचालित संगम ग्रुप की वर्तमान योजना सुपर 15 के साथ रह कर उच्च शिक्षा संस्थानो में प्रवेश पा सकें। इन 5 विद्यार्थियों पर होने वाले खर्च का भार संगम ग्रुप वहन करेगा। इसकी प्रक्रिया बताते हुए एस एन मोदानी ने कहा कि देश भर में प्रदेश सभा एवं जिला सभा के माध्यम से चयन कर उनका दो स्तरीय परीक्षा एवं साक्षात्कार लेकर चयन किया जायेगा।

### श्री कृष्णदास जाजू स्मारक ट्रस्ट

श्री कृष्णदास जाजू स्मारक ट्रस्ट की बैठक गत 29 मई को प्रबन्धन्यासी व अध्यक्ष रामपाल सोनी की अध्यक्षता में संगम हाउस चित्तौड़ रोड़ भीलवाड़ा पर सम्पन्न हुई। ट्रस्ट के मन्त्री राधेश्याम सोमाणी ने अध्यक्ष की अनुमति से बैठक प्रारम्भ की। तदुपरान्त ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बाबूप्रसाद खटोड़ के असामयिक निधन पर शोक प्रकट कर श्रद्धांजलि दी गई। ट्रस्ट की प्रगति रिपोर्ट मंत्री राधेश्याम सोमाणी ने प्रस्तुत करते हुए बताया कि वर्तमान में ट्रस्ट एवं अन्य प्रादेशिक स्थानीय ट्रस्टों के माध्यम से 1580 विधवा एवं असहायजनों को प्रति माह 2000/- रूपये की मासिक सहायता दी जा रही है। साथ ही सरस्वती देवी शिवकिशन दम्माणी फाउण्डेशन मुम्बई द्वारा 1000 रूपये की मासिक सहायता दी जा रही है। इस प्रकार विधवा महिलाओं को करीब 4 करोड़ की सहायता प्रतिवर्ष मिल रही है। प्रबन्धन्यासी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बढ़ती हुई महंगाई के कारण बहनो को प्रतिमाह के सहयोग मे बढोत्तरी की जाये। इसके लिए महासभा ए बी एम एम माहेश्वरी रीलिफ फाउण्डेशन, दम्मानी ट्रस्ट व प्रादेशिक ट्रस्टो के सहयोग की अपेक्षा है अगर इनसे सकारात्मक सहयोग मिल जाता है तो जाजू ट्रस्ट से सहायता बढ़ा कर 2000 की जगह 2500 प्रति माह की जायेगी। साथ ही 50 वर्ष से कम उम्र की महिलाओं के स्वावलम्बन एवं पुर्नविवाह के लिए उन्हें प्रेरित करने का निर्णय भी लिया गया।

### श्री बांगड़ माहेश्वरी मेडिकल वेलफेयर सोसायटी

श्री बांगड़ माहेश्वरी मेडिकल वेलफेयर सोसायटी की बैठक गत 29 मई को संगम हाउस चित्तौड रोड भीलवाड़ा पर सम्पन्न हुई। सोसायटी के मंत्री राधेश्याम सोमाणी ने प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि सोसायटी द्वारा अब तक 2282 परिवारों को 12 करोड़ की सहायता दी जा चुकी है। वर्ष 2021-22 मे 126.91 लाख रूपये की चिकित्सा सहायता, 85 हजार रूपये रक्तदान शिविर सहयोग, 12 लाख 36 हजार रूपये सामूहिक बीमा पॉलिसी हेतु अंश दिया गया। आगामी वर्ष 2022-23 में चिकित्सा सहायता हेतु 140 लाख रूपये, रक्तदान शिविर हेतु 1 लाख रूपये व सामूहिक बीमा पॉलिसी हेतु 15 लाख रूपये का प्रावधान किया गया। सोसायटी के डिप्टी चैयरमेन रामपाल सोनी ने अपने उद्बोधन मे 3 से 6 लाख तक की वार्षिक आय वाले परिवारो को भी सामूहिक बीमा योजना मे जोड़ने का प्रस्ताव रखा गया जिसकी सदन ने स्वीकृति प्रदान की। कोषाध्यक्ष सोहनलाल भूतड़ा द्वारा वर्ष 2021-22 के लेखे प्रस्तुत किए गए व वर्ष 2022-23 का अनुमानित बजट रखा गया। सदस्यों की जिज्ञासाओ का निराकरण कर सदन द्वारा लेखे स्वीकृत किए गए। बैठक में सोसायटी के डिप्टी चैयरमेन रामपाल सोनी, अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के महामंत्री सन्दीप काबरा, कोषाध्यक्ष आर एल काबरा, संगठन मंत्री अजय काबरा के साथ सोसायटी के मन्त्री राधेश्याम सोमाणी कोषाध्यक्ष सोहनलाल भूतड़ा, दक्षिणी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष कैलाशचन्द्र कोठारी, मंत्री सत्येन्द्र बिड़ला सहित लगभग 50 सदस्यो की उपस्थिति रही।

---

## खरी-खरी

*आर्द्र अधरों का जब*
*आचमन मिल गया*
*प्यार के पंथ का*
*अनुसरण मिल गया*
*शेष कोई न फिर*
*कामना रह गयी*
*तुम मिले तो धरा को*
*गगन मिल गया*



© राजेन्द्र गट्टानी, भोपाल
94250-16939, 87702-21707

## MAHESH FLEXI GOLD LOAN




INSTANT LOAN AGAINST GOLD ORNAMENTS

## MAHESH GRUHA YOJANA




HOUSING LOAN

* Conditions apply




## SALIENT FEATURES

- Bharat BillPay Service for Online Payment of Utility Bills.
- Internet Banking facility and BHIM MaheshPay Services.
- IMPS – Merchant Payment Service – for online payment of Electricity, Telephone bills and booking flight, bus and hotel bookings.
- Direct RTGS / NEFT Facility.
- RuPay Debit Card facility – Access to more than 2.5 lakh ATMs of NFS Member Bank's and merchant establishments in the Country.
- Point of Sale Services (PoS).
- Inward remittance facility from abroad through Western Union Money Transfer.
- e-Tax payment - Income Tax, Professional Tax, & Excise.
- Bancassurance for Life Insurance & General Insurance solutions.
- Mutual Fund Business in tie-up with Nippon Life India Asset Management Ltd.
- Acceptance of NR(E) Deposits.
- Foreign Exchange transactions under AD Category-II.
- Basic Savings Bank Deposit Accounts (under "Financial Inclusion").
- Tax Savings Deposit under Section 80C of Income Tax Act.
- Missed Call Service & Statement of Account through e-mail facility.
- CCC - "Customer Contact Centre" - One Stop Hub help-line desk.
- Loans & Advances to Traders, Businessmen, SSIs, Personal Loans, Consumer Loans, Professional Loans, Educational Loans, Housing Loans, Gold Loans & Loans against NSCs, KVPs etc.
- Toll Free Banking Facility for Account Balance, Account Statement, Cheque Book Request and Loan Enquiry.

FUTURE PLANS

- Bharat QR Code, Prepaid Payment Instruments (PPIs)
- Artificial Intelligence (AI) Enabled BOT Solution
- Tab Banking & Loan Orgination System (LOS)

## BOARD OF DIRECTORS




महेश बैंक
ESTD. 1978

# ANDHRA PRADESH MAHESH CO-OPERATIVE URBAN BANK LTD.

(Multi-State Scheduled Bank)

H.O. : 8-2-680/1&2, Road No.12, Banjara Hills, Hyderabad - 500 034 (T.S.) INDIA
Tel.: 040 - 2461 5296, 2461 5299, 2343 7100 – 103 / 2343 7105, Fax : 040 - 2461 6427

45 BRANCH Network | NET Banking | RTGS / NEFT Facility | Point of Sale Services | Mutual Fund Services | Easy Credit for Trade & Industry | FOREIGN EXCHANGE FACILITY | Life Insurance Services | 100% CBS BRANCHES Anywhere Banking

E-mail: info@apmaheshbank.com
Website: www.apmaheshbank.com

# अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन की बैठक सम्पन्न



**कोलकता** । अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन की द्वादश कार्यसमिति बैठक एवं द्वितीय कार्यकारी मंडल बैठक वृहत्तर कोलकाता प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन के आतिथ्य में कोलकाता (गंगासागर) में संपन्न हुई। इसमें अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारी मंडल एवं कार्यसमिति बैठक में राष्ट्रीय खेल महोत्सव (AIMS), राष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम, माहेश्वरी बिजनेस मार्ट, बिजनेस ऐप, महेश नवमी महोत्सव, विश्व पर्यावरण दिवस, विश्व योग दिवस, महेश आवास योजना, लोहार्गल मंदिर निर्माण की रूपरेखा जैसे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक के पश्चात सभी ने गंगासागर स्नान किया तथा कपिल मुनि मंदिर के दर्शन किए। इससे पूर्व भी चारों धाम बद्रीनाथ, द्वारकाधीश, रामेश्वरम व जगन्नाथ पुरी धाम पर युवा संगठन की राष्ट्रीय बैठकों का आयोजन हो चुका है। राष्ट्रीय खेल महोत्सव 'AIMS' का आयोजन पश्चिमी राज. प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन के आतिथ्य में जोधपुर में दिसंबर माह में करने का निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम 'हम है सुपरस्टार' का आयोजन 19-20-21 अगस्त 2022 को छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन के आतिथ्य व रायपुर जिला माहेश्वरी युवा संगठन के आयोजकत्व में किया जा रहा है जिसके ''लोगो'' का विमोचन किया गया। व्यापार व्यवसाय को बढ़ाने और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 'बिजनेस ऐप' की लॉन्चिंग की जा रही है। 'माहेश्वरी बिजनेस एक्सपो' की ऐतिहासिक सफलता की सभी के द्वारा सराहना की गई। लगभग 1 लाख से अधिक विजिटर ने एक्सपो को विजिट किया। कई स्टॉल धारकों को करोड़ों का व्यापार मिला। 'लोहार्गल मंदिर निर्माण' हेतु युवा संगठन के विभिन्न राष्ट्रीय पदाधिकारियों एवं प्रादेशिक संगठनों द्वारा 1 करोड़ रु. की सहयोग राशि एकत्रित करने के प्राप्त आश्वासन पर चर्चा हुई। बैठक का संचालन राष्ट्रीय महामंत्री आशीष जाखोटिया द्वारा किया गया। बैठक में नंदकिशोर लखोटिया, प्रवीण सोमानी, दीपक चांडक की गरिमामय उपस्थिति रही। साथ ही भरत तोतला, राजेश मंत्री सहित अन्य पदाधिकारियों व साथियों की उपस्थिति रही। बैठक की शुरुआत में प्रदेश अध्यक्ष केशव डागा, प्रदेश मंत्री राजीव लखोटिया, सुरेश कोठारी व वृहत्तर कोलकाता प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन के सभी साथियों ने बाहर से आये कार्यकारी मंडल व कार्यसमिति सदस्यों का स्वागत अभिनंदन किया।



॥ महेश नवमी के पावन पर्व पर सभी समाज बंधुओं को हार्दिक शुभकामनाएँ ॥

# मनभरी

## Manbhari® PRINTS


Sri Ramavtar Saboo


Srimati BimlaDevi


Sri Narendra Saboo


Sri Arvind Saboo

| | |
|---|---|
| R. A. Saboo | 93775 12471 |
| Narendra Saboo | 93774 29021 |
| Arvind Saboo | 94261 08133 |
| Pranav Saboo | 98257 84348 |
| Mukund Saboo | 97120 26343 |

## Manbhari® FARMS

VIP Road, Surat
M: 93774 29021

vedicmother.in   vedicmother

VEDIC mother

100% NATURAL & HOMEMADE
NO REFINED SUGAR | NO PRESERVATIVES

Homemade Gulkand | Chyavanprash
Organic Honey | Mirchi ka Aachar
Body Cleanser | Milk Masala | Sitopaladi


Bimla Devi Saboo
FOUNDER
+91 94268 12471


Sakshi Saboo
CO- FOUNDER
+91 99093 96646




**ORDER NOW!**
HOME DELIVERY AVAILABLE

## बायोडाटा अवलोकन संपन्न



**भीलवाड़ा।** मेवाड़ माहेश्वरी मंडल द्वारा गत 5 जून को चतुर्थ मासिक परिचय पत्रक बायोडाटा अवलोकन कार्यक्रम 1:00 बजे से 4:00 बजे तक दोपहर में माहेश्वरी भवन नागोरी गार्डन भीलवाड़ा में संपन्न हुआ। इसमें चित्तौड़, अजमेर, बेलगांव (कर्नाटक), गुलाबपुरा, गंगरार, विजयनगर, बिगोद, बनेड़ा, मांडलगढ़, रूपाहेली, बंबोरी, सिंहपुर, कन्नौज आदि स्थानों के प्रत्याशियों के अभिभावकों ने बायोडाटा का अवलोकन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजेश बाहेती, आदित्य विक्रम बिरला व्यापार सहयोग केंद्र, चेन्नई रमेश राठी कोषाध्यक्ष जिला भीलवाड़ा, सुरेश कचोलिया नारायण जागेटिया आदि ने किया।

## जौहरी परिवार ने लिया देहदान का संकल्प



**जोधपुर।** समाज के प्रतिष्ठित जौहरी परिवार ने देहदान का संकल्प लेकर चिकित्सा विज्ञान में अनुठा योगदान दिया है। इसके अंतर्गत सर्वप्रथम जौहरी परिवार के विनोद जौहरी ने वर्ष 2014 में देहदान का संकल्प लिया था। इसके पश्चात् उनकी प्रेरणा स्वरूप ब्रजलता-अशोक जौहरी, उनके पुत्र विनीत जौहरी व उनकी धर्मपत्नी पायल जौहरी ने देहदान का संकल्प लेकर समाज को प्रेरित किया है।

## साबू ने की ''वैदिक मदर'' की शुरुआत



**सूरत।** अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन की पूर्व अध्यक्ष 72वर्षीय विमलादेवी साबू अभी तक सिर्फ समर्पित समाजसेवी के रुप में जानी जाती थीं। अब उन्होंने अपने आयुर्वेदिक उत्पाद निर्माण के उद्यम ''वैदिक मदर'' की शुरुआत से व्यवसाय जगत में एक नयी पहचान 72 वर्ष की इस उम्र में बनाना प्रारम्भ की है। कोरोना काल में श्रीमती साबू ने आयुर्वेदिक उत्पादों का महत्व समझा तथा वर्ष 2021 में अपने उद्यम ''वैदिक मदर'' की शुरुआत कर दी। इसमें वे स्वयं अपने हाथों से च्यवनप्राश, गुलकंद, शितोफलादि चूर्ण आदि कई आयुर्वेदिक उत्पाद बनाती हैं। अपनी उत्कृष्टता के कारण ''वैदिक मदर'' के नाम से यह सभी उत्पाद अत्यधिक लोकप्रिय हो रहे हैं। अपने इस उद्यम द्वारा उन्होंने सिद्ध कर दिखाया कि उम्र की कोई बाधा काम के जुनून को रोक नहीं सकती। इतना ही नही वे अपने इस उद्यम के साथ-साथ अपनी समाजसेवी गतिविधियों को भी बखूबी निभा रही हैं। उल्लेखनीय है कि आप एक प्रखर वक्ता भी हैं।

## सामाजिक सुरक्षा योजना का संचालन

**सूरत।** सामाजिक सुरक्षा योजना गुजरात प्रांतीय माहेश्वरी सभा के अंतर्गत गुजरात माहेश्वरी चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित है। इसमें पहले साल 3500 का चेक और उसके बाद से हर साल 1500 का चेक देना होता है। प्रूफ में आधार कार्ड का जेरॉक्स और दो फोटो लगेगा और इस सुरक्षा योजना में अगर किसी कारण मृत्यु हो जाये तो मृत्यु प्रथम वर्ष में होने पर 1 लाख रूपए, द्वितीय वर्ष में होने पर 2 लाख रुपए, तीसरे वर्ष में होने पर तीन लाख और उसके बाद में होने पर 5 लाख का चैक परिवार के सदस्य को तुरंत प्रभाव से दिया जायेगा। मृत्यु प्रमाण पत्र की कॉपी जमा करवानी होगी। मृत्यु कैसे हुई उसकी कोई पुछताछ नही होगी। 65 साल की उम्र तक ही योजना जारी रहेगी। स्कीम गुजरात में रहने वाले 21 वर्ष से लेकर 55 वर्ष की उम्र वाले सभी माहेश्वरी समाज परिवार के लिए है। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए सीए सुरेश काबरा मो. 98250 59665 व हनुमान लोहिया मो. 99250 05532 से सर्म्पक कर सकते है।




॥ महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाएँ ॥

# गुजरात प्रान्तीय माहेश्वरी सभा



अध्यक्ष
**गजानंद राठी**
सूरत




मंत्री
**कृष्ण कुमार चाण्डक**
अहमदाबाद




अर्थमंत्री
**सी.ए. लादूलाल जागेटिया**
हिम्मत नगर



संगठनमंत्री
**विनीत काबरा**
सूरत



उपाध्यक्ष (दक्षिणांचल)
**सी.ए. सुरेश काबरा**
सूरत



उपाध्यक्ष (मध्यांचल)
**ईश्वरलाल कोठारी**
अहमदाबाद



उपाध्यक्ष (सौराष्ट्र कच्छ)
**ओमप्रकाश काबरा**
मोरबी



संयुक्तमंत्री (दक्षिणांचल)
**भवानीशंकर करनानी**
अंकलेश्वर



संयुक्तमंत्री (मध्यांचल)
**जगदीश नवाल**
आनंद



संयुक्तमंत्री (सौराष्ट्र कच्छ)
**सुभाषचंद्र साबू**
गांधीधाम



कार्यालय मंत्री (अध्यक्ष)
**हनुमान लोहिया**
सूरत



कार्यालय मंत्री (मंत्री)
**सुरेश दम्मानी**
अहमदाबाद

## जिला महिला संगठन का गठन



**सूरत।** जिला माहेश्वरी महिला संगठन का गठन गत 1 अप्रैल 2022 को सिटी लाइट स्थित माहेश्वरी भवन में किया गया। गठन प्रक्रिया अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला मंडल की भूतपूर्व अध्यक्षा विमला साबू, अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन की मध्यांचल उपाध्यक्षा मंगल मर्दा, गुजरात प्रांत की अध्यक्षा उमा जाजू, गुजरात प्रान्त की सचिव मंजुश्री काबरा, जिला अध्यक्ष अविनाश चांडक एवं सूरत के सभी गणमान्यजनों एवं सभी संस्थाओं के पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुई। इसमें अध्यक्ष-वीणा तोषनीवाल, सचिव-प्रतिभा मोलासरिया, कोषाध्यक्ष वंदना भंडारी, संगठन मंत्री-श्वेता जाजू, सांस्कृतिक मंत्री-रेखा पोरवाल को मनोनीत किया गया। संभाग से 4 उपाध्यक्ष व 4 सह सचिव एवं 10 समितियों का गठन किया गया।

## बेडमिंटन स्पर्धा का हुआ आयोजन



**सूरत।** महेश नवमी महापर्व के विशेष अवसर पर सूरत जिला माहेश्वरी सभा के अन्तर्गत आने वाले शंकर संभाग (अड़ाजन घोड़दौड़ रोड़ माहेश्वरी सभा, भटार माहेश्वरी सभा, सिटी लाइट पिपलोद माहेश्वरी सभा) द्वारा गत 29 मई को सूरत जिला में निवास करने वाले माहेश्वरी महिलाओं एवं पुरुषों के लिए बैडमिंटन प्रतियोगिता टीपी 10, पाल-अडाजन में आयोजित की गई। इसमें समाज के सभी वर्गों के सदस्यों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में 120 प्रविष्ठियां आईं। कार्यक्रम के अन्त में सिंगल्स और डबल्स खिताब जीतने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में सूरत जिला सभा अध्यक्ष अविनाश चांडक, जिला सचिव संदीप धूत, जिला उपाध्यक्ष योगेश भांगड़िया, अनिल मूंदड़ा, राम अवतार झंवर, दुर्गा प्रसाद भट्टर, गुजरात प्रांत सभा के कार्यालय मंत्री हनुमान लोहिया सहित कई गणमान्यजन उपस्थित थे।

*लोग कहते हैं कि दुःख बुरा होता है*
*जब भी आता है हमें रुलाता है लेकिन*
*मेरा मानना है कि दुःख अच्छा होता है*
*जब भी आता है अपनो की पहचान करवाता है।*

## मिसमॅच कॉमेडी नाईट का हुआ आयोजन




**औरंगाबाद।** गत 12 जून को स्टैंडअप कॉमेडी क्लब की ओर से एक होटल में मिसमॅच कॉमेडी नाईट का आयोजन किया गया। इसमें कुल 24 कॉमेडीयन्स ने भाग लिया। कॉमेडी नाईट के आयोजक संजय मंत्री, वर्षा मंत्री, रूपेश बाहेती व ममता बाहेती थे। कॉमेडी किंग का सचिन चितलांगी, कॉमेडी क्विन का डॉ. सीमा लखोटिया, बेस्ट मिसमॅच पुरुष-संतोष दाड व बेस्ट मिसमॅच महिला का पुरस्कार अर्चना चितलांगी को दिया गया। कॉमेडी नाईट का संचालन रूपेश बाहेती, ममता बाहेती एवं वर्षा मंत्री ने किया। आभार संजय मंत्री ने माना। इस अवसर पर डॉ. रोहित बंग, निलेश चितलांगी, श्याम खटोड, संजय दरक, रवि भट्टड, डॉ. मानसी बंग, कोमल भट्टड़, स्मिता दरख, पूजा चितलांगी, भारती तोतला, स्वाती खटोड़ आदि उपस्थित थे।


।। जय महेश ।।

महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं


मुरली राठी


अजय राठी


रेयांश राठी


घनश्याम राठी
कोषाध्यक्ष
माहेश्वरी ट्रस्ट, नागदा

प्रतिष्ठान
- शिवनारायण दामोदर दास राठी
- माहेश्वरी ट्रेडर्स
- राठी एजेंसी
- कमला कृषि फार्म हाउस, ग्राम हताई पालकी, नागदा

शैक्षणिक एवं कोचिंग संस्थान के समीप स्थित

# इन्दौर शहर में

## अपने सपने साकार करने के लिए
## घर से दूर रहने वाले स्टूडेंट्स के लिए
## घर जैसा सर्व सुविधायुक्त
## बॉयज़ हॉस्टल

SHRIMATI SITADEVI JAINARAYAN JAJU MAHESHWARI BOYS HOSTEL

# श्रीमती सीतादेवी जयनारायन जाजू माहेश्वरी बॉयज़ हॉस्टल

रिंग रोड, 248 मूसाखेड़ी, तीन इमली चौराहा के समीप
पानी की टंकी के सामने, इन्दौर 452 016 (म.प्र.)
फोन : +91-731-2403051, 094258-55437
sjjmhostel@gmail.com • www.boyshostelindore.com
http://www.facebook.com/Boys Hostel Indore

सर्व सुविधा युक्त विशेष तौर से
उच्च शिक्षा
सीए के लिए आरक्षित



## बॉयज़ हॉस्टल में सुविधाएं:

- विद्यार्थियों के निवास हेतु सर्व सुविधायुक्त 76 ए.सी. कमरें अटेज्ड वाशरुम • कम्प्यूटर एवं वाई-फाई युक्त ई-लाईब्रेरी • रीडिंग रुम
- सीसीटीवी कैमरा द्वारा सिक्युरिटी • आधुनिक जिम
- कॉन्फ्रेंस रुम • जनरेटर • वॉशिंग मशीन
- आधुनिक ऑडिटोरियम • 2 हाई स्पीड लिफ्ट
- कवर्ड पार्किंग सुविधा • अल्टा मॉर्डन किचन
- डायनिंग हॉल • सोलर वॉटर हीटर
- आर.ओ वॉटर • कूलर • बस सुविधा

◆ हॉस्टल पहुँच मार्ग ◆




हॉस्टल में प्रवेश संबधी पूछताछ एवं विज़िट हेतु
समय प्रात: 11 से सांय 5 बजे

चेयरमेन : रामअवतार जाजू - 98260 44000, सचिव : सी.ए. भरत सारड़ा - 0731-2510070, कोषाध्यक्ष : मुकेश कचोलिया - 96306 00001

# श्रीमती सीतादेवी जयनारायन जाजू माहेश्वरी हॉस्टल
# ए बी माहेश्वरी एज्युकेशनल ट्रस्ट, इंदौर

अ.भा. माहेश्वरी महासभा की प्रेरणा से गठित

## फ्रेंड्स ग्रुप ने ली पद की शपथ



**इंदौर ( म.प्र. )।** माहेश्वरी फ्रेन्ड्स ग्रुप शपथ विधि समारोह माई मंगेशकर सभा ग्रह में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि राजेश स्मिता मूंगड़ अध्यक्ष इंदौर जिला माहेश्वरी समाज व लक्ष्मण मीना मूछाल-अध्यक्ष माहेश्वरी सहकारी पेड़ी इंदौर थे। श्री गुंगड़ ने ग्रुप के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सूर्यप्रकाश संतोष झंवर, सचिव -भरत सावित्री भट्टड़, उपाध्यक्ष- पुरुषोत्तम-रमा मानधन्या, कोषाध्यक्ष-गोपाल-मंजुला अजमेरा, सह-सचिव-मुकेश कल्पना मानधन्या, प्रचार मंत्री सम्पत कुमार राधा साबू को शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में सुरेश सावित्री सिंगी, गोविन्द उषा राठी, कैलाश गीता सोमानी सहित समाज के सदस्य दम्पत्ति उपस्थित थे। उक्त जानकारी ग्रुप के प्रचार मंत्री सम्पत कुमार राधा साबू ने दी।

## सखी संगठन ने दिया पर्यावरण संरक्षण संदेश



**अहमदाबाद।** माहेश्वरी सखी संगठन द्वारा अध्यक्षा अनुराधा अजमेरा व सचिव निक्की राठी के नेतृत्व में 9 जून 2022 को महेश नवमी पर्व का आयोजन पंडित दीनदयाल सभागार में किया गया। इसमें पंचतत्व (पृथ्वी, अग्नि, जल, वायु, आकाश) का महत्व और पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया। इस नृत्य नाटिका में नवीनतम तकनीक का उपयोग कर कार्यक्रम को और भी भव्य और सुंदर रूप दिया गया। प्रतिभागियो में हर उम्र और लिंग के करीबन 90 लोगो ने हिस्सा लिया। अध्यक्ष अनुराधा अजमेरा ने स्वागत भाषण दिया। सचिव निकी राठी ने आभार प्रकट किया।

## शीतल जल प्याऊ का शुभारम्भ



**नागपुर।** माहेश्वरी संगठन महल मध्य नागपुर व ज्योति महिला मंडल ने इतवारी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर चार व पांच के मध्य ठंडे पानी की मशीन का लोकार्पण किया। पूर्व में संगठन द्वारा सीताबर्डी रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 4 और 5 पर भी इस तरह की सुविधा माहेश्वरी संगठन महल द्वारा उपलब्ध कराई जा चुकी है। माहेश्वरी संगठन महल मध्य नागपुर के अध्यक्ष मधुसुदन बिंझानी एवं सचिव विजय लड्ढा के अथक प्रयासों से एक महीने से कम अवधि में ही वाटर कूलर उपयोग हेतु तैयार कर दिया गया। नगर माहेश्वरी सभा के पूर्व अध्यक्ष पुरुषोत्तम मालू, नागपुर जिला माहेश्वरी संगठन के अध्यक्ष दिनेश राठी, नगर माहेश्वरी सभा नागपुर के अध्यक्ष कृष्णा राठी, माहेश्वरी पंचायत सीताबर्डी के अध्यक्ष शिवदास राठी, गोपाल चांडक आदि की उपस्थित रही।

## सांस्कृतिक संध्या का वर्चुअल आयोजन





**कोटा।** अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा एवं अखिल भारत वर्षीय महिला संगठन के अंतर्गत पर्व एवं सांस्कृतिक समिति द्वारा हमारे उत्पत्ति दिवस ''महेश नवमी पर्व'' के उपलक्ष में वर्चुअल सांस्कृतिक संध्या का आयोजन जूम के माध्यम से किया गया। इसके अंतर्गत लगभग 500 महिला, पुरुष एवं पूरे-पूरे परिवार ने एक साथ इस कार्यक्रम का आनंद लिया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का विषय था ''मां तेरे रूप अनेक'' जिसे पांचों अंचल द्वारा 27 प्रदेशों के अंतर्गत मात्र 10 दिन से 12 दिन के अंदर तैयार करवा वीडियो मंगवा कर दिखाया गया। इस विषय के अंतर्गत दक्षिणांचल द्वारा ''भारत माता'', पश्चिमांचल द्वारा ''दुर्गा मां के तीन रूप'', मध्यांचल द्वारा ''मां देवकी मां यशोदा'', पूर्वांचल द्वारा ''पन्नाधाय'' एवं उत्तरांचल द्वारा ''सासू मां'' विषय पर मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य अतिथि के रूप में महासभा के पूर्व अध्यक्ष रामपाल सोनी, महामंत्री संदीप काबरा, संगठन मंत्री अजय काबरा, नारायण राठी आदि उपस्थित थे। राष्ट्रीय महिला संगठन से - राष्ट्रीय अध्यक्ष आशा माहेश्वरी, महामंत्री मंजू बांगड़, कोषाध्यक्ष ज्योति राठी, संगठन मंत्री शैला कलंत्री, रतनी देवी सहित समस्त पदाधिकारी व बड़ी संख्या में सदस्याऐं उपस्थित थीं।



किस विधि वंदन करूं तिहारो,
औघड़दानी त्रिपुरारी बलिहारी बलिहारी जय महेश बलिहारी



माहेश्वरी समाज के वंशोत्पति दिवस महेश नवमी पर्व
की बधाई व शुभकामनाएं

# पूर्वी उत्तर प्रदेश
# माहेश्वरी महिला संगठन



श्रीमती भारती करवा
राष्ट्रीय कार्य समिति



श्रीमती शशी नेवर
उत्तरांचल सयुक्त मंत्री



श्रीमती ऊषा झँवर
अध्यक्ष



श्रीमती रंजना मूंधडा
मंत्री



श्रीमती सीमा लड्ढा
संगठन मंत्री



श्रीमती नीतू धूत
कोषाध्यक्ष

## निःशुल्क हड्डी रोग परामर्श शिविर सम्पन्न



**ब्यावर (राज.)।** श्री माहेश्वरी पंचायत बोर्ड ब्यावर एवं शेल्बी हॉस्पिटल, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क हड्डी रोग परामर्श कैंप का आयोजन किया गया। शिविर संयोजक-अमरचंद मूंदड़ा ने बताया कि मुख्य बाजार स्थित माहेश्वरी भवन, श्रद्धानन्द बाजार, ब्यावर में निःशुल्क हड्डी रोग परामर्श कैंप लगाया गया। कैंप में 225 रोगियों का पंजीयन हुआ सभी को शेल्बी हॉस्पिटल से आए चिकित्सकों ने देखा व परामर्श दिया। शिविर में निःशुल्क 325 रोगियों की टी.एस.एच (थाईराईड), बी.एम.डी (हड्डियो की जांच) आदि की जांच की गई। शिविर का शुभारम्भ श्री माहेश्वरी पंचायत बोर्ड ब्यावर के अध्यक्ष-विष्णुगोपाल हेड़ा, संयोजक-अमरचंद मूंदड़ा व कार्यकारणी सदस्यों, डॉ. की टीम, सेवा संगठन, महिला परिषद ने मिलकर भगवान महेश की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। कैम्प का संचालन-राजेंद्र काबरा ने किया। शिविर में सत्यनारायण तापड़िया, कैलाश जाजू, सुशील झवर, प्रशान्त भराडिया, ललित भूतड़ा, मुकेश झंवर, सुनील मूंदड़ा, प्रवीण हेड़ा, अशोक नवाल, पुनीत टवानी, श्रीकांत बिहानी, आशीष झंवर, मंजू काबरा, नीतू राठी आदि समस्त कार्यकर्ताओं ने सेवा दी।

## निर्जला एकादशी पर शर्बत वितरण



**रतनगढ़।** निर्जला एकादशी के मौके पर माहेश्वरी सभा ट्रस्ट के तत्वावधान में माहेश्वरी महिला मंडल ने माहेश्वरी भवन के आगे शर्बत पिलाया। महिला मंडल की अध्यक्ष सरिता चांडक, मंत्री चन्दा सोनी, मंजू पेड़ीवाल, कृष्णा जाजू, किरण तापड़िया, रुपाली लढ़ा, सुनीता झंवर, मंजू लढ़ा आदि ने अपनी सेवायें दी। इस मौके पर सभा के ट्रस्टी नरेंद्र झंवर, जिलाध्यक्ष नरेश पेड़ीवाल, रजनीकांत सोनी एडवोकेट, महेश जाजू, राकेश जाजू, रामोतार चांडक, योगेश लढ़ा, पूर्णिमा लढ़ा आदि भी उपस्थित थे।

## चांडक को मास्टर ऑफ बिजनेस सम्मान

**पुणे।** धार्मिक क्षेत्र में अग्रसर श्री माहेश्वरी बालाजी मंदिर कसबा पेठ संस्था के सदस्य तथा चांडक ट्रेडिंग कंपनी के संचालक राणीदान चांडक को पुणे मर्चेन्ट्स चेंबर्स संस्था की ओर से इस वर्ष के ''मास्टर ऑफ बिजनेस'' यह पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्री चांडक को यह सम्मान राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरदराव पंवार के करकमलों द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्था के अनिल राठी, अशोक जाजू, प्रशांत मूंदड़ा, प्रदीप सारडा, रमेश लाहोटी तथा रत्नेश राठी उपस्थित थे। जानकारी सुरेश नावंदर ने दी।

SHREE GROUP
Stitch Well ! Pack Well !!
# SHREE GROUP
Yarns | Threads | Ultimate Packaging Solutions

PRODUCTS
- Bopp Tapes.
- Industrial Tapes.
- Bag Closing Threads.
- Bag Closing Machines.
- Industrial Plastic Bags And Sheets.
- Strapping Patti.



"Mehta Compound " S.No.233 1/1, Next to Ring road, Beside Sky heights, Opp. Ekdant Enclave, Ultan Faliya, Village Amli, Silvassa, 396230. U T OF DNH, India.

98250 21125, 99250 31125
shreethreads@gmail.com
visit us www.shreegrpindia.co.in

# छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा

## की ओर से
## महेश नवमी की
## हार्दिक शुभकामनायें



| | | | |
|---|---|---|---|
| **रामरतन मूंधड़ा**<br>प्रदेश अध्यक्ष | **सुरेश मूंधड़ा**<br>प्रदेश मंत्री | **नंदकिशोर राठी**<br>संगठन मंत्री | **ओमप्रकाश टावरी**<br>कोषाध्यक्ष |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **विट्ठल भूतड़ा**<br>निवृतमान अध्यक्ष | **नारायण राठी**<br>निवृतमान प्रदेश मंत्री | **डॉ. सतीश राठी**<br>उपाध्यक्ष | **राजकुमार गांधी**<br>उपाध्यक्ष | **सुरेन्द्र चांडक**<br>उपाध्यक्ष |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **सूरज प्रकाश राठी**<br>सह मंत्री | **प्रकाश माहेश्वरी**<br>संयुक्त मंत्री | **रमेश केला**<br>संयुक्त मंत्री | **शरद राठी**<br>संयुक्त मंत्री |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **अजय सारडा**<br>जिलाध्यक्ष<br>रायपुर | **डॉ. रमेश भट्टड़**<br>जिलाध्यक्ष<br>बिलासपुर | **नरेंद्र राठी**<br>जिलाध्यक्ष<br>दुर्ग | **सुनील मूंधड़ा**<br>जिलाध्यक्ष<br>राजनांदगांव | **श्रीकिशन सारडा**<br>जिलाध्यक्ष<br>धमतरी | **गजेंद्र चांडक**<br>जिलाध्यक्ष<br>बस्तर |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **सी.ए. मनोज राठी**<br>प्रबंध न्यासी<br>महेश सेवा निधि टस्ट | **बालकिशन झंवर**<br>मानद मंत्री<br>महेश सेवा निधि टस्ट | **सौ. अमिता मूंधड़ा**<br>अध्यक्षा<br>प्रदेश महिला संगठन | **सौ. भावना राठी**<br>महामंत्रानी<br>प्रदेश महिला संगठन | **रूपेश गांधी**<br>अध्यक्ष<br>प्रदेश युवा संगठन | **अरुण डागा**<br>सचिव<br>प्रदेश युवा संगठन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **डी डी भूतड़ा**<br>संयोजक<br>श्री आ.वि. बिड़ला व्या. सहयोग केन्द्र | **नरेंद्र लोहिया**<br>संयोजक<br>श्री बांगड़ मा.मे.वे. सोसा. | **डॉ. रवि राठी**<br>चिकित्सा प्रकोष्ठ | **लक्ष्मीनारायण चांडक**<br>प्रचार प्रसार (ग्रामीण) |

| | | |
|---|---|---|
| **सुभाष भट्टड़**<br>जनगणना प्रकोष्ठ | **गोविन्द इनानी**<br>मा. पत्रिका संयोजक | **जगदीश चाण्डक**<br>महेश नवमी संयोजक |

**सादगी के साथ सेवा**

# पर्यावरण संरक्षण में भी निभाए अग्रणी भूमिका



**इन्दौर।** श्री माहेश्वरी समाज संयोगितागंज द्वारा महेश नवमी के प्रसंग पर आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह में पर्यटन एवं पर्यावरण मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने पर्यावरण में भी अग्रणी भूमिका निभाने की माहेश्वरी समाज से अपील की। सुश्री उषा ठाकुर ने कहा कि मध्य प्रदेश की पवित्र नदियों के तटों पर 500-500 मीटर के जमीन के हिस्सों पर वृक्षारोपण माहेश्वरी समाज की संस्थाए करें। उन्हें तीन-चार वर्षों तक संभाले जिससे हम नदियों के संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभाएं। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि माहेश्वरी भवन नवलखा एवं संगठन की स्थापना करने वाले उन समाजसेवियों का सम्मान किया गया। जिन्होंने 50 वर्ष पूर्व इस संगठन एवं भवन को बनाने में महती भूमिका निभाई थी। श्री लालवानी ने स्वर्णिम स्वर्ण जयंती अवसर पर 30 से अधिक समाजसेवियों का सम्मान अभिनंदन पत्र देकर किया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष मुकेश असावा तथा पश्चिम अंचल माहेश्वरी प्रादेशिक सभा के अध्यक्ष ओम प्रकाश भराणी ने भी सभी समाज जनों को महेश नवमी की शुभकामनाएं दी। संस्था मंत्री केदार हेड़ा ने बताया कि इसमें 30 समाजबंधुओं का सम्मान किया गया जिसमें से वर्तमान में 8 सदस्य मौजूद होने पर उनको 22 महापुरषों को मरणोपरांत परिवार को सम्मानपत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

# अमृत महोत्सव में सामाजिक परियोजनाऐं



**बैंगलुरु।** बैंगलुरु-मैसूर जिला माहेश्वरी सभा, माहेश्वरी सभा बैंगलुरु तथा माहेश्वरी सभा मैसूर द्वारा स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर अमृत महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इसमें दानदाता स्वेच्छा से अपना तन-मन-धन से योगदान दे रहे है। अमृत महोत्सव (75 सामाजिक परियोजनाएं) के अंतर्गत 15 दिनों में 7 परियोजनाओं का निष्पादन हुआ। इसके अंतर्गत कमल करनानी ने 03 जून को विक्टोरिया मेमोरियल हॉस्पिटल मे 7 जरूरतमंद व्यक्तियों को कृत्रिम अंग लगवाने में सहयोग दिया। अरविंद लोया ने 06 जून को ज्ञानज्योति फाउंडेशन (स्कूल फॉर ब्लाइंड) में स्पीकर्स, हेडफोन्स एवं अन्य उपकरण भेंट किये। अंकित कोठरी ने 06 जून को गुरूजी विद्यानिकेतन के लिए आर.ओ. वाटर फिल्टर भेंट किया। सुरेंद्र थिरानी ने 08 जून को नीड बेस इंडिया-लक्ष्य उड़ान होम को फ्रीज भेंट किया। नन्दकिशोर राठी ने 09 जून को हिन्दू सेवा प्रतिष्ठान को 4 मोटरयुक्त सिलाई मशीन भेंट की। किशन राठी ने 09 जून को विनर्चर फाउंडेशन को 43 इंच का टेलीविज़न सेट भेंट किया। महावीर प्रसाद काबरा ने 09 जून को ग्रामीण इलाकों के परिवारों को बर्नर के साथ 5 किलो क्षमता के 20 गैस सिलेंडर भेंट किये। यह कार्य डॉ. मुहम्मद हुसैन द्वारा संचालित डॉ. इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से किया गया।

## ॥ श्रद्धांजलि ॥

# विष्णुदास राठी



**इन्दौर।** प्राकृतिक चिकित्सा, योग व ध्यान आदि से अपने आपको लम्बे समय तक चुस्त दुरूस्त रखने वाले 95 वर्षीय इंदौर निवासी व्यवसायी तथा वरिष्ठ समाजसेवी श्री विष्णुदास राठी का गत 14 जून को देहावसान हो गया। आप अपने पीछे पुत्र अखिलेश, पौत्र कान्हा तथा भतीजों कमल किशोर व आलोक रंजन राठी आदि का भरापूरा शोकाकुल परिवार छोड़ गये हैं। अपनी तमाम व्यवस्तताओं के बावजूद आप माहेश्वरी समाज सहित कई समाजसेवी संस्थाओं के माध्यम से अपना योगदान दे रहे थे। टैक्सटाइल्स, पॉवर केबल्स, स्टील वायर, स्टील ट्यूब, फूड इंडस्ट्रीज आदि विभिन्न उद्योगों में विगत 68 वर्षों से सफलतापूर्वक कार्यरत रहकर अपने व्यवसाय सवित यूनिवर्सल लिमिटेड के चेयरमैन पद पर रहे।

# श्रीमती गीतादेवी चांडक



**दिल्ली।** गत 16 जून को समाज की वरिष्ठ 90 वर्षीय गीतादेवी धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री मदनलाल चाण्डक का स्वर्गवास हो गया। उनकी अंतिम इच्छानुसार पैतृक गांव श्री डूंगरगढ़ में 17 जून को अग्निसंस्कार पुत्र राजेश ने मुखाग्नि देकर किया। श्रीमती चाण्डक के बड़े दामाद इन्द्रचन्द राठी बांगड़ माहेश्वरी मेडिकल वेलफेयर सोसाइटी के मानद् ट्रस्टी और मझले दामाद जुगलकिशोर सोमाणी अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के निवर्तमान पदाधिकारी, बांगड़ मेडिकल के मानद् ट्रस्टी तथा महासभा के कार्यसमिति सदस्य हैं।

# पैकेजिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**पुणे।** ख्यात उद्योगपति राजेंद्र तापडिया को कम्पनी सेफपॅक इंडस्ट्रीज लि. को World Star Award के साथ-साथ प्रेसिडेंट ब्राँज अवॉर्ड से मिलान (इटली) में नवाजा गया। यह वर्ल्ड स्टार सम्मान ''वर्ल्ड पॅकेजिंग ऑर्गनाइजेशन'' द्वारा आयोजित विश्व स्तरीय सर्वोत्तम पॅकेजिंग प्रतियोगिता में दिया जाता है। वर्ल्ड पॅकेजिंग ऑर्गनाईजेशन के प्रेसिडेंट डॉ. पियर के करकमलो द्वारा कंपनी में मॅनेजिंग डायरेक्टर राजेंद्र तापडिया एवं डायरेक्टर अंजली तापडिया को एक समारोह में यह सम्मान प्राप्त हुआ।




लघुकथा

# बर्तनों की जुबानी...



शहर में समाज के वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जा रहा था। सभी समाजबंधुओ में बहुत उत्साह था। दो साल बाद कार्यक्रम हो रहे थे, सभी मिलने जुलने और कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए लालयित थे। खेलकूद के साथ विभिन्न प्रतियोगिताये भी आयोजित की जा रही थी। रीना ऋषभ भी प्रतियोगिताओ में हिस्सा ले रहे थे। ''परिवार का वंशवृक्ष बनाओ'' एक प्रतियोगिता रखी गई थी, जिसमें 7 पीढ़ियों के नाम भरना आवश्यक था।

दोनो ने माता पिता और रिश्तेदारों की सहायता से 6 पीढ़ी तक तो खोज लिए। लेकिन 7वी पीढ़ी के नाम उन्हें लाख कोशिशों के बाद भी नही मिल रहे थे। पिताजी की सलाह के बाद उन्होंने मथुराजी के पंडो से भी सम्पर्क किया, पर उन्हें वहाँ भी असफलता ही हाथ लगी। अचानक मां को ध्यान आया इलाहाबाद वाली पापा की ताईजी जरूर बता सकती हैं। तुरंत उन्हें फोन लगाया गया, पूरी बात बताने पर पहले तो उन्होंने मना कर दिया कि अब उन्हें याद नही रहता, फिर जैसे अचानक उन्हें कुछ याद आया बोली कल फोन करना बताती हूँ। उम्मीद की डोर बंध गई थी, दूसरे दिन फिर फोन लगाया गया और ताई जी ने तुरंत सातवीं पीढ़ी के नाम बता दिए, दोनो अचरज में डूबे हुए थे। बोले ताई जी कौन सी दवाई खाई कि आपको नाम याद आ गये? हंसते हुए ताईजी बोली ना रे कोई दवा नही खाई वो तो अटाले पर जो बड़े-बड़े पुराने बर्तन रखे हुए थे। मेरे पास सास की सास के जमाने के उसमे से ही खोज के बताए हैं हम। बच्चों, पहले बर्तनों में घर के बड़ो के नाम लिखवाये जाते थे वो भी छेनी की सहायता से, तो वो आज भी लिखे हुए हैं मिटे नही हैं इसलिए नाम खोजने में आसानी हो गई थी। उन्हें नाम मिल गए, सुंदर आर्ट के साथ उन्होंने वंशवृक्ष बनाया और सातवी पीढ़ी तक नाम होने के कारण विजेता घोषित किये गए।

■ शीला-अशोक तापड़िया, नागपुर

# मूंधड़ा का हुआ सम्मान



**मालेगाँव।** महेश नवमीं के अवसर पर श्री माहेश्वरी प्रगति मंडल, मालेगांव द्वारा कवियत्री-लेखिका सुमिता मूंधड़ा को उनके साहित्य सृजन हेतु सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि श्रीमती मूंधड़ा ने अपनी कलम द्वारा साहित्य जगत में अपनी विशेष पहचान बनाई है एवं सामाजिक कार्यों में भी सदैव अपना योगदान देती रही है।

# योग कक्षा का किया आयोजन



**कांटाफोड़ ( देवरस )।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर माहेश्वरी महिला मंडल ने योगा कक्षा का शुभारम्भ किया। कक्षा के माध्यम से योग के विभिन्न आसनों से अवगत कराया जा रहा है। जानकारी देते हुए अध्यक्ष जयश्री होलानी एवं सचिव हर्षिता सोमानी ने बताया कि योग दिवस पर समाज द्वारा आठ दिवसीय योग कक्षा का शुभारम्भ किया गया। कक्षा में शरीर को स्वस्थ और तंदुरूस्त बनाने के उपाय बताए गये। महिलाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कक्षा में प्रशिक्षण सीमा सारडा द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष जयश्री होलानी ने किया।

# नेत्र परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन



**इंदौर।** जिला माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा निःशुल्क नेत्र एवं मोतियाबिंद परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। संस्था अध्यक्ष सुमन सारड़ा ने बताया कि राजस व रोशनी हॉस्पिटल की टीम के सहयोग से लगभग 250 लोगों का परीक्षण बहुत ही अच्छे तरीके से हुआ। जिन मरीजों को मोतियाबिंद पाया गया उनका ऑपरेशन भी राजस हॉस्पिटल में ही किया जा रहा है। कार्यक्रम की संयोजक पुष्पा मोलासरिया, साधना कचोलिया, रमा साबू, कविता बाहेती व सुनिता लड्ढा ने बहुत ही सराहनीय कार्य किया। आभार सचिव नम्रता राठी ने माना।

# योग उत्सव का किया आयोजन



**उज्जैन।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सोहम योग ग्रुप द्वारा योग उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर योगाचार्य डॉ. रामेश्वर परमार को माला व पुष्प से सम्मानित किया। यह जानकारी देते हुए संस्था प्रमुख मिलिंद तेलंग ने बताया कि विगत 4 वर्षो से योग के प्रति जागरूकता के लिए संस्था सतत सक्रिय है। आज संस्था के 40 से अधिक सदस्यों ने कोठी रोड स्थित मयूर पार्क में योगाचार्य डॉ. परमार के नेतृत्व में योग किया। इस अवसर पर सभी योग साथियों का योगी हनुमान और ''हमारे हनुमान'' पुस्तक भेंट कर अभिनंदन किया। इस कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक सुशीला परमार, राजश्री सुगंधी, करूणा कांबले, ममता उपाध्याय, शालिनी अग्रवाल, किरण राठौर, खुशाल चावड़ा, मनीषा डागा, विजय चतुर्वेदी, मंजू रावलानी, सरिता बाली, राजकुमार तिवारी, दीपाली गुजराती, पल्लवी पंड्या, संध्या तैलंग, धर्मेंद्र रघुवंशी, संजय सुगंधी, उषा छजलानी, राजेंद्र खंडेलवाल, पुष्कर बाहेती सहित कई सदस्यों ने भाग लिया।

महेश नवमी के पावन पर्व पर सभी समाज बंधुओं को
हार्दिक शुभकामनाएँ

Bhandari
CATERING SERVICES

Ramprakash Bhandari
Mob.: 98490-21541, 92465-32083

14-7-60, Begum Bazar, Hyderabad

## शुभकामना संदेश...

### आत्मचिंतन अवश्य करें



पावन पर्व महेश नवमी की मेरी ओर से हार्दिक मंगलकामनाएं। प्रारम्भ से ही माहेश्वरी समाज शिवोपासक रहा है। समाज का आरम्भ में मूल कर्म वाणिज्य-व्यापार होते हुए भी हमारा जीवन दर्शन सत्व, आध्यात्म व त्याग पर आधारित था। सच पूछा जाय तो वैश्य वर्ग के एक घटक के रूप में माहेश्वरी समाज की एक पृथक "माहेश्वरी संस्कृति" रही है, जिस पर हमें गर्व है। हमारे लिए यह गौरव की बात है कि अनेक विपरीत परिस्थितियों के होते हुए भी हम अपनी संस्कृति के संरक्षण हेतु तत्पर रहे हैं। वस्तुतः हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। वर्तमान समय में जबकि पूरी दुनिया सिमट कर छोटी होती जा रही है, वहां भी हम अपनी अलग पहचान बनाये हुए हैं। संगठन के लिए कार्यकर्ताओं का सृजन महती आवश्यकता है, वहीं समाज के आर्थिक एवं शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े परिवारों को एक-दो कदम आगे के पायदान पर पहुंचाने हेतु समयबद्ध योजना बना उसकी क्रियान्विति की नितान्त आवश्यकता है। इस चुनौती को हमें स्वीकार करना ही होगा। आशा है हमारे पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता प्रतिपादित सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ समाजजनों तक पहुंचाने हेतु प्रयास करेंगे। महेश नवमी पर्व के अवसर पर मैं समाज के भाई-बहनों से आत्मचिंतन करने का निवेदन करती हूँ।

**ममता मोदानी**
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (पश्चिमांचल)

### महेश नवमी पर्व सर्वजन हितकारी हो



माहेश्वरी जात्योत्पत्ति पर्व महेश नवमी की हार्दिक बधाई। अपने उद्भव काल से ही मानवीय एकता और सह अस्तित्व की भावना, सद्व्यवहार का संकल्प, आत्मानुशासन की प्रवृत्ति, अनुशासित व मर्यादित जीवन शैली का आचरण माहेश्वरी समाज के विभूषण रहे हैं। अपने कर्मक्षेत्र में महारत प्राप्त माहेश्वरी समाज ने सदैव राष्ट्र की सेवा, सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय को ही अपना लक्ष्य बनाया। चुनौतियों से भरे इस युग में समाज की इकाई के रूप में हम सबकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो गयी है। हमारा यह दायित्व बन जाता है कि सामाजिक एकता व संगठन को सुदृढ़ बनाने में रत संगठनों का नेतृत्व ऐसे हाथों में सौंपे जो अपने चिंतन, मनन एवं अनुभवों के आधार पर वक्त की नब्ज को पहचान कर समाज को उचित मार्गदर्शन प्रदान करें। राष्ट्र का अंग है समाज और समाज का अंग है व्यक्ति। आज हम यह संकल्प लें कि बिना किसी की प्रतिक्षा किये अपने दायित्व को समझ इस ओर अपना कदम उठायेंगे, तो ही समाज हित व कल्याण के लिए एक निष्ठावान समर्पित माहेश्वरी के रूप में गर्वित होंगे।

**रमेशकुमार बंग**
चेयरमेन
ए.पी. महेश को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लि.

## माहेश्वरी कन्वेंशन सेंटर का हुआ भूमिपूजन



**हैदराबाद।** समाजसेवी सत्यनारायण एवं उनकी धर्मपत्नी शांतिदेवी सोमाणी ने माहेश्वरी कन्वेंशन सेंटर का भूमिपूजन किया। शाम को पूज्यश्री कमलेशजी महाराज के मुखारबिंद से सुंदरकांड का पारायण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने पाठ का रसपान किया। उल्लेखनीय है कि माहेश्वरी भवन ट्रस्ट की स्थापना 2011 में माहेश्वरी मण्डल हैदराबाद (उत्तर) द्वारा भवन निर्माण के उद्देश्य से की गई है।

## घूमर नृत्य के साथ योग का अद्भुत आयोजन



**सीहोर।** संगीत और योग का मेल संतुलित मस्तिष्क और जीवन के लिए ज़रूरी है। उक्त विचार शहर के छावनी स्थित गार्डन में सरस्वती कथक (डांस) कला केन्द्र के तत्वावधान संगीत में और योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी अरुणा राय ने व्यक्त किये। सरस्वती कथक (डांस) कला केन्द्र के तत्वावधान में प्रशिक्षिका रुपाली सोनी ने बताया कि अन्तराष्ट्रीय योग एवं संगीत दिवस के उपलक्ष्य में महिलाओं एवं बच्चियों के लिये पहली बार संगीतमय कथक योगा का आयोजन किया गया। शहर की लगभग 100 से अधिक महिलाओं व बच्चियों ने इसमें बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

## राठी अन्तर्राष्ट्रीय सम्मान से अलंकृत



**कहिराई।** सृजनगाथा डॉट कॉम द्वारा इजिप्ट, काहिरा में प्रायोजित 19 वे अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन में गत 7 जून को हुए एक भव्य कार्यक्रम में जोधपुर के कथाकार हरिप्रकाश राठी को 'सृजनगाथा डॉट सम्मान' से अलंकृत किया गया। यह सम्मान उन्हें कहानी विधा में उल्लेखनीय कार्य करने हेतु दिया गया। इस समारोह में देशभर से 55 से अधिक साहित्यकार एवं स्थानीय प्रवासी भारतीय भी उपस्थित थे। श्री राठी ने अब तक करीब 150 कहानियां लिखी हैं जो उनके दस कहानी-संग्रह में शामिल हैं। वे एक स्तंभ लेखक भी हैं एवं उनके गत बीस वर्षों में 500 से अधिक राजनैतिक, सामाजिक विषयों पर आलेख भी प्रकाशित हुए हैं। पूर्व में भी उन्हें अनेक राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से नवाजा गया है। श्री राठी जोधपुर शहर में अनेक सामाजिक सरोकारों से भी जुड़े हैं। श्री राठी ने आज समारोह के द्वितीय सत्र की अध्यक्षता भी की। अपने उद्बोधन में उन्होंने साहित्य की घटती रुचि एवं उसके निवारण के अनेक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा भी की।

## कलश और देवेश को 'स्पिरिट ऑफ रामानुजन' फेलोशिप



**जलगांव ( खान्देश )।** पंकज और पल्लवी भैया की सुपुत्री और सुपुत्र कलश व देवेश को गणित में उत्कृष्टता के लिए 'स्पिरिट ऑफ रामानुजन' फेलोशिप से सम्मानित किया गया है। इस फेलोशिप का नेतृत्व अमेरिकी गणितीय सोसायटी के उपाध्यक्ष और वर्जीनिया विश्वविद्यालय में गणित के प्रोफेसर केन ओनो कर रहे हैं। पुरस्कार विजेताओं को अनुसंधान, अध्ययन और शिविरों के लिए सहायता के रूप में 5,000 डॉलर तक दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि कलश भैया का अंतरराष्ट्रीय 'अशोका यंग चेंजमेकर 2022' के लिये भी चयन हुआ है।

*परिवार घड़ी की सुइयों जैसा होना चाहिये, कोई छोटा हो कोई बड़ा हो, कोई स्लो हो, कोई फास्ट हो पर जब किसी के १२ बजाने हो तो सब एक साथ हो।*



## चुनरी महोत्सव का हुआ आयोजन




**इंदौर।** श्री दक्षिण माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा चुनरी महोत्सव का आयोजन गत 28 मई को किया गया। संस्था अध्यक्ष साधना कचोलिया व संस्था सचिव सुधा मूंदड़ा ने बताया कि इस कार्यक्रम में सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया जिसमें संस्था की ओर से सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का साड़ियां भेंट कर सम्मान किया गया। संयोजक कल्पना जाजू और पायल भट्ट ने बताया कि चुनरी मनोरथ उत्सव का आरंभ रामानुज कोट मंदिर से किया गया। रामघाट पर चुनरी मनोरथ संपन्न किया गया। संस्थापक अध्यक्ष दीप्ति भूतडा एवं निर्वतमान अध्यक्ष अन्नपूर्णा मूंदड़ा ने इस सफल कार्यक्रम के लिए बधाई प्रेषित की। कार्यक्रम में संस्था की सभी बहनों ने अत्यंत उत्साह पूर्वक अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की। पिंकी काकानी, ज्योति सोमानी, अनीता बांगड़, सीमा बेड़ियां, प्रज्ञा सोमानी, वंदना मूंदड़ा के साथ ही निशा कचोलिया, संगीता बियाणी, रुकमणी बाहेती, रेखा भूतड़ा, पूनम सोनी, सुषमा माहेश्वरी आदि कई सदस्याऐं उपस्थित थीं।

## प्रशासनिक सेवा मार्गदर्शन शिविर सम्पन्न



**पुणे।** प्रशासनिक सेवा मार्गदर्शन समिति (महाराष्ट्र प्रदेश माहेश्वरी सभा) एवं पुणे जिल्हा माहेश्वरी प्रगति मंडल (जिला सभा) के संयुक्त तत्वावधान में गत 29 मई को पुणे में माहेश्वरी युवाओं के लिए प्रशासनिक सेवा मार्गदर्शन शिविर आयोजित हुआ। इस शिविर में मार्गदर्शक के नाते पुनीत डागा IRS (आयकर उपायुक्त), अर्चित चांडक IPS (सहायक पुलिस अधीक्षक), सौम्या शर्मा चांडक-IAS (सहायक पुलिस जिलाधिकारी), प्रो. किशनप्रसाद दरक और नीरव सुरतवाला ने उपस्थित युवाओं को सिविल सर्विसेस के विषय में विस्तृत मार्गदर्शन करते हुए प्रश्नोत्तरी उपरांत अनेक छात्रों को वैयक्तिक मार्गदर्शन भी किया। कार्यक्रम में प्रदेश सभा के अध्यक्ष श्रीकिशन भंसाली, प्रदेश मंत्री मदनलाल मिनियार, प्रदेश कोषाध्यक्ष दिनेश सोमानी, युवा संगठन के प्रदेशाध्यक्ष हार्दिक सारडा, वरिष्ठ मार्गदर्शक हीरालाल मालू, माहेश्वरी विद्या प्रचारक मंडल पुणे की सचिव सुशीला राठी, पुणे जिला सभाध्यक्ष गोविंद मूंदड़ा, सचिव शेखर सारडा, संगठन मंत्री अभय करवा, पुणे जिला सभा कोषाध्यक्ष श्याम भट्टड एवं पुणे माहेश्वरी समाज के कई गणमान्यजन उपस्थित थे।

Harish Chandak
Mo. : 9100713837

समस्त समाज बन्धुओं को महेश नवमी की
हार्दिक एवं मंगलकामनाएं

Ganesh Chandak
Mo. : 9246565312

Shri Ram Enterprises
(House of Electrical Goods)

Crompton Greaves EVERYDAY SOLUTIONS | ALMONARD | HAVELL'S | khaitan
USHA | ANCHOR by Panasonic | Goldmedal SWITCHES & SYSTEMS | V-GUARD The name you can trust

@ 5-26, Near Bus Depot, Dilsukh Nagar, Hyderabad-60
Phone : 040-24051718, 24045312, 65291718
E-mail : shriramdsnr@gmail.com

## योग दिवस का किया आयोजन



**बैंगलुरू।** माहेश्वरी सभा, माहेश्वरी महिला मंडल एवं माहेश्वरी युवा संघ के संयुक्त तत्वावधान में ओखलीपुरम स्थित माहेश्वरी भवन के प्रांगण में अंतरर्राष्ट्रीय योगा दिवस का आयोजन किया गया। माहेश्वरी सभा अध्यक्ष निर्मलकुमार तापड़िया, माहेश्वरी महिला मंडल अध्यक्षा कांता काबरा, माहेश्वरी युवा संघ सचिव धीरज काबरा, बैंगलुरु मैसूर जिला माहेश्वरी सभा अध्यक्ष देवकीनंदन डागा, माहश्वेरी सौहार्द्र क्रेडिट कोऑपरेटिव लिमिटेड के उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण डागा व योग प्रशिक्षिका संध्या धूत राठी ने भगवान महेश का पूजन एवं दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। बैंगलुरु की ख्यात योगा ट्रेनर एवं वैलनेस कोच संध्या धूत राठी का सम्मान शाल एवं पुष्पगुच्छ से किया गया। सभागार में उपस्थित लोगों को योगाभ्यास करवाया तथा योग से सेहत में कैसे सुधार लाया जा सकता है व तंदुरुस्त जीवन जीने के कई गुण सिखाये। माहेश्वरी सभा के सचिव भगवानदास लाहोटी द्वारा यह जानकारी दी गई।

## नेत्रदान के भरवाए संकल्प पत्र



**इंदौर।** महेश नवमी पर्व के अंतर्गत श्री बिजासन क्षेत्र माहेश्वरी समाज इंदौर द्वारा अंधत्व मिटाने के लिए नेत्रदान के संकल्प पत्र भरवाए गए। कार्यक्रम में इन्दौर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा, विधायक मालिनी गौड़, समाज अध्यक्ष राजेश मूंगड़ एवं समाजसेवी बसन्त खटोड़, घनश्याम काकाणी आदि ने उपस्थित रहकर बिजासन क्षेत्र माहेश्वरी समाज अध्यक्ष बलदेवदास जाजू की इस पहल का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन उमा झंवर, नीता जाजू, अंजना माहेश्वरी, संगीता सारड़ा ने किया। बिजासन क्षेत्र कार्यकारी मंडल के अशोक डागा, महेश मूंगड़, सत्यनारायण बाहेती, बलदेवदास जाजू, प्रवीण अजमेरा, अजय माहेश्वरी, नवनीत सोनी, निलेश सारड़ा, उमेश समदानी, विजय सारड़ा आदि कई सदस्यगण उपस्थित थे।

समस्त समाज बन्धुओं को महेश नवमी की
हार्दिक एवं मंगलकामनाएं

**श्री माहेश्वरी समाज संयोगितागंज, इन्दौर**

मुकेश असावा — अध्यक्ष | केदार हेड़ा — मंत्री | दीपक भूतड़ा — कोषाध्यक्ष | पंकज काबरा — संगठन मंत्री

गोपाल लाहोटी — उपाध्यक्ष | संजय चंडक — उपाध्यक्ष | सौरभ राठी — प्रचार मंत्री

**कार्यसमिति सदस्य**

व्यंकट काकाणी, जगदीश डागा, रामजस जैथलिया, बसंतीलाल सोमानी, रामवल्लभ भूतड़ा, अनिल चैचाणी, संजय बिड़ला, दिनेश मंडोवरा, वेणुगोपाल असावा, संजय बाहेती, चंद्रप्रकाश बाहेती, गगन झंवर, रामनिवास राठी, मनोज कालानी, कन्हैयालाल राठी, कैलाशचन्द्र बाहेती, गोविंद गिलड़ा, मुकेश समदानी, कमलेश नवाल, अनिल बाहेती, अजय राठी, महेश सारड़ा, सुनील गौरानी

ईश्वर बाहेती (अध्यक्ष)
अश्विन लखोटिया (मंत्री)
श्री महेश सार्वजनिक टस्ट

किरण लखोटिया (अध्यक्ष)
नीलिमा असावा (मंत्री)
माहेश्वरी महिला संगठन

सुमित तापड़िया (अध्यक्ष)
भरत डागा (मंत्री)
माहेश्वरी युवा संगठन

शिखा लखोटिया (अध्यक्ष)
भावना लाहोटी (मंत्री)
माहेश्वरी सखी संगठन

# प्रशासनिक सेवा मार्गदर्शन शिविर सम्पन्न



**सूरत।** माहेश्वरी समाज सूरत के युवा, व्यापारीगण, व्यवसायी एवं उद्योजकों द्वारा गठित 'आशाएं' नामक समूह ने शहर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान माहेश्वरी पब्लिक स्कूल एवं माहेश्वरी विद्यापीठ के सहयोग से गत 5 जून को कक्षा दसवीं से ऊपर के छात्र और उनके अभिभावकों के लिए प्रशासनिक सेवा मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया। चार घंटे से अधिक चले इस शिविर में 700 छात्र, लगभग 400 अभिभावक और टीम आशाएं के 100 से अधिक सदस्य उपस्थित थे। इस में हिमाचल के पूर्व चीफ सेक्रेटरी और वर्तमान में हिमाचल रेरा के चेयरमैन आईएएस श्रीकांत बाल्दी, मध्यप्रदेश पुलिस के ए डी जी विपिन कुमार माहेश्वरी व आयकर आयुक्त संजय पुंगलिया ने मार्गदर्शन दिया। मस्त फोरम के राष्ट्रीय संयोजक किशनप्रसाद दरक ने प्रशासनिक सेवा परीक्षा की तैयारी हेतु दिल्ली अथवा पुणे आने वाले समाज के युवाओं की सुविधा हेतु समाज के भामाशाहों द्वारा दिल्ली में स्थापित जेसीकेएम बॉयज एंड गर्ल्स हॉस्टल और पुणे में माहेश्वरी विद्या प्रचारक मंडल द्वारा स्थापित सुसज्ज हॉस्टल्स की जानकारी के साथ ही बद्रीलाल सोनी शिक्षा सहयोग केंद्र भीलवाड़ा, रायबहादुर पन्नालाल हीरालाल लाहोटी चैरिटेबल ट्रस्ट हैदराबाद, एमवीपीएम पुणे आदि संस्थाओं द्वारा उपलब्ध आर्थिक सहायता की विस्तृत जानकारी दी। भरूच गुजरात के डिप्टी कलेक्टर आदर्श बसेर ने अपनी सफलता के प्रयास का वर्णन करते हुए अनेक विषयों पर युवाओं का मार्गदर्शन किया। इस प्रकल्प की सफलता के लिए माहेश्वरी पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष शंकरलाल सोमानी एवं सेक्रेटरी राजेश मालाणी तथा माहेश्वरी विद्यापीठ के अध्यक्ष हरिकिशन तोषनीवाल एवं सेक्रेटरी महेंद्र झंवर आदि ने विशेष योगदान दिया।

# काबरा की स्मृति में आयोजित हुआ कवि सम्मेलन



**नागपुर।** नगर माहेश्वरी सभा, नागपुर द्वारा सुरेश भट्ट सभागृह में स्व. श्री शिवरतन काबरा स्मृति में हास्य कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के सभापति श्याम सोनी, सुशीला देवी काबरा, महेश नवमी संयोजक योगेश साँवल, अध्यक्ष कृष्णा राठी, सचिव सोमप्रकाश मंत्री एवं कवियों द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कवि सम्मेलन में श्यामसुंदर पलोड (इंदौर) ने शुरूआत पिता की शख्सियत पर अपनी कविता की प्रस्तुति से की। कवियत्री डॉ. सूरज माहेश्वरी जोधपुर ने गीत-गजलों से अलग ही समा बांधा। कवि सम्मेलन में सभी कवियों का स्मृति चिन्ह देकर सत्कार नगर माहेश्वरी सभा के अंतर्गत आने वाले छह जोन् के अध्यक्षों ने किया। इस अवसर पर विदर्भ प्रादेशिक सभा द्वारा बनाए गये स्टीकर का विमोचन अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के सभापति श्याम सोनी और कवियों द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने हेतु महेश नवमी पर्व संयोजक योगेश साँवल, प्रभारी ब्रिजगोपाल दरक, सह संयोजक ब्रजरतन लखोटिया, आयुषी काकाणी, संदीप साबू, शिरीष मूंधड़ा आदि का योगदान रहा।

# महेश चेरिटेबल ट्रस्ट की नवीन कार्यकारिणी गठित



दगडूलाल हेडा



लालचंद नावदंर

**नासिक।** महेश चेरीटेबल ट्रस्ट, सिडको (नासिक) की कार्यकारीणी वर्ष 2022-2025 का 3 साल के लिए सर्वसम्मति से चयन किया गया। इसमें अध्यक्ष-दगडूलाल हेडा, उपाध्यक्ष-शिवनारायण लड्ढा, कोषाध्यक्ष - दिलीप डागा, सचिव-लालचंद नावंदर, सहसचिव-अनिरूद्ध जाजू, संरक्षक-प्रदीप बूब एवं नंदलाल राठी तथा ट्रस्टियों का चयन हुआ।

# डॉ. मंत्री हुए सम्मानित



**मनासा।** काव्यांजलि डेंटल इंप्लांट्स सेंटर उदयपुर व मनासा के डॉक्टर राजकुमार मंत्री द्वारा आई.एफ मास्टर अवार्ड प्राप्त किया गया। आपने म्युनिक जर्मनी एवं पी.जी. डिप्लोमा इमीडिएट लोडिंग इंप्लांटोलॉजी जयपुर से 72 घंटे में फिक्स दांत बत्तीसी लगाने में गत 20 मई को उपलब्धि हांसिल की।

# युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन

**इन्दौर।** श्री महेश सामाजिक परमार्थिक संस्था द्वारा लगातार आयोजित किए जाने वाले परिचय सम्मेलन की अगली कड़ी में माहेश्वरी समाज के विवाह योग्य युवक-युवती, उच्च शिक्षित एवं विधवा विधुर प्रत्याशियों के लिए आगामी आठ से दस अक्टूबर 2022 तक दस्तूर गार्डन इंदौर पर परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्याशी फॉर्म भर कर ऑनलाइन भी जमा कर सकते हैं या व्हाट्सएप भी कर सकते हैं। उक्त जानकारी देते हुए संस्थापक अध्यक्ष डॉ. रविंद्र राठी ने बताया कि इस हेतु सहयोग के रूप में पंजीयन शुल्क मात्र 2 हजार रुपए रखा गया है।

## डॉ. चांडक की पुस्तक विमोचित



**नागपुर।** ख्यात होमियोपैथ डॉ. कविता चांडक स्वर्णपदक विजेता चिकित्सक के साथ होमियोपैथी में लेखक, वक्ता, प्रशिक्षक एवं प्रचारक भी हैं। उन्हें 20 देशो में मानसिक विकार तथा महिलाओं से संबधित विकार एवं कैन्सर में होमियोपैथी के योगदान में सेमिनार देने के लिये आमंत्रित किया जा चुका है। हाल ही में उनकी पुस्तक 'हिलिंग वुमन विथ होमियोपॅथी' का विमोचन 22 वीं ऑल इंडिया साईंटिफीक सेमिनार, औरंगाबाद में वरिष्ठ होमियोपैथी विशेषज्ञ डॉ. अरूण भस्मे, डॉ. भागवत कराड, वित्त मंत्री भारत सरकार, स्वास्थ मंत्री रोजश टोपे के करकमलो द्वारा हुआ। इस पुस्तक में स्त्रीरोग संबध में जन्म से मृत्यु तक समस्त विकार, कैंन्सर, गर्भावस्था, युवावस्था, स्तन की बीमारियाँ, संतानहीनता, मैनोपॉज आदि पर विशेष प्रकाश डाला गया।

## मेयो क्रिकेट कार्निवल का आयोजन



**सूरत।** माहेश्वरी समाज के युवा वर्ग ने कुछ वर्ष पहले युवा परिवारों का एक समूह माहेश्वरी इंटरप्रिन्योर युथ आर्गेनाइजेशन (मर्या.) के रुप मे तैयार किया था और उसकी देखरेख में मेयो फैमिली क्रिकेट कार्निवल का 5 दिवसीय आयोजन गत 4 मई से वेसु में डीआरबी स्पोर्ट्स मेलेक्स में किया गया। टुर्नामेंट में समाज की 22 टीमो ने भाग लिया और हर बार की तरह इस बार भी सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में कुछ अलग करने के उद्देश्य से कर्मयोगिनी कार्यक्रम तय किया गया। इसके अंतर्गत 101 जरुरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें देना तय किया गया। टुर्नामेंट के दौरान सूरत महानगरपालिका की महापौर हेमाली बोधावाला, स्थाई समिति की सदस्य रश्मि साबु समेत समाज के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। 8 मई को समापन समारोह में गुजरात सरकार के गृहमंत्री हर्ष संघवी, केंद्रीय कपड़ा मंत्री दर्शनाबेन जरदोश, साउथ गुजरात चेंबर के चैयरमैन आशीष गुजराती सहित समाज से शैलेष चांडक, गणेश चांडक, विवेक डोडिया, विजय भटड़, राजु गांधी, सुनील दाड़ आदि कई गणमान्यजन मौजूद रहे।




महेश नवमी पर्व पर आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएँ

॥ जय महेश ॥

गंगाराम चाँदमल तोतला
'श्री नरसिंग निवास' 3-5-45, जागृति कॉलेज के सामने, रामकोट, हैदराबाद - 500 095
फोन : +91 9248022503, 9849022503

KWC Estd. 1969
Kamal Watch Co.
Sales & Service
FLAGSHIP STORE ▸ JUBILEE HILLS

ABIDS | BANJARA HILLS | DILSUKHNAGAR | PANJAGUTTA | KUKATPALLY | HITECH CITY | CYBERABAD | KONDAPUR
MADEENAGUDA | M.G. ROAD | VIKRAMPURI | NACHARAM | UPPAL | VISHAKAPATNAM | VIJAYAWADA | GUNTUR
KURNOOL | KAKINADA | RAJAHMUNDRY | BHUBANESWAR OPENING SHORTLY AT NAGPUR | INDORE

CONTACT NO.: 9169167676
Corporate Office : 8-2-293/82/a/1103, 2nd Floor, Road No. 36, Near Peddamma Temple Circle, Jubilee Hills, Hyderabad, 500033

BAJAJ FINSERV EMI facility also available | Follow us on | Shop Online www.kamalwatch.com

## लिफ्ट का हुआ लोकार्पण



**नागपुर।** महेश नवमी के पावन पर्व पर श्री बड़ी मारवाड़ माहेश्वरी पंचायत हिवरी नगर नागपुर स्थित भवन में स्व. श्रीमती गणपति देवी रामलाल मालू की स्मृति में पूनमचंद, पुरुषोत्तम एवं श्रवण कुमार मालू परिवार के सौजन्य से नवनिर्मित लिफ्ट का लोकार्पण श्यामसुंदर सोनी सभापति अखिल भारत वर्षीय माहेश्वरी महासभा एवं पुरूषोत्तम मालू अध्यक्ष बड़ी मारवाड़ माहेश्वरी पंचायत के हाथों हुआ। कार्यक्रम में पूनमचंद मालू, श्रवण कुमार मालू, रमेश रांदड, कमलाकिशोर तापड़िया, मधुसूदन सारडा, नंदकिशोर बजाज, गोविंद पसारी, गिरधर इन्नानी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सचिव रामअवतार तोतला ने किया।

## काबरा ने की आनंदम भवन की प्रशंसा



**इंदौर।** अखिल भारत वर्षीय माहेश्वरी महासभा के महामंत्री संदीप काबरा ने अपने इंदौर प्रवास में श्री माहेश्वरी जनकल्याण ट्रस्ट के निर्माणाधीन प्रकल्प आनंदम भवन का अवलोकन किया। उन्होनें 86000 हजार वर्ग फीट पर बन रहे इस 102 कमरे के भवन के स्वरूप, स्थान का चयन व कार्य की प्रशंसा की। ट्रस्ट के सचिव सीए भरत सारडा, उपाध्यक्ष रामस्वरूप धूत संयोजक किशनगोपाल पुंगलिया एवं अश्विन लखोटिया ने श्री काबरा का स्वागत किया व भवन की जानकारी दी। इस अवसर पर सभापति कार्यालयीन सचिव मुकेश असावा, निर्माण कार्य देख रहे कृष्ण कुमार बिडला, प्रेम माहेश्वरी, सहसचिव घनश्याम झंवर, उमाशंकर बियाणी आदि उपस्थित थे।

## सखी संगठन की कार्यकारिणी गठित



अनुराधा अजमेरा-अध्यक्ष



निक्की राठी-सचिव



सुमन काबरा-कोषाध्यक्ष

**अहमदाबाद।** माहेश्वरी सखी संगठन के निर्वाचन में अनुराधा अजमेरा अध्यक्ष, निक्की राठी सचिव, सुमन काबरा कोषाध्यक्ष मनोनीत की गई। अहमदाबाद माहेश्वरी सखी संगठन की कार्यकारिणी का गठन संगठन की संरक्षिकाओं व पूर्व अध्यक्षाओं की उपस्थिति में किया गया। इसमें संगठन की कार्यकारिणी सदस्या दीपा धूत, रक्षा मणियार, वन्दना बिरला, अलका मोदानी, नीलम मालपानी, सविता जैसलमेरिया, टीना राठी, पूजा कासट, प्रियंका लड्ढा, जया जेठा, स्नेहा लड्ढा आदि मनोनीत हुई।

## सीए संगठन की गौसेवा



**जलगाँव।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आईसीएआई जलगाँव शाखा के सीए द्वारा गौ सेवा व पौधारोपण शिविर का आयोजन किया गया। गौसेवा शिविर नेरिनाका क्षेत्र में स्थित पन्जरापोल गौशाला में आयोजित किया गया। इस स्थान पर ''गौमाता की जय'' लिखे स्लोगन भी लगाये गये। संगठन के ब्रांच चेयरमेन सीए विक्की बिरला, सचिव अभिषेक कोठारी आदि कई पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

With Best Compliments From

**Priyesh M Periwal**
B.Tech. (Mech.)
+91 98249 99666
priyeshperiwal@gmail.com

**Madanmohan Periwal**
B.Com (Hons.); A.C.A.
+91 98241 51296
pioneermmp@yahoo.com

**Harshvardhan M Periwal**
M.B.A. (Marketing)
+91 99040 60999
periwalharsh@gmail.com

**Rajasthan Polytex**
**PrivateLimited**

Office : 104, Shiv Textile Market, NR. Mahavir Market, Ring Road, Surat- 395002 Ph. : + 91 261 2322735
Factory : Plot No. D-41/16, Road No. 19, Hojiwala, Surat - 394315

# जाजू ट्रस्ट ने किया सम्मान



**इंदौर।** श्री कृष्णदास जाजू स्मारक ट्रस्ट की इन्दौर हितग्राही 41 महिलाओं को 4 जून को महेश नवमी पर्व पर इंदौर जिला माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा सम्मानित किया गया। संगठन अध्यक्ष सुमन सारड़ा ने बताया कि इसमें एक दानदाता द्वारा प्रदत्त मिठाई, नमकीन, सहभोज के भोजन पास व कुछ नगद सहयोग राशि से यह आयोजन सम्भव हुआ। छत्री बाग स्थित झंवर छात्रावास मे सभी को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर प्रमिला भूतड़ा, अर्चना, ओपी माहेश्वरी, पुष्पा मोलासरिया, मीनाक्षी नवाल व निर्मला धीरन आदि उपस्थित थे।

# गांधी बने अध्यक्ष, मोहता सचिव



दिनेश गांधी विवेक मोहता राजेंद्र बागड़ी आंनद झंवर जगदीश नावंदर

**खामगांव।** स्थानीय श्री माहेश्वरी मंडल की निर्वाचन आमसभा पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र भैया की अध्यक्षता में श्री माहेश्वरी भवन में संपन्न हुई। इसमें निर्विरोध रूप से दिनेश गांधी का अध्यक्ष एवं विवेक मोहता का सचिव के लिए चयन किया गया। शेष कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष राजेंद्र बागड़ी, सहसचिव आंनद झंवर, कोषाध्यक्ष- जगदीश नावंदर का चयन भी निर्विरोध हुआ। कार्यकारिणी सदस्यों का भी चयन किया गया।

# 'संगठन आपके द्वार' का आयोजन



**अरावली।** महासभा के मूल उद्देश्य संगठन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुजरात प्रांतीय सभा ने 19 व 20 जून को बनासकांठा अरावली जिलो का भ्रमण किया। इसमें प्रांतिय अध्यक्ष गजानंद राठी, संगठन मंत्री विनीत काबरा, उपाध्यक्ष ईश्वर कोठारी, कोषाध्यक्ष लादूलाल जागेटिया, पूर्व उपसभापति रामगोपाल मुंदड़ा, कार्यालय मंत्री हनुमान लोहिया व साबरकांठा अरावली जिला अध्यक्ष प्रहलाद सोमानी साथ रहे। हिम्मतनगर सभा में कैलाश दुदानी व लक्ष्मीलाल काबरा, मोडासा सभा में नारायण ईनानी, पुरुषोतम ईनानी व आलमचंद माहेश्वरी, भिलोड़ा सभा में विष्णु पोरवाल, रतनलाल लड्ढा व रामनिवास भूतड़ा, बायड़ सभा में प्रहलाद मालीवाल, रामस्वरूप मालीवाल व लादूलाल हेडा तथा तलोद सभा में अभयकुमार चांडक, भंवरलाल चांडक व रामपाल धुपड़ के साथ स्थानीय समाजजन मौजूद रहे।

# पूर्व अध्यक्षाओं को बनाया संरक्षक



**जयपुर।** श्री माहेश्वरी महिला परिषद् की 5 पूर्व अध्यक्षाओं विमला लोईवाल, शोभा मूंदड़ा, लक्ष्मी परवाल, पद्मा जाजू एवं सविता पटवारी को उनकी सुदीर्घ सामाजिक सेवाओं के सम्मान स्वरूप महिला परिषद् कार्यकारिणी द्वारा प्रस्ताव पारित कर संरक्षक बनाया गया। उक्त जानकारी महिला परिषद अध्यक्ष रजनी माहेश्वरी ने दी।

With Best Compliments From

Bansidhar Rathi
+91 98242 13506
+91 97129 13506

IMPERIAL®
TEXTILE
DYEING & PRINTING WORKS

Dhoraji Road, Jetpur - 360370 Gujarat
Ph. : (02823) 222301, 221011, 221601
Fax : (02823) 222310
E-mail : imperialtex@yahoo.com

## योग दिवस पर मना योगोत्सव




**नागपुर।** ज्योति महिला मंडल, महल, (नागपुर) द्वारा विश्व योग दिवस को योगोत्सव की तरह मनाया गया। इसमें योगाचार्या वर्षा पौनीकर द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात पौनीकर ने योगा और प्राणायाम की बारीकियां बताते हुए सभी को अपने दैनिक जीवन में इसे शामिल कर स्वयं को स्वस्थ रखने का मार्ग बताया तथा सभी सदस्याओं द्वारा योगा एवं प्राणायाम किया गया। सभी के लिए जूस की व्यवस्था मंडल द्वारा की गई थी। मंडल की पूर्वाध्यक्षा इंदिरा सावल एवं अध्यक्ष अर्चना बिंझानी ने तुलसी के पौधे से योगाचार्य का स्वागत किया तथा सचिव स्वाति सावल ने उनका परिचय एवं आभार व्यक्त किया। कीर्ति भैया, ज्योति भूतड़ा, किरण राठी, रेखा मोकाती, स्नेहलता राठी, पूजा भूतड़ा, सोनल लोया, इंदू चांडक आदि का सहयोग रहा।

## भागवत कथा का हुआ आयोजन



**बहादुरगढ़।** हरियाणा पंजाब प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन श्री गयाजी धाम में पूर्वजों के निमित्त किया गया। इस उत्सव में जूम माध्यम से अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के सभापति श्याम सोनी, अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन की महामंत्री मंजू बांगड़, राष्ट्रीय पूर्व अध्यक्ष शोभा सादानी एवं श्री सादानी की विशेष उपस्थिति रही। राष्ट्रीय सह प्रभारी उर्वशी साबु एवं राजश्री की उपस्थिति भी रही। प्रदेश अध्यक्ष सुमन जाजू ने बताया कि व्यास पीठ पर विराजमान राधेश्याम शास्त्री, मुख्य महंत- तीन शक्ति मंदिर, बहादुरगढ़ द्वारा कथा का श्रवण करवाया गया।

## महिला संगठन अध्यक्ष का अभिनंदन



**कोटा।** अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष आशा माहेश्वरी का लोकसभा अध्यक्ष ओम कृष्ण बिरला, माहेश्वरी समाज कोटा के अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला, मंत्री विट्ठल दास मूंदड़ा व मुख्य कार्यक्रम संयोजक महेश चंद अजमेरा द्वारा श्री माहेश्वरी समाज कोटा के मंच पर महेश नवमी महोत्सव में अभिनंदन पत्र देकर सम्मान किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती माहेश्वरी को उनके अध्यक्षीय कार्यकाल में समाज सेवा के कई विभिन्न सेवा कार्यों में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में 6 बार नाम दर्ज करवाने पर सम्मान किया गया।

## चिरंजीवी योजना में चिकित्सा बीमा

**जयपुर।** गत वर्ष की भांति भांति इस वर्ष भी जिला माहेश्वरी सभा समिति द्वारा राजस्थान सरकार की चिरंजीवी योजना में समाज के जरुरत मंद परिवारों को निःशुल्क बीमा योजना का लाभ पहुँचाया गया है। इसमें 31 मई 2022 तक इस योजना में लगभग 230 परिवारों को लाभान्वित किया जा चुका है। गौरतलब है कि संपूर्ण राज्य में केवल जयपुर जिला माहेश्वरी सभा समिति द्वारा ही इस कार्य को मूर्तरूप दिया गया है। सभी परिवारों को इस योजना के अन्तर्गत रू 10 लाख का चिकित्सा बीमा एवं रू 5 लाख का दुर्घटना बीमा उपलब्ध होगा। इस कार्य हेतु प्रति परिवार रु. 875/- का भार जयपुर जिला माहेश्वरी सभा समिति द्वारा वहन किया गया है।

With Best Compliments From

Siddharth Maheshwary
Partner

PAB Polymers

Manufacturers of Plastic Containers for Paints

904-905, Atlantis Heights, Dr. Vikram Sarabhai Marg,
Wadi-Wadi, Vadodara -390 023, Gujarat, INDIA
Phone:+91-265-2359662, 2338098, 2338736 | Mobile:+91 75679 40630
E-mail: alok.pabchem@gmail.com | www.pabpolymers.com

## भव्य प्रसादी का हुआ आयोजन



**जोधपुर।** स्थानीय माहेश्वरी समाज द्वारा गत 12 जून को महेश स्कूल प्रांगण में भव्य प्रसादी का आयोजन किया गया। सीनियर सिटीजन्स के लिए बैठा कर खिलाने की अलग से व्यवस्था की गई थी। इसका जिम्मा माहेश्वरी युवा संस्थान ने उठाया था। महेश प्रसादी का एक और खास आकर्षण था 'अन्न बचाओ समिति'। इस समिति के संयोजक संदीप हेड़ा ने बताया कि समिति के सभी सदस्यों ने अपनी नियत जगह पर पूरी प्रसादी के दौरान खड़े होकर अपनी सेवा दी। सुनीता हेड़ा और समिति के सभी सदस्यों ने सभी लोगों से निवेदन करके बिल्कुल भी झूठा नहीं छोड़ने का आग्रह किया। जोधपुर माहेश्वरी समाज के मंत्री नंदकिशोर शाह, उपमंत्री हरि गोपाल राठी व रमेश लोहिया ने अन्न बचाओ समिति की प्रशंसा की।

## कैंसर जाँच व जागरूकता शिविर सम्पन्न



**उज्जैन।** महेश नवमी के उपलक्ष्य में श्री माहेश्वरी महिला मंडल एवं श्री माहेश्वरी समाज प्रगति मंडल श्री लक्ष्मीनृसिंह मंदिर उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में सीबीसीसी कैंसर केयर यूनिट पर गत 7 जून को कैंसर की जांच एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इसमें इंदौर के प्रसिद्ध कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर मनीष सिद्धा, डॉ. अमेय बिहानी एवं डॉ. सात्विक खद्दर ने लोगों की जांच की एवं कैंसर से बचाव के उपाय भी बताएं। शिविर में 40 लोगों ने अपनी जांच करवाई। प.म.प्र. माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्षा वीणा सोमानी, माहेश्वरी समाज उज्जैन के अध्यक्ष सुरेश काकानी एवं महिला मंडल व प्रगति मंडल की सदस्य उपस्थित थीं। जानकारी सचिव उषा भट्टड ने दी।

*किसी भी रिश्ते को कितनी भी खूबसूरती से क्यों न बांधा जाय अगर नजरों में इज्जत और बोलने में लिहाज न हो तो वह टूट जाता है।*

## योग दिवस पर योगा वर्कशॉप का आयोजन



**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आईक्यूएसी सेल की तरफ से 'योग दिवस 2022' वर्कशॉप का आयोजन किया गया। आठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर फैकल्टी, विद्यार्थियों के साथ ही परिजनों ने विशिष्ट रूचि दिखाते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर कॉलेज के चैयरमेन डॉ. राजीव बियानी ने योग की महत्ता को समझाते हुए कहा कि अगर आपका मन स्वस्थ है तो आपका तन भी स्वस्थ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वाइस चैयरमेन ऑफ हायर एजुकेशन कांउसिल दरियाव सिंह चंद्रावत थे। कॉलेज द्वारा आयोजित 7 दिवसीय योग सप्ताह वर्कशॉप में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट भी दिए गए।




माहेश्वरी समाज में सर्वाधिक पढ़ी जाने वाली
अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की मासिक पत्रिका

**श्री माहेश्वरी टाईम्स**

**भीलवाड़ा ( राज. ) के लिए**
**ऊर्जावान एवं कर्मठ**
**प्रतिनिधि**
**की आवश्यकता है**

आत्मविश्वास से भरपूर व पर्याप्त
शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवारों को प्रथमिकता
आकर्षक कमीशन/ वेतन एवं प्रेस कार्ड देय होगा।
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा पूर्ण जानकारी
के साथ ई-मेल करें।

smt4news@gmail.com
मो. - 094250-91161

## श्रेया को आईआईएम से एमबीए



**इंदौर।** वरिष्ठ समाजसेवी स्व. श्री रामचंद्र एवं कमला सातल (राठी) की सुपौत्री तथ प्रदीपकुमार एवं प्रीति राठी की सुपौत्री श्रेया राठी ने आईआईएम इंदौर से एमबीए की परीक्षा उत्तीर्ण की। इस उपलब्धि पर समस्त स्नेहीजन ने हर्ष व्यक्त किया।

## श्रेया को 93 प्रतिशत अंक



**जयसिंगपुर ( महा. )।** समाज सदस्य श्रीनिवास मालपानी की सुपुत्री श्रेया ने 12वीं बोर्ड कॉमर्स की परीक्षा 93प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण की। इसमें उन्होंने बुक कीपिंग में सर्वाधिक 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। समस्त स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

## प्रियल को 96 प्रतिशत अंक



**अमरावती।** बडनेरा निवासी प्रियल लड्ढा को 10वी की परीक्षा में 96.4% अंक प्राप्त हुए। प्रियल राजेश-निशा लड्ढा की पौत्री तथा किरन-सचिन लड्ढा की सुपुत्री है। इस उपलब्धि पर समस्त स्नेहीजन ने हर्ष व्यक्त किया।

## परी 96 व पूनम को 93 प्रतिशत अंक





**नोखा ।** परी लाहोटी सुपुत्री डॉ. राधेश्याम लाहोटी ने राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की माध्यमिक परीक्षा में 96.33प्रतिशत अंक प्राप्त करके नोखा सिटी में टॉप किया। परी की बहन पूनम लाहोटी ने भी 93 प्रतिशत अंक हासिल करके उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। डॉ. लाहोटी माहेश्वरी युवा संगठन नोखा के अध्यक्ष हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में महेशनवमी के अवसर पर बीकानेर जिला माहेश्वरी सभा द्वारा 5 जून को जिलास्तरीय ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें डिस्ट्रिक्ट लेवल पर प्रथम स्थान परी लाहोटी व द्वितीय स्थान पूनम लाहोटी ने प्राप्त किया था।

## गौरी को 94 प्रतिशत अंक



**अमरावती ( महा. ) ।** कु. गौरी सुपुत्री प्रशांत-रीता लड्ढा ने 10 वीं बोर्ड परीक्षा 94 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की। भविष्य में वह इंजीनियर बनने की चाहत रखती हैं। वह अपनी सफलता का श्रेय अपनी दादी स्व. गीता देवी लड्ढा परिवार को देती हैं।

With Best Wishes from :

**Maheshwari Logistics Ltd.**
*Moving Every Mile With A Smile*

Coal | Logistcs | Paper

• MANUFACTURER OF KRAFT PAPER & BOARD
• SUPPLIERS OF ALL TYPES OF COAL, PET COKE, LIGNITE & PAPER
• FLEET OWNER & TRANSPORT CONTRACTORS

Registered Office :
MLL House, Plot No. A2-3/2, Opp. UPL,
1st Phase, GIDC, VApi -396 195
Phone No.: 0260-243 1024 | Fax : 0260-242 7024

Works :
Survey No. 1538, 1555, 1556, GIDC, Ambheti,
Via Koparli Road, Tal. Kaprada, Dist. Valsad - 396191 (Guj)
Phone No.: +91 75748 56405

www.mlpl.biz

NSE Listed Company
NSE




**देशभर में अपनी उत्कृष्टता से विशिष्ट स्थान रखने वाली विभिन्न शिक्षण संस्था ही नहीं अपितु ''उत्सव'' एवं ''अभिनन्दन'' माहेश्वरी भवन से अपनी अलग व विशेष पहचान रखने वाला माहेश्वरी समाज जयपुर अपने वर्तमान कार्यकाल की समाप्ति के साथ चुनाव के मुहाने पर खड़ा है। चुनावी समर का बिगुल बज चुका है और न सिर्फ माहेश्वरी समाज जयपुर अपितु महिला व नवयुवक संगठन के लिये भी धुरंधर ''सेवा योद्धा'' चुनावी समर में उतर चुके हैं। अब अंतिम फैसला आगामी 31 जुलाई को होने वाले मतदान में मतदाता करेंगे।**

# जयपुर माहेश्वरी समाज में सेवा के लिये चुनावी ''समर''





अपने आपमें अत्यधिक वृहद व गतिशील होने से सम्पूर्ण देश की नजर जयपुर समाज पर टिकी रहती है। वर्तमान में जयपुर समाज कई समाजसेवा संगठनों, दस स्कूल, महाविद्यालय व उच्च स्तरीय शिक्षण संस्थाओं तथा वृद्धाश्रम आदि का संचालन कर रहा है। जयपुर की शान ''उत्सव'' व ''अभिनन्दन'' भवनों का संचालन सहित समाज सामूहिक प्रयत्नों से अर्जित कई सम्पत्तियों का रखरखाव भी कर रहा है। इस लिहाज से देखा जाऐ तो जयपुर समाज के पदाधिकारियों के सुपुर्द समाज की कई बड़ी जिम्मेदारियाँ होती हैं। इसके साथ ही इस बार श्री माहेश्वरी नवयुवक मंडल तथा श्री माहेश्वरी महिला परिषद के चुनाव भी होंगे। इस चुनाव की त्रिवेणी द्वारा जयपुर समाज की तीनों शक्तियाँ एकजुट हो समाज सेवा के लिए तैयार होंगी।

## कुल 21 हजार से अधिक मतदाता

समाज ने मुख्य चुनाव अधिकारी अनिल राठी को नियुक्त किया है। इस चुनाव में कुल 21693 मतदाता मतदान करेंगे। संगठनात्मक व्यवस्था के अंतर्गत सम्पूर्ण शहर को 6 जोन तथा 14 चौकड़ियों में विभाजित किया गया है। इस चुनाव के अंतर्गत श्री माहेश्वरी समाज जयपुर के अंतर्गत एक अध्यक्ष तथा 90 कार्यकारिणी सदस्यों का निर्वाचन होगा। महिला परिषद अंतर्गत 01 अध्यक्ष व 60 कार्यकारिणी सदस्यों तथा नवयुवक मंडल अंतर्गत 01 अध्यक्ष तथा 50 कार्यकारी मंडल सदस्यों का निर्वाचन होगा। इस बार समाज का समय तथा धन बचाने के लिए समाज की इन तीनों इकाईयों के चुनाव एक साथ करवाने की पहल की जा रही है। अभी तक इनके चुनाव अलग-अलग हो रहे थे।

## ''सेवा'' की बिसात पर ''सेवा'' ही शक्ति

पूर्णतः समाजसेवा की भावना से होने वाले इन तीनों चुनावों में गत चुनावों की तरह ही कांटे की टक्कर है। इसमें प्रत्याशियों का लक्ष्य भी सेवा है, माध्यम भी सेवा व शक्ति भी सेवा। समाज अध्यक्ष पद के लिये उमेश सोनी तथा केदारमल भाला, नवयुवक अध्यक्ष मंडल के लिये अमित मालपानी व अभिषेक मांधना तथा माहेश्वरी महिला परिषद अध्यक्ष पद हेतु स्नेहलता साबू व ज्योति तोतला के बीच चुनावी जंग होने वाली है। इसके लिये आगामी 31 जुलाई को मतदान होगा, जिसके पश्चात् होने वाली मतगणना द्वारा तय होगा कि मतदाताओं ने समाज के विकास की बागडोर किन-किन के हाथों में सौंपी है।

# श्री माहेश्वरी समाज जयपुर-अध्यक्ष पद के प्रत्याशी



## उमेश सोनी

अध्यक्ष पद के लिये चुनावी समर में उतरे उमेश सोनी समर्पित युंवा समाजसेवी के साथ ही ख्यात रत्न व्यवसायी हैं, जो कीमती व अर्धकीमती रत्नों का आयात-निर्यात अपने प्रतिष्ठान "सोनीज हाऊस ऑफ कलरजेम्स स्टोन्स व नेहल एक्सपोर्ट्स'' के माध्यम से कर रहे हैं। नेहल डेवलपर्स व पार्थ इम्पेक्स द्वारा बिल्डर तथा रियल एस्टेट डेवलपर व्यवसाय का भी संचालन कर रहे हैं।

### मजबूत पारिवारिक पृष्ठभूमि

ग्राम बडोरा, जिला-बारां (राज.) में 6 सितम्बर 1969 को स्व. श्री गोरधनलाल-कमलादेवी सोनी के यहाँ 5 भाई व 2 बहनों के भरेपूरे परिवार में जन्में श्री सोनी ने बी.एससी. तक शिक्षा ग्रहण कर स्व-व्यवसाय की ओर अग्रसर हो गये। इसमें उनका मूलमंत्र विनम्रता, अथक प्रयास, ईमानदारी जैसे आदर्श रहे, जिन्होंने इन्हें व्यवसाय में शिखर की ऊँचाई छुने में सहयोग प्रदान किया। आपके अधिकांश भाई राजस्थान सरकार में उच्चतम पदों पर आसीन रहे या फिर सफल व्यवसायी हैं। बहनों का विवाह भी समाज के प्रतिष्ठित परिवारों में हुआ है। यह स्थिति श्री सोनी की विश्वसनीयता को बढ़ाने में सहयोगी सिद्ध होगी।

### समाज की सेवा में सदा समर्पित

युवा, सत्यनिष्ठ, कर्त्तव्यनिष्ठ व प्रगतिशील विचारों के उमेश सोनी अचानक इस पद के लिए खड़े नहीं हुए हैं। वे गत 25 वर्षों से समाजसेवा से जुड़े हुए हैं। समाज में विभिन्न पदों पर रहकर वे जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी गई है, उसे उन्होंने पूरी निष्ठा से निभाया। उनकी सबसे उल्लेखनीय उपलब्धि निर्माण नगर स्थित डायलिसिस, डायग्नोस्टिक एंड रिसर्च सेंटर के निर्माण व शुरुआत की रही। श्री सोनी इस भवन निर्माण समिति के चेयरमैन थे। उन्होंने बहुत ही कम समय में आधुनिक टेक्नोलाजी से युक्त इस सेंटर का निर्माण करवाकर सबको चमत्कृत कर दिया। वे 2012-15 में एम.एच.एस. के भवन मंत्री और एमपीएस प्रताप नगर की भवन समिति के सदस्य रहे। श्री सोनी वर्ष 1997 से 2007 तक वे श्री माहेश्वरी नव-युवक मण्डल कार्यकारिणी सदस्य रहे तथा सत्र 2002-03 और 2004 ी 07 में लगातार उपाध्यक्ष रहे। इन सभी में उन्होंने अपनी कर्त्तव्यनिष्ठा दिखलाई।



## केदारमल भाला

श्री सोनी के सामने चुनावी जंग में श्री माहेश्वरी समाज जयपुर के अध्यक्ष पद हेतु उतरे केदारमल भाला समाज के वरिष्ठ समाजसेवी हैं। बी.कॉम. तक शिक्षित श्री भाला विगत कई वर्षों से विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं से सम्बद्ध रहते हुए अपनी सेवा दे रहे हैं। इसके साथ ही आजीविका के तौर पर आपकी पहचान एक व्यवसायी के रूप में हैं।

### समाजसेवा में योगदान

श्री भाला 1987 से ही सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय योगदान देते हुए श्री माहेश्वरी समाज जयपुर के कार्यकारिणी सदस्य, महेश मैरिज ब्यूरो प्रथम संयोजक, संयुक्त शिक्षा सचिव (एमबीवी चौड़ा रास्ता), अतिरिक्त शिक्षा सचिव (एमपीएस जवाहरनगर), कोषाध्यक्ष ईसीएमए रहे हैं। सचिव व अर्थसमन्वयक श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन 'उत्सव' वित्त समिति, श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन पुष्कर के कार्यकारिणी सदस्य, कोषाध्यक्ष अभिनन्दन (जे.डी.ए. सामुदायिक केंद्र) समन्वयक-भवन निर्माण समिति (एमपीएस बगरू) रहे हैं।

### सेवा गतिविधियों में सदैव सक्रिय

इसके साथ ही श्री माहेश्वरी समाज को गोठ, परिचय सम्मेलन, सामूहिक विवाह इत्यादि में सक्रिय भूमिका निभाई। माहेश्वरी सेवा सदन चांदपोल बाजार में 5 वर्ष तक कार्यकारिणी सदस्य तथा अर्थमंत्री-कृष्ण गोपाल गौशाला (मोहनपुरा वाटिका) एवं कार्यकारी मण्डल सदस्य- अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा रहे हैं। वर्तमान में संचालन समिति सदस्य, श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन 'उत्सव' तथा आजीवन दानदाता एवं कार्यकारिणी सदस्य श्री माहेश्वरी समाज, जनोपयोगी अभिनंदन के रूप में भी सेवा दे रहे हैं। अब सेवा का फैसला मतदाताओं के हाथों में है।

# श्री माहेश्वरी महिला परिषद जयपुर - अध्यक्ष पद की प्रत्याशी



## स्नेहलता साबू

लगातार 20 वर्षों से समाज को अपना योगदान दे रही शशिकुमार साबू की धर्मपत्नी स्नेहलता साबू महिला परिषद के नेतृत्व के लिये चुनावी समर में उतरी है। वर्ष 1975 में स्व. श्री कृष्णकुमार व श्रीमती पुष्पादेवी लखोटिया के यहाँ जन्मी श्रीमती साबू बी.ए. तक शिक्षित होकर प्लास्टिक ग्रेज्युल्स उत्पादन व्यवसाय से सम्बद्ध हैं। राजनीतिक रूप से 20 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी से सम्बद्ध रहत हुए वार्ड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, जिला मंत्री तथा मंडल प्रमुख की जिम्मेदारी भी निभाई।

### समाजसेवा में सतत योगदान

वर्तमान में वर्ष 2018-2021 सत्रों में महिला परिषद में महामंत्री रहीं। इससे पूर्व महिला परिषद को महामंत्री तथा संयुक्त सचिव के रूप में सेवा दे चुकी हैं। समिति सदस्य माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, सचिव - पेरेंट्स वेलफेयर सोसायटी भी है। महिला परिषद की पहचान बनी ''नवरंग'' को सफलता के शिखर पर पहुँचाया। कई ब्लड डोनेशन एवं मेडिकल कैम्प आयोजित करवाए। श्री माहेश्वरी समाज के विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय, अग्रणी भूमिका निभाई। ''उत्सव जनोपयोगी भवन'' प्रबंध समिति में सदस्य एवं वसुंधरा क्लब और सतरंगी सावन मेले के संस्थापक सदस्य रही। इसके साथ ही अन्य गतिविधियों के अंतर्गत संयोजक-टीम -9 (स्वच्छ भारत अभियान), सचिव - दशहरा मेला समिति, विद्याधर नगर, जयपुर, अध्यक्ष - सेक्टर -6, जनोपयोगी विकास समिति, अध्यक्ष - माहेश्वरी प्रगति क्लब व भारत विकास परिषद अम्बाबाड़ी तथा सचिव- मोक्षधाम समिति सेक्टर- 10, विद्याधर नगर भी रहीं।



## ज्योति तोतला

महिला परिषद के नेतृत्व की जंग में श्रीमती साबू के सामने ज्योति पंकज तोतला प्रत्याशी के रूप में मौजूद हैं। लगभग 18 वर्षों से सेवा गतिविधियों से सम्बद्ध श्रीमती तोतला वर्तमान में परिषद को उपाध्यक्ष के रूप में सेवा दे रही हैं। राजनीति विज्ञान में एम.ए. तक शिक्षित श्रीमती तोतला का जन्म मालेगाँव (महाराष्ट्र) में हुआ था। विवाह के पश्चात् जयपुर ही उनकी कर्मभूमि बन गई। राजनीतिक रूप से आप भी भाजपा से सम्बद्ध हैं।

### समाजसेवा में योगदान

वर्ष 2012 से ही सतत् रूप से श्री माहेश्वरी महिला परिषद को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सेवा दे रही है। इसके अतिरिक्त चेयरपर्सन 'नवरंग' -2019, सचिव - जयपुर जिला माहेश्वरी महिला संगठन, सदस्य- ''उत्सव जनोपयोगी भवन'' प्रबंध समिति व कोषाध्यक्ष- भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, वनबंधु परिषद- (महिला समिति) जयपुर रही हैं। महिला समिति में संयुक्त सचिव व कोषाध्यक्ष रही। वर्तमान में उपाध्यक्ष - वसुंधरा लेडीज क्लब जयपुर, उपाध्यक्ष- कल्चरल सोसायटी ऑफ राजस्थान एवं अध्यक्ष- शंकरा आई हास्पिटल, ''विशाखा'' समिति हैं। वर्ष 2017 में श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा आयोजित महेश एक्सपो कमेटी की सदस्य रहीं। 'सतरंगी सावन मेला' की फाउण्डर सदस्य तथा सिंजारा महोत्सव की संयोजक भी रहीं।

# श्री माहेश्वरी नवयुवक मंडल जयपुर - अध्यक्ष पद के प्रत्याशी



## अमित मालपानी

इस पद के लिये चुनावी समर में उतरे अमित मालपानी की पहचान समाज में जुझारु व कर्मठ, समाजसेवी के रूप में है। आप वर्तमान में इसी संगठन में उपाध्यक्ष भी हैं। श्री मालपानी का जन्म 6 मई 1983 में कृष्णप्रकाश व श्रीमती सदा मालपानी के यहाँ हुआ। बी.कॉम. तक शिक्षा ग्रहण करके आपने स्वव्यवसाय का मार्ग चुना। वर्तमान में आपकी व्यवसाय जगत में पहचान एक प्रतिष्ठित गारमेंट्स निर्माता के रूप में है।

### समाज सेवा में योगदान

श्री मालपानी कार्यकारिणी सदस्य के रूप में वर्ष 2010 से सेवा देते हुए वर्तमान में उपाध्यक्ष के रूप में श्री माहेश्वरी नवयुवक मंडल को अपनी सेवा 2016 से लगातार दे रहे हैं। श्री गोपालकृष्ण गौशाला- जयपुर के सदस्य भी हैं। कोरोना महामारी में आपने 40 से अधिक वेक्सिनेशन शिविर में प्रमुख भूमिका निभाई। महारक्तदान शिविर 2021 के शिविर संचालक की भूमिका निभाकर रिकार्ड 5133 यूनिट रक्त एकत्रित किया। अब तक 13 बार रक्तदान किया। स्पर्श चिकित्सा थैरेपी में सक्रिय सहयोग कर 500 से अधिक समाजबंधुओं को लाभ दिलवाया। समाज की जनगणना में सक्रिय सहयोग दे रहे हैं। समाज के अन्य सभी कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका एवं सहयोग है।



## अभिषेक मांधना

लम्बे समय से नवयुवक मंडल को अपनी सेवा दे रहे तथा वर्तमान में संगठन के कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक मांधना इस बार चुनावी समर में नवयुवक मंडल अध्यक्ष पद के प्रत्याशी हैं। श्री रामरतन मांधना के यहाँ जन्मे श्री मांधना बी.कॉम. (बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) तक शिक्षित होकर स्वयं का साड़ी व्यवसाय संभाल रहे हैं।

### समाजसेवा में योगदान

श्री मांधना वर्ष 2003 से सामाजिक सेवा में सक्रिय रहते हुए श्री माहेश्वरी नवयुवक मंडल जयपुर कार्यकारिणी सदस्य, सांस्कृतिक सचिव व उपाध्यक्ष, रहे हैं। वर्ष 2019-2022 में भी कार्यकारिणी सदस्य, श्री माहेश्वरी नवुयक मण्डल जयपुर के रूप में सेवा दे रहे हैं। कोरोना काल में महेश सेवा समिति के साथ जुड़कर राशन, मेडिकल सहायता, ब्लड डोनेशन कैम्प में सक्रिय रहे। राजेश कालानी फाउंडेशन के साथ जुड़कर टीकाकरण के लिए जागरुकता और शिविर आयोजन में सक्रिय योगदान दिया। डिजिटल क्रान्ति के उद्देश्य से मंडल 2019-2022 के पहले प्रोग्राम ऑनलाइन सेल्लिंग प्लेटफार्म के संयोजक के रूप में जिम्मेदारी निभाई।

जुबानी इनकी...

# सबका साथ समाज का विकास ही ध्येय-श्री सोनी

**विभिन्न समाजों के चुनाव होते हैं। उनमें विभिन्न प्रत्याशी खड़े होते हैं। श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के त्रैवार्षिक सत्र - 2022-25 के चुनाव में भी अनेक प्रत्याशी खड़े हुए हैं। सभी प्रत्याशी मतदाताओं के बीच जाकर समर्थन मांग रहे हैं। लेकिन बताया जा रहा है कि जो समर्थन व मतदाताओं का स्नेह अध्यक्ष पद के प्रत्याशी उमेश सोनी को मिल रहा है, वह किसी चमत्कार से कम नहीं लगता। उमेश सोनी जहां भी जाते हैं, लोग उत्साह से उनका स्वागत करते हैं। स्वागत-सत्कार के साथ-साथ वे उन्हें समर्थन देने का विश्वास दिलाते हैं। आईये जानें इस चुनाव की बानगी उन्हीं की जुबानी**



श्री माहेश्वरी समाज जयपुर, के त्रैवार्षिक चुनाव जुलाई 2022 में होने हैं। यह एक ऐसा प्रतिष्ठित समाज है, जिसका अध्यक्ष बनने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है। देश-दुनिया के समाजबंधुओं की नजर इस चुनाव पर रहती है। श्री माहेश्वरी समाज जयपुर एक ऐसा समााजिक संगठन है, जो काम और सिर्फ काम करने में विश्वास रखता है। इसी का परिणाम है कि समाज ने देश-विदेश में अपनी प्रतिष्ठा बनाई है। यह एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी वाला पद है। अध्यक्ष की कुर्सी तक पहुंचने का सपना वही देख पाते हैं, जो अपने को निःस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करने में सक्षम पाते हों, सबको साथ लेकर चलने की क्षमता रखते हों। समाज की समस्याओं को समझते हों।

समय बहुत ही कम है। अतः मैं सभी से यही कहता हूँ कि सबका साथ होगा, तभी समाज का विकास होगा। जिस पर आपको विश्वास हो, जो काम कर सके, जो आपके साथ चल सके, उसे वोट दें। मतदाता भी चुनाव को लेकर बेहद उत्साहित हैं। वे अपने-अपने प्रत्याशियों के साथ जी-जान से लगे हुए हैं। मेरे समर्थक व कार्यकर्ता तो प्रचार अभियान में दिन - रात एक किए हुए हैं। हम सभी लोगों से व्यक्तिशः मिलने का प्रयास करते हैं, कम समय के कारण जिनसे मिलना नहीं हो पा रहा है, उनसे फोन व सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क कर रहे हैं। हमें विश्वास है कि हमारा प्रचार अभियान अत्यंत सशक्त है।

किसी भी प्रत्याशी की लोकप्रियता की पहचान उसके समर्थन में जुटे हुए लोगों से होती है। जिसके साथ जितने अधिक लोग होते हैं, वह उतना ही अधिक लोकप्रिय माना जाता है। इतना स्वागत-सत्कार व व्यापक समर्थन देखकर मैं स्वयं अभिभूत हूँ। मुझे उम्मीद से अधिक समर्थन मिल रहा है। इसके लिए हम सभी के आभारी हैं। सभी यह कहकर हौसला बढ़ाते है कि समाज को मेरे जैसे निष्ठावान कार्यकर्ताओं की जरूरत है। उनका कहना है कि वे वर्षों से मेरे काम को देख रहे हैं। उन्हें लगता है मुझे जो भी जिम्मेदारी दी गई, उसे निभाने में मैं पीछे नहीं रहा।

नारे, स्लोगन, पंचलाइन आदि किसी भी चुनाव को रोचक बना देते हैं। इससे प्रत्याशी की पहचान बनने में आसानी रहती है। लोग उन नारों, पंच लाइन के माध्यम से प्रत्याशी को पहचानने लगते हैं। हमने अपने प्रचार के लिए जो पंच लाइन रखी है, वह सरल भी है, और प्रेरक भी। उसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वह आसानी से सबकी जुबां पर चढ़ गई है। ''सबका साथ समाज का विकास'' और हमारी टीम एक - दूसरे के पर्याय बन चुके हैं। जोन चार के प्रत्याशी परिचय व स्नेह मिलन कार्यक्रम में जब सबका साथ समाज का विकास थीम पर एक गीत की लांचिंग की गई, तो लोग उसे सुनकर झूम उठे। वे उसके सुर के सुर और बोल से बोल मिलाने लगे। पांच मिनट में ही यह गीत सबकी जुबां पर था। सभी इसकी प्रशंसा कर रहे थे।

# महेश नवमी के पर्व पर हार्दिक शुभकामनायें....

## वैशिष्ट्ये

बचत खाते/करंट खाते, विद्यार्थ्यासाठी LMSB अकाऊंट, व्यापा-यांसाठी पिग्मी योजना, सर्वांसाठी RD योजना, ठेविंच्या विविध आककर्षक योजना, व्यापारी / नोकरदारांसाठी विवधि कर्ज योजना, सोनेतारण कर्ज योजना, वाहनांसाठी सुलभ वाहन तारण कर्ज योजना, हक्काचे घर होण्यासाठी गृह कर्ज योजना, लॉकर्स सुविधा, कोअर बैंकिंग (C.B.S.), SMS बैंकिंग सुविधा, ATM नेटवर्क पूर्ण भरतात, RTGS/NEFT Online Tax Payment, फ्रँकींग सुविधा, e-SBTR, DBTL (Aadhar Linking) सुविधा, लाईफ व जनरल इन्शुरन्स सुविधा, CTS, ECS, NACH सेवा, मोबाईल / होम / इंटरनेट बैंकिंग सुविधा, POS/IMPS / ECOM / BCBF, BBPS - भारत बिल पेमेंट सिस्टिम सुविधा, बँकेची मोफत कैलास रथ योजना ( केवल लातूर शहर )

-: बँकेची सांपत्तीक स्थिती :-

दिनांक 30/04/2022 वरील आकडेवारी

| | | |
|---|---|---|
| + भाग भांडवल | :- | 2019.78 लाख |
| + ठेवी | :- | 65789.79 लाख |
| + कर्जे | :- | 42932.60 लाख |
| + ऑडिट वर्ग | :- | "अ" |

UNIFIED PAYMENTS INTERFACE

UPI लवकरच

SCAN NOW

Follow us on :

/laturbank

पैशांवर विश्वास ठेवण्यापेक्षा...
विश्वासावर पैसे ठेवा...

## संचालक मंडल



**श्री प्रदीपकुमारजी राठी**
संस्थापक अध्यक्ष



**श्री आदिनाथजी सांगवे**
उपाध्यक्ष

श्री रामबिलास लोया, श्री विठ्ठलराव चित्ते, श्री भिमाशंकर देवणीकर, श्री शरणप्पा स्वामी ( कलेमले ), श्री विकास धोत्रे, श्री प्रदीप बेद्रे, श्री जुगलकिशोर झंवर, श्री दिलीप माने, श्री व्यंकटराव गर्जे, सौ. शुभदा रेड्डी, श्रीमती रत्नमाला अंभोरे, सीए सौ.कविता चक्रवर्त्ती, सीए श्री दीपक मालीवाल, सीए श्री चंद्रप्रकाश भन्साली, सीए श्री सचिन भट्टड, सौ. रूपाली शहा, सीए श्री लक्ष्मीरमण मालू, सीए श्री ओमकार भुतडा

**श्री वाय. एस. मशायक**
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

**श्री एन.जे.भंडारी**
उप-मुख्यकार्यकारी अधिकारी

# लातूर अर्बन को-ऑप. बँक लि., लातूर

मुख्यालय : स्व. रामगोपालजी राठी व्यापारी संकुल, शिवाजी नगर, लातूर 413 - 531 (महाराष्ट्र)
फोन नं. : (02382) 259502/03/04/255002
Website : www.laturbank.co.in E-Mail ID : info@laturbank.co.in



*With Best Compliments from*



( P.R. Somani )

# Purushottam Somani B.E. (Mech)

## Nizamabad

- Shri Adiya Vikram Birla Memorial Vyapar Sahyog Kendra (Treasurer)
- A.B. Maheshwari Sabha Karyakari Mandal Sadasya
- Shri Banguar Medical Trust (Trustee)

- The Nizamabad Chamber of Commerce & Industry Founder President
- Indira Gandhi Priyadarshini Awardee in 1997

**Concerns-**

- **M/s. Sham Agencies**
- **M/s. Sham Autolines** (BPC Dealer)
- **M/s. Sham Leasing & Finance Corporation** (Finance)
- **M/s. Sarang Automotives (P) Ltd.** (Suzuki Dealer)
- **M/s. Sarang Hi-Tech Cold Storage LLP**
- **M/s. Sarang Autolines** (BPC Dealer)

Hyderabad Road, NIZAMABAD (Telangana) 503 003
Mob. 098480-71036 E-mail : prsomani@hotmail.com



**व्यावसायिक रूप से इंजीनियर के रूप में अपनी विशिष्ट ख्याति रखने वाले श्याम भंडारी समाज को भी तन-मन-धन से अपना योगदान देने में पीछे नहीं रहे। समाज की कई योजनाओं में उनका विशिष्ट सहयोग समाहित है। इन्हीं योगदानों को लेकर सूरत जिला माहेश्वरी सभा द्वारा श्री भंडारी को संगठन के सर्वोच्च ''महेश रत्न'' सम्मान से अलंकृत किया गया।**

# समाजसेवा के ''रत्न'' श्याम भंडारी

सिविल इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त कर व्यवसाय जगत में अपने विशिष्ट पहचान बनाने वाले सूरत निवासी श्याम भंडारी को जब महेश नवमी महोत्सव के अवसर पर सूरत जिला माहेश्वरी सभा द्वारा समाजसेवा के लिये संगठन के सर्वोच्च महेश रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया, तो किसी को भी आश्चर्य नहीं हुआ। कारण है, उनके वे योगदान जो उन्होंने निःस्वार्थ भाव से समाज संगठन को दिये। श्री भंडारी ने न सिर्फ समाज की परिकल्पना माहेश्वरी स्कूल तथा सेवा सदन के निर्माण में तन-मन-धन से अपना भरपूर सहयोग दिया बल्कि और भी अन्य कई प्रकल्प है, जो उनके सहयोग से अछूते नहीं रहे।

## छोटे से गाँव में लिया जन्म

आमतौर पर गाँव शब्द का उल्लेख होते ही हर किसी की कल्पना अत्यंत पिछड़े के रूप में हो जाती है, लेकिन श्री भंडारी ने इस कल्पना को अपनी उपलब्धियों से बदलकर रख दिया। श्री गौरीशंकर भंडारी के यहां राजस्थान के पाली जिले के छोटे से गांव पाटवा में श्याम भंडारी का जन्म पांच भाई व तीन बहनों के भरे पूरे परिवार में हुआ। बचपन से प्रतिभावान रहे श्री भंडारी की उच्च शिक्षा जोधपुर में हुई। बचपन से ही गणित में मास्टरमाईंड होने की वजह से आपने इंजीनियरिंग की पढ़ाई एमबीए इंजीनियरिंग कॉलेज जोधपुर से कर बी.ई. (सिविल) (हॉन्स) की डिग्री प्राप्त की। फिर वर्ष 1987 में सूरत को कर्मभूमि बनाई और वर्ष 1992 से स्ट्रक्च्युरल कन्सल्टेंसी की शुरुआत की।

## निर्माण जगत को दी विशेष सौगात

आपने अपने दोस्त के साथ मिलकर भारत का पहला भूकंप रोधी सॉफ्टवेयर बनाया जो पूरे भारत में भूकंप रोधी भवन बनाने में उपयोग होता है। इसी साफ्टवेयर के अपग्रेडेशन के लिए वर्ष 1997 से 2000 तक श्री भंडारी पुणे भी रहे। साथ ही ऑटो-डीसीआर प्लान पास करने के लिये ऐसा साफ्टवेयर डिवलप किया जिसका भारत की सभी निगम निर्माण अनुमति देने के लिए उपयोग करता हैं। वर्ष 2001 में आप वापस




सूरत आ गए। वर्तमान में यहीं सॉफ्टवेयर डिवलपर के रूप में उनकी कन्सलटेंसी अपना योगदान दे रही है। आपकी विशिष्ट पहचान वर्तमान में इंडस्ट्रीयल कन्स्ट्रक्शन विशेषज्ञ के रूप में बन चुकी है।

## उन्नति पथ पर परिवार

सबसे बड़े भाई श्री गोपाल भंडारी जैतारण माहेश्वरी क्षेत्रीय सभा में उपाध्यक्ष पद पर सेवा दे चुके हैं। बड़े भाई रामपाल भंडारी इचलकरंजी माहेश्वरी भवन में कोषाध्यक्ष एवं सचिव पद की सेवा दे चुके हैं। वर्तमान में वे पॉवरलूम व यार्न मेन्युफेक्चरिंग एसोसिएशन में अध्यक्ष हैं। छोटे भाई हरी भंडार जोधपुर में सांस्कृतिक मंत्री के रूप में सेवा दे चुके हैं। सूरत को कर्मभूमि बनाने का रास्ता आपके भाई रमेश भंडारी ने दिखाया था। वर्ष 1986 में आपका विवाह वंदना से हुआ जो वतमान में महिला जिला सभा में कोषाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। आपकी एक पुत्री हैं, डॉ. वर्षा-अनुराग सोढानी जो इंदौर में रेडियोलॉजिस्ट है। आपके जीजाजी रामेश्वरलाल राठी महेश स्कूल इचलकरंजी को चेयरमेन के रूप में सेवा दे चुके हैं।

## समाजसेवा में वृहद योगदान

श्री भंडारी वर्ष 2011-12 में नवयुवक मंडल अध्यक्ष व 2013 से 2016 तक सूरत जिला माहेश्वरी समाज के सचिव रहे। आप माहेश्वरी सेवा मंडल में ट्रस्टी भी हैं। लाफिंग क्लब के साथ ''डांग विस्तार'' में मानव सेवा के लिए किये गए बहुत सारे कार्यक्रम में सहयोग किया। माहेश्वरी समाज के महत्वपूर्ण परिकल्पना माहेश्वरी स्कूल एवं सेवा सदन के निर्माण में खूब सहयोग किया। संगीत का शौक उन्हें कॉलेज के समय से है। लॉफिंग क्लब के दोस्तों के साथ लगभग सारी दुनिया की सेर वे कर चुके हैं। आप वर्तमान में गुजरात प्रांतीय माहेश्वरी सभा को कार्यसमिति सदस्य के रूप में सेवा दे रहे हैं। हाल ही में जिला माहेश्वरी सभा सूरत द्वारा वीआईपी रोड, श्याम बाबा मंदिर के समीप 5 हजार वर्ग फीट में संगठन का कार्यालय खरीदा गया है। श्री भंडारी इसके प्रमुख दानदाताओं में से एक है।



॥ जय महेश ॥



# श्री महेश नवमी पर सभी माहेश्वरी बन्धुओं को हार्दिक शुभकामनाएं



## ममता मोदानी

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ( पश्चिमांचल ) अ.भा. माहेश्वरी महिला संगठन

निदेशकः संगम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस

समिति प्रमुखः कंप्युटर नेटवर्किंग एडवांस तकनीकी शिक्षा समिति, अ.भा. माहेश्वरी महिला संगठन




# "विद्या ददाति विनयं"

## जयपुर माहेश्वरी समाज की शिक्षा यात्रा के 100 वर्षों का इतिहास

कोई व्यक्ति हो या समाज वह तरक्की तभी कर पाता है, जब वह लगातार काम करता है। कितनी ही चुनौतियाँ आएं, मंजिल मिलकर ही रहती है। इसका जीता-जागता उदाहरण है, जयपुर का माहेश्वरी समाज। यह समाज अपनी जिजीविषा के लिए माना जाता है, यानी जो ठान लिया, सो ठान लिया, उसे हर हाल में पूरा करना है। करीब सौ वर्ष पहले समाज ने लोगों को शिक्षा दान की सोची। इसके लिए एक संस्था का जन्म हुआ 'दी एजुकेशन कमेटी ऑफ माहेश्वरी समाज'।

इस संस्था ने एक गली की एक छोटी सी कोठरी में शिक्षा की जो लौ जलाई, वह आज प्रकाश पुंज बन चुकी है। जिस कोठरी में रात्रि पाठशाला के लिए चार लोग और दीपक के लिए तेल भी नहीं मिलता था, वह संस्था आज रोशनी से जगमग हो रही है। चार लोगों को पढ़ाने से शुरुआत करने वाली संस्था अब करीब 25 हजार बच्चों को पढ़ा रही है।

यह सब कैसे संभव हुआ? "विद्या ददाति विनयं" इस सबका दस्तावेज है। यह मात्र एक पुस्तक नहीं है, जो किसी समाज की प्रशस्ति गाथा करती हो। पुस्तक में समाज के पूर्वजों के संघर्ष का उल्लेख है कि कैसे वे अपनी दूरगामी सोच को पूरा करने के लिए निष्ठापूर्वक लगे रहे। उनकी निष्ठा का ही परिणाम है कि उनका लगाया गया शिक्षा रूपी पौधा आज वटवृक्ष बन चुका है। एक छोटी सी पाठशाला, जिसमें बच्चों को बुलाकर लाया जाता था, आज एक वृहद् शिक्षा संस्था के रूप में बदल चुकी है।

सन् 1926 में छोटी सी पाठशाला शुरू होने के समय के कुछ दुर्लभ दस्तावेजों को देखा गया, तो देखकर आश्चर्य हुआ कि उस समय स्कूल की जिम्मेदारी संभालने वालों ने स्कूल की कार्यवाही की मिनट बुक बना रखी थी। स्कूल की गतिविधियों के साथ-साथ दानदाताओं के नामों का जिक्र भी इस मिनट बुक में रहता था। यह संस्था छोटी भले ही रही हो, लेकिन इसके जो कर्ता-धर्ता थे, सब उच्च शिक्षित थे।

यही कारण था कि मात्र एक टेबल, एक कुर्सी, एक लकड़ी की पेटी, एक कलम-दवात, होल्डर के साथ शुरू की गई यह पाठशाला आज सुसज्जित बहुमंजिला भवन तक का सफर पूरा कर चुकी है। यह सफर आसान रहा हो, ऐसा भी नहीं है, बीच में कई-कई व्यवधान भी आए, लेकिन जहां लक्ष्य पर, मंजिल पर नजर हो, उसे कोई हरा नहीं सकता।

ईसीएमएस के चेयरमैन प्रदीप बाहेती ने पुस्तक को एक दुर्लभ दस्तावेज बताया। चंद्रमोहन शारदा का संपादन कसावट लेते हुए है। घटनाओं व संस्मरणों को इतनी रोचकता से वर्णित किया गया है कि पाठक की जिज्ञासा बनी रहती है। ले-आउट में नवीनता है, पुस्तक में प्रयुक्त संस्कृत के श्लोकों के माध्यम से अनुकरणीय बातें कही गई हैं।




Geolife®
NANO
MET
BET
हर फसल की सभी अवस्था के लिए सम्पूर्ण पोषण
मिट्टी की उर्वरकता में सुधार के लिए प्रभावी उत्पाद
ENVIRONMENT FRIENDLY 100% ORGANIC NO HARM TO NATURE
१०० % सेंद्रिय उत्पाद
स्वस्थ शरीर Healthy Body
पोषणयुक्त आहार Nutritious Food
तंदुरुस्त फसल Healthy Crop
स्वस्थ मृदा Healthy Soil
जियोलाईफ एग्रीटेक इंडिया प्रा. लि.
कृषि क्षेत्र में नैनो टेक्नोलोजी देनेवाली भारत की अग्रसर कंपनी
कस्टमर केयर नं.९९३०८०८८०८
website: www.geolife.com

**वैसे तो विवाह के बाद भी बेटियों का ससुराल के साथ मायके पर भी समान अधिकार है। इसके बावजूद जिस प्रकार एक वर्ग मानता है कि बेटियों के ससुराल में उसके माता-पिता की दखलंदाजी बेटियों के सुखी घर-संसार के लिए समस्या का कारण है, उसी प्रकार एक और वर्ग का मानना है कि ब्याहता बेटियों की अपने मायके में दखलंदाजी भी मायके वालों के लिए परेशानी का सबब है। ब्याह के बाद बेटी को अपने निजी घर-संसार को सजाने-संवारने में अपना मन लगाना चाहिए। ब्याहता बेटी का पीहर में एक निश्चित सीमा रेखा से अधिक पंचायती करना पीहर के सदस्यों में आपसी मनमुटाव का कारण बन जाता है। शुरुआत में ब्याहता बेटी को एक हद से अधिक पीहर में दखलंदाजी करने की मौन अनुमति देकर पीहर वाले स्वयं भी धीरे-धीरे बड़ी समस्या को न्यौता देते हैं। अतः विचारणीय हो गया है कि ब्याह के बाद भी बेटी का माता-पिता/भाई-भाभी/चाचा-चाची अथवा अन्य पीहर सदस्यों पर अपनी पैठ बनाये रखने के लिए पीहर के हर छोटे-बड़े मुद्दों, निर्णयों व कार्यों में अपनी प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष उपस्थित दर्ज करवाना कितना उचित है? इस ज्वलंत और समाज पर प्रभाव डालने वाले विषय पर आपसे आपके विचार आमंत्रित हैं। आपके विचार समाज को नई दिशा दिखाएंगे। आइये जानें इस स्तम्भ की प्रभारी सुमिता मूंदड़ा से उनके तथा समाज के प्रबुद्धजनों के विचार।**

# ब्याहता बेटियों की मायके में दखलंदाजी
## कितनी उचित अथवा अनुचित?



### अनावश्यक अधिकार जताना अनुचित

विवाहित बेटी का मायके में अनावश्यक तांक-झांक करना उसके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचा सकता है। मायके में अगर माता-पिता की देखरेख करनेवाला कोई भी ना हो तो बेटी पर माता-पिता की पूरी जिम्मेदारी होती है और तब उसका अपने मायके में माता-पिता के हित में आवश्यक कदम उठाना दखलंदाजी की श्रेणी में नहीं आता। पर अगर मायके में माता-पिता, भाई-भाभी अथवा अन्य पारिवारिक सदस्य साथ रहते हैं तो भी मायके की हर छोटी-बड़ी बात में बेटी अपनी उपस्थिति दर्ज कराती हो तो यह दखलंदाजी मानी जायेगी जो सर्वथा अनुचित है। अपनी घर-गृहस्थी को सजाने-संवारने का सम्पूर्ण अधिकार ससुराल में बहू का होता है, विवाहित बेटियों का नहीं। बेटियों को तो मायके में सिर्फ मान-सम्मान पाने का अधिकार है। अगर विवाह के बाद भी बेटियां अपने मायके में अपना वर्चस्व दिखाना/जताना अपना अधिकार मानेंगी तो अपना मान-सम्मान खो देंगी। विवाह के बाद बेटी को अपने मायके में उतना ही हस्तक्षेप करना चाहिए जितना कि वह अपनी ननद से अपने घर में चाहती है। मायके वालों से रिश्तों में खटास अथवा मिठास बनाये रखना स्वयं बेटी के अपने व्यवहार पर निर्भर है।

❒ **सुमिता मूंधड़ा**, मालेगांव, नाशिक



### मांगने पर अवश्य दें सलाह

बेटी घर की आन हैं, शान हैं, मान हैं और माता-पिता का अभिमान है। परंतु बेटी अपने पिता द्वारा जब डोली में बैठाकर एक अच्छे व्यक्तित्व अर्थात दामाद को और उसके माता-पिता को विवाह के पश्चात साथ सौंप दी जाती है। तब पिता अपने एक महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व की पूर्ति कर देता है। विवाह के पश्चात हर माता-पिता अपनी पुत्री को ससुराल में सुखी देखकर बहुत प्रसन्न होते हैं। बेटी का आवागमन तीज त्यौहार पर तथा मिठाई और सामान का आदान प्रदान हमारे समाज में परिवारों द्वारा किया जाता है। यदा कदा बेटी और दामाद का आना जाना सब परिवार की शोभा होता है परंतु विवाह के पश्चात पीयर की हर छोटी-मोटी बात के निर्णय एवं पंचायत में बेटी की भागीदारी कम से कम ही होना उचित है। हां माता-पिता तथा भाई-भाभी किसी विशेष विषय पर सलाह लेते हैं, वह अवश्य निष्पक्ष हो कर दो, परंतु अनावश्यक हस्तक्षेप बेटी ना करें यही उचित है। अपने मधुर व्यवहार द्वारा अपना नाम करें, लेकिन किसी भी बात पर अपना वर्चस्व जमा कर कि मैं भी इस घर की बेटी हूं, मुझे हक है कहने का, कहकर अधिकार ना जमाए तभी व्यवहार और संबंध सुमधुर रहेंगे। आप जहां तक हो सके सुई बनकर जोड़ने का कार्य पीहर में करें, कैंची बनकर काटने का कार्य नहीं करें।

❒ **उर्मिला तापड़िया**, नोखा,
पूर्व अध्यक्ष माहेश्वरी महिला मंडल



### एक दूसरे की तकलीफ में हस्तक्षेप जरूरी

हमेशा ऐसा ही होता आया है क्योंकि एक लड़की ने सब कुछ छोड़ दिया मगर माता-पिता तो हैं ही। जब लगेगा कि बेटी को तकलीफ आ रही है तो माता-पिता दखल देंगे और बेटी को लगेगा कि मेरे माता-पिता को तकलीफ हो रही है, तो बेटी भी दखल देगी। उसे लगेगा कि मेरी सलाह की जरूरत है तो इन सबमें गलत कुछ भी नहीं है। ये तो हजारों सालों से होता आ रहा है। हमारे किसी भी शुभ कार्यों में हमारी बुआजी आकर बैठ जाती थी। दूसरी तरफ बेटी के परिवार में माता-पिता का पधारना। ये तो सारा आजकल मोबाईल कल्चर की देन है। हमेशा मोबाईल साथ में ही आता है और पहले से ही अंदर रहता है। जैसे दही में जामन देने के बाद में उसको जमने का टाईम देना चाहिए। मगर हम टाईम नहीं देते हैं। समस्या क्या है कि हम दही में जामन डालते हैं और उसे हर एक मिनिट में हिलाकर देखते हैं कि जमा कि नहीं। इसलिए हर रिश्ते को सेटल होने के लिए टाईम देना चाहिए। दखल का मामला अनुचित नहीं है, मगर दखल में एक मर्यादा होना चाहिए। लड़की की अपने मायके में दखल में मर्यादा और लड़के के मां बाप के उसके परिवार में दखल की मर्यादा जरूरी है। जब-जब मर्यादाएं टूटेंगी तब तक सीताओं का हरण होगा। इसलिए बात है समय के हिसाब से बदलने की और बात मर्यादाओं को समझने की।

❒ **शंकरलाल सोमानी**, सूरत



## ज्यादा दखलंदाजी ठीक नहीं

ब्याहता बेटियों की मायके में दखलंदाजी से सहमत हूं कि उनको बहुत ज्यादा दखलअंदाजी नहीं करनी चाहिए। जब बेटी अपने ससुराल चली जाती है तो उसकी ससुराल ही उसका पहला घर है। पीयर में उसका मान-सम्मान उतना ही है। हर चीज में रोल के लिए मना नहीं है लेकिन दखलअंदाजी नहीं होना चाहिए और एक सहयोग और डिस्कशन में फर्क है। नार्मल बात है कि एक बेटी अपने ससुराल में चली गई है और जनरली बात होती है मां उसकी बेटियों से कोई बात पूछेंगी। इससे बहुओं को ये एहसास होगा कि हम तो अपना घर छोड़कर आए और यहां बेटियों को ज्यादा एडवांटेज मिल रहा है। इससे घर फूटना शुरू हो जाता है। बहू के मन में यह रहता है मुझे जस नहीं मिल रहा है बजाय मेरी ननद को ज्यादा मिल रहा है और ननद को पूछे बिना सास-ससुर आगे कोई काम नहीं करते, जहां ये भावना हो जाती है। वहां घर में रोज का क्लेश शुरू हो जाता है।

❒ **कमल भूतड़ा**, सूरत



## कायम रखें रिश्तों की सुगंध

बेटियाँ परिवार का, समाज का, देश का मान होती हैं। विवाहोपरांत दो परिवारों की मान मर्यादा की रक्षिता होती हैं, बेटियाँ। आधुनिक युग में अधिकांश बेटियाँ पूर्ण शिक्षित एवं उच्च पदासीन हैं। वे विवाह के पश्चात् भी मायके पर पूर्ण अधिकार रखना चाहती हैं और मायके आने पर अपने भाई-भाभी के साथ अनुचित व्यवहार करती हैं। उनकी सामर्थ्य से अधिक की इच्छा, स्नेही भाभी पर अनुचित कटाक्ष। ये सब मायके वालों का दिल तोड़ देता है। भाभी-भाई सब उसकी ज्यादा दखलंदाजी से क्षुब्ध हो जाते हैं, चाहते हैं कि बेटी ज्यादा दिन मायके में न रहे। कितना अशोभनीय है? विदा होते समय जिस पीहर को फलीभूत रखने के लिए हम खील बरसाते हुए जाते हैं, विवाह के पश्चात् अनुचित व्यवहार से अपने उन्हीं रिश्तों में दरार डाल देते हैं। इसलिए स्नेह सम्बंधों को सुगंधित रखने के लिए मायके में अनुचित दखलंदाजी न करें, अपने स्वयं के परिवार को संभालें। ये प्रेम के धागे हैं, एक बार उलझ गये तो कभी स्वाभाविक नही हो पाते।

❒ **डॉ. आभा माहेश्वरी**, अलीगढ़ (यूपी)



## मायके पर आधिपत्य जमाना ठीक नहीं

बेटी से बहू तक का सफर कहने को तो एक दिन का होता है परंतु उस एक दिन के बाद वह जन्म जन्मांतर के लिए जुड़ जाती है। शादी के बाद बेटी अपने घरवालों के लिए पराई हो जाती है तथा ससुराल वालों के लिये पराये घर से आई हुई होती है। पराया शब्द पीहर व ससुराल दोनो जगह जुड़ जाने के बावजूद शादी के बाद प्राथमिकता ससुराल के परिवार की होती है। इस बात को ध्यान में रखते हुये पीहर परिवार में एक सीमा से ज्यादा दखलअंदाजी पीहर के सदस्यों के लिये परेशानी का कारण बन सकती है व आपसी सम्बन्धों में वैमनस्य की स्थिति पैदा कर सकती है। पीहर में भी भाभी हो सकती है जिसके लिये वह परिवार प्राथमिक होता है एवं ज्यादा हस्तक्षेप उसके लिये अस्वीकार्य हो सकता है। पीहर के बारे में ज्यादा ध्यान रखने वाली महिला ससुराल में भी सुखी नहीं रह सकती है। अतः पीहर व ससुराल दोनो जगह के सदस्यों के साथ-साथ स्वयं की खुशी के लिये यह नितान्त जरूरी है कि व्याहता बेटियां अपने पीहर परिवार के मामलों में एक सीमा से ज्यादा हस्तक्षेप न करे। अधिकांश मामलों में जब बेटी का ससुराल नजदीक या एक ही शहर में होता है तो पीहर वालों की बेटी के ससुराल परिवार में बार-बार दखलंदाजी बेटी का बसा बसाया घर उजाड़ सकती हैं। जब कोई ब्याहता बेटी मायके पर अपना आधिपत्य जताती है तो वहां भी ननद भाभी में विवाद के अंकुर फूटने लगते है।

❒ **गजानन्द राठी**, सूरत
अध्यक्ष, गुजरात प्रान्तीय माहेश्वरी सभा



## दखलंदाजी बिल्कुल नहीं, उचित सलाह सर आंखों पर

'मेरी तो लाईफ बनने जा रही है और आप रो रही हैं, आपने तो सारा मजा ही किरकिरा कर दिया। 'मॉम' 'कल्चर' का कचूमर बनाकर बेटी ने बिदाई के समय बड़ी बेशर्मी के साथ मां से कहा। ऐसे संस्कार विहीन आचरण वाली बेटी की दखलंदाजी मायके और ससुराल दोनों की शांति भंग कर सकती है। दूसरी तरफ, एक बेटी ससुराल से पहली बार जब मायके आई तब लोग उससे ससुराल के बारे में बड़ी उत्सुकता से पूछताछ करने लगे। फिर बेटी ने उन तमाम प्रश्नों का उत्तर एक ही लाईन में देते हुए कहा 'वहां सब लोग कह रहे थे, दुल्हन के पास संस्कारों की खुशबू आ रही है।' ऐसी संस्कारी ब्याहता बेटी मायके में 'जरूरत पड़ने पर' सही सलाह दे सकती है। जिन बेटियों का जीवन नकारात्मकता की संकरी गलियों से होकर गुजरा है, उनकी दखलंदाजी परेशानियों का सबब बनती है। दूसरी ओर, जो बेटियां सकारात्मक सोच के साथ संस्कारों के हाईवे से होकर गुजरती है, उनकी सलाह को दखलंदाजी नहीं बल्कि खुशियों की राह प्रशस्त करने वाला माना जाता है।

❒ **जय बजाज**, इन्दौर (म.प्र.)



## बिन मांगे सलाह भी न दें

ये बहुत गंभीर विषय है, जैसा शादी ब्याह का विषय। इसके लिए हमें विचार करना चाहिए। मेरा मानना है कि आजकल एक बेटा और एक बेटी दोनों में समान प्यार अधिकार की बातें की जाती है। बात भी सही है बेटी भी बराबर प्यार की अधिकारी है। लेकिन शादी के बाद बेटी अपने ससुराल चली जाती है और उसे अपने ससुराल को अपना घर मानना चाहिए। ठीक है पिता का घर भी उसी का है लेकिन एक सीमाएं निर्धारित होती हैं। इस घर में भाभी आती है वह भी उसे अपना घर मानती है। बहू भी इस घर पर अपना अधिकार जमाती है और बेटी भी जमाएगी तो इससे ईर्ष्या उत्पन्न हो जाती है। विवाद का कारण बन जाता है। तो मेरा मामना है कि बेटी अपने घर तक सीमित रहे। हां किसी विशेष परिस्थिति में मायके में अगर उसकी राय मांगी जाय तो जरूर देना चाहिए। कठिन परिस्थितियों में उनको आकर संभालना चाहिए और बेटी को अपने माता-पिता, भाई-भाभी का सहारा बनना चाहिए। बिना मांगे सलाह या बिन मांगे दखलअंदाजी ये तो घर खराब करने जैसी स्थिति हो जाती है। उसे अपने माता-पिता को अगर सम्मान दिलवाना है तो अपनी सीमाएं निर्धारित करनी चाहिए। क्योंकि बहू को ये लगने लगता है कि बेटी संभाल रही है तो हम क्यों संभालें? उसके लिए बेटी को एक दूरी बनाकर रखना चाहिए। और दूरी बनाने से मान, सम्मान इज्जत मिलती है और हर एक रिश्ता एक स्पेस तो चाहता ही है। हर एक रिश्ते में स्पेस होना चाहिए। इससे समस्या अपने आप हल हो जाएगी। वैसे तो आजकल बेटियां पढ़ी लिखी हैं और सब कुछ समझती हैं।

❒ **विमला देवी साबू**, सूरत



## कोई भी न करें हस्तक्षेप

शादी होने के बाद बेटी जिस घर में जाती है उसी को अपना घर समझकर और सास-ससुर को माता-पिता का सम्मान देकर उसी हिसाब से रहना चाहिए। न पीयर वालों को बेटी के ससुराल में और न बेटी की दखलअंदाजी मायके में होना चाहिए। कोई भी ससुराल की बातें पियर में और पियर की बात ससुराल में न करें, तो लम्बे समय तक ये रिश्ते निभ सकते हैं। आजकल रिश्ते टूटने के कई कारण हैं उसमें से एक कारण है बेटी की दखलअंदाजी। जहां तक मेरा मानना है वहां तक तो ससुराल में आने के बाद बेटी को अपना ससुराल ही अपना घर समझना चाहिए। जो सामाजिक रिश्ते हैं वो तो जिंदगी भर रहेंगी। बातचीत चालू रखें। सामाजिक व्यवहार रखे बाकि सब कुछ समझना चाहिए अपने ससुराल को।

❑ **गजानंद मालपानी**, सूरत



## उचित तक दखलंदाजी ठीक

ब्याहता बेटियों की मायके में दखलंदाजी उचित ही होनी चाहिए। यदि वह अनुचित रूप धारण करेगी तो यह आज की एक ज्वलन्त समस्या बन जाएगी। आधुनिकता एवं मोबाइल के जरूरत से ज्यादा उपयोग ने इसे बढ़ावा ही दिया। जहाँ चार बर्तन होते है वहाँ खटकते ही है, इस बात को समझते हुए बेटियां मायके और ससुराल के रिश्तों को समझदारी से निभाये तो हर समस्या आसान हो जाएगी। यदि माँ बाप को अपने ही बहु-बेटे से शिकायत है, तो बेटियों की भूमिका इतनी महत्वपूर्ण होनी चाहिए कि ना तो माँ बाप को तकलीफ हो, और न ही भाई-भाभी का परिवार से नाता टूटे। संयुक्त परिवारों में भी चाचा, ताऊ, दादा-दादी सबके विचारो में भिन्नता हो सकती है, पर प्यार की भाषा एक होती है। यदि ये बात बेटियां जो कि किसी के घर की बहू भी है, समझ लें तो अपने घर एवं मायके में शालीनता से अपना मान-सम्मान बनाये रख सकती हैं। बेटियों की मायके में दखलंदाजी कितनी उचित है, इसका निर्णय स्वयं बेटियों को लेना चाहिए। अतः सभी माताओं को अच्छे संस्कारों से बेटियों की परवरिश इस तरह करनी चाहिए कि वे उचित, अनुचित का अंतर समझ सकें।


❑ **ज्योति सोनी**, नागपुर



## बेटी कायम रखे मान-सम्मान

सच है कि बेटियाँ मायके की धरोहर होती हैं। माँ-बाप के प्राण बसते हैं बेटी में। बेटी की छोटी-सी परेशानी भी माता-पिता को दुखी कर देती है। आज कानूनन बेटी पिता की सम्पत्ति में उतना ही अधिकार रखती है जितना कि बेटा। मायके से मिला अतिरिक्त प्यार कई बार बेटियों को निरंकुश बना देता है। वे मायके के हर छोटे बड़े कामों में दखलअंदाजी शुरू कर देती हैं। आरंभ में तो इस बात को कोई गंभीरता से नहीं लेता किंतु बाद में बेटियों की माँ- बाप और भाई-भाभी के जीवन में यह घुसपैठ उन्हीं को अखरने लगती है। हमारे आसपास ऐसे कई उदाहरण मिल जायेंगे जहाँ बेटी ने मायके वालों की नाक में दम कर रखा है। बेटी विवाह के पश्चात मायके में एक मेहमान के तौर पर ही सम्मान पा सकती हैं। उसका ससुराल उसका अपना घर है। अगर उसकी अपनी जिंदगी में उसकी ननद दखल दे तो क्या उसे अच्छा लगेगा? यही बात बेटी पर भी लागू होती है। बेटी को चाहिए कि पीहर के मामलों में तभी दखलंदाजी करे जब उससे राय माँगी जाए। बेवजह की टोका-टाकी रिश्तों में तनाव पैदा कर सकती है। बेटी गाहेबगाहे खोज खबर लेती रहे किंतु सलाह तभी दे जब आवश्यक हो। इससे परिवार में बेटी का मान सम्मान बढ़ेगा।

❑ **विनीता निर्झर**, पंचशील नगर (अजमेर)



## अपने अहम को न होने दें हावी

ब्याहता बेटियों की मायके में दखलंदाजी यह बहुत ही ज्वलंत विषय है। इस पर चर्चा होनी ही चाहिए क्योंकि यह प्रश्न इतना नासूर बनता जा रहा है जिससे समाज में कई घर तबाह हो चुके हैं और कई घर बर्बादी के कगार पर खड़े हैं। इसकी दिक्कत लड़की के पीहर में जब वह अविवाहिता रहती है तभी से शुरू होती है। हम लोग उनको विचारों की स्वत्रंतता के नाम पर इतनी आजादी दे देते है कि बाद में उनको औरों के विचार गौण लगने लगते है, बाद में वह आपने माता-पिता की भी सुनना नही चाहते हैं, फिर घर में उनके सामने आयी हुई बहुओं की क्या बिसात है? फिर शुरू होती है, अपने आपको श्रेष्ठ दिखाने की और किसी को अपने अस्तित्व को बनाये रखने की नोक झोंक। यह नोंक झोंक कब टक्कर की लड़ाई बन जाती है, किसी को पता नही चलता। इसमें कोई एक समझदार बनकर समस्या का हल निकालना भी चाहता है मगर अकसर ये देखा गया है कि, जो समझदारी से काम लेना चाहता है उसे कमजोर समझकर उस पर दबाव तंत्र हावी होने लगता है। और छोटी सी नोंक झोंक घर को तबाही के नरक में ढकेल देती है। इसमें घर के बढ़े बुजुर्ग अगर थोड़ा ध्यान दें तो इससे बच सकते है। पर हमने अपने बच्चों को पहले ही इतनी आजादी दी होती है कि अब वे अपने अहम भाव को छोड़ना नही चाहते और परिवार में कलह रोक नही पाते। बच्चो की उतनी आजादी ठीक है जिससे उनकी स्वतंत्रता के साथ अपने बड़े बुजुर्ग एवं अपने समाज की गरिमा को बनाये रखने को हम सब अपनी पहली जिम्मेदारी समझें।

❑ **ओमप्रकाश क. सोनी**, सिलवासा



## सभी के हित की बात करें

माँ बाप को बेटी के सुसराल में एवं बेटी को पीहर में हस्तक्षेप करना दखलंदाजी करना अगर शब्द हस्तक्षेप एवं दखलंदजी की भावना से लागू होते हैं, तो 100 प्रतिशत परिणाम नकारात्मक होंगे। दूसरा पहलू, अगर आप माँ-बाप के रूप मे बेटी को सुसराल के लिए अच्छी शिक्षा दें, सुसराल में सभी को अपना बनाना है, सुसराल ही अब आपका मायका है। इस मायका वाले प्यार से बेटी सुसराल को ही मायका बना दे तो माँ बाप का इस दिशा में अगर हस्तक्षेप हो तो वह उचित शिक्षा प्रद है। बेटी एक बेटी होती है चाहे वह सुसराल चली जाए मायका का प्यार माँ का खून उसके खून में मिक्स होता है। सिर्फ़ पीहर वार्ता में एक सामंजस्य की ज़रूरत होती है, पीहर के साथ बेटी को अब सामंजस्य के साथ रोल निर्धारित करना होता है। बात किस समय किस पहलू पर ज़रूरी है जिसमें पीहर के सभी सदस्य का हित हो। बेटी की राय मायका में खुशियाँ लाती है, परिवार तरक्क़ी करता है। बेटी को ज़रूर अपनी राय देनी चाहिए। बेटी को मायका में अपने माँ बाप के प्यार इमोशनल भावना से दखलंदाजी एवं हस्तक्षेप करना सिर्फ़ एक तरफ़ के हित के बारे में ध्यान रख बात करने से मायका का माहौल भी अच्छा नही रहेगा।

❑ **राजेश कोठारी**, सूरत



## रिश्ते की मजबूती के लिये सीमा जरूरी

"अति सर्वत्र वर्जयते"। साधारणतया विवाह के पश्चात बेटी अपने मायके वालों को और मायके वाले अपनी बेटी को कुछ बातें बताने से कतराने लगते है कि कही बात बताने से उस पक्ष को कोई ठेस न लगे या कोई दुःख न हो। निसंदेह दैनिक दिनचर्या की हर छोटी-मोटी बातें (मन मुटाव वाली) बताने का और उसमे हस्तक्षेप करने का कोई औचित्य नहीं। कोई भी दो व्यक्तियों के बीच कोई भी बात वे स्वयं ही अच्छे से सुलझा सकते है। किंतु बेटी के विवाह के पश्चात उसे एक दम ही अनजाना करना भी बेटी के मन को व्यथित करता है। क्या विवाह के बाद बेटी का मायके पर कोई हक नहीं होता? जहां जरुरत हो बेटी को अवश्य बोलना चाहिए। बस हमें अपनी सीमाएं निश्चित करना आना चाहिए, विशेषतया तब जब मायके में भी किसी की बेटी बहू बनकर आ चुकी हो। हर रिश्ते में सीमाओं का होना रिश्ते की मजबूती के लिए जरूरी होता है।

❐ **नेहा बिनानी 'शिल्पी'**, मुंबई



## हर काम में दखलंदाजी अनुचित

आज के चलन एवं भारतीय कानून अनुसार ब्याहता बेटियों का मायके की संपत्ति पर समान अधिकार तो होता है। लेकिन मायके के जीवनचक्र या हर कार्य में उसकी दखलंदाजी मायके वालों के साथ-साथ उसका खुद का पारिवारिक जीवन भी बर्बाद कर सकती है। सुखी वैवाहिक जीवन के लिए यह अत्यंत जरूरी है कि आप अपने ही परिवार पर उचित ध्यान देवें। माना कि बेटियां भी मायके के परिवार का अभिन्न अंग होती हैं, लेकिन ब्याह तक ही। जब आप ब्याह कर ससुराल आ जाती है तो ससुराल आपका परिवार हो जाता है। ऐसे समय में आपके लिए भी यह अत्यंत जरूरी है कि आप अपने इस नवीन परिवार पर पूरा ध्यान केंद्रित कर इसे संवारने में अपनी कला दिखाएं। जैसे आप ससुराल आकर इस परिवार का हिस्सा बन गई है, वैसे ही आपकी भाभी आपके मायके में आकर वहां का हिस्सा बनती है। अब आपका मायका आपकी भाभी का घर परिवार बन चुका होता हैं। इसलिए उसे संवारने की जिम्मेदारी अब उनकी होगी। अगर उनके द्वारा किसी काम में आप से राय मांगी जाए तो निश्छल राय जरूर दें, लेकिन साथ ही यह भी याद रखें कि आपकी बेवजह दखलंदाजी उनके काम में बाधा बन सकती है। और धीरे-धीरे यह बाधा आपके भाभी एवं आप जैसे ही अन्य पारिवारिक सदस्यों में आपसी मतभेद से होते हुए मनभेद तक जा कर, पारिवारिक जीवन कलह पूर्ण बना सकती है। साथ ही यह भी जरूर सोचें कि आप अगर शादी के पश्चात भी मायके पर ही ध्यान केंद्रित करेंगी तो ससुराल की तरफ उचित ध्यान दे पाएंगी क्या? आपके ससुराल में अगर आपके ननंद की बेवजह दखलअंदाजी होती रही एवं उसकी वजह यह सब घटित हुआ तो आप पर क्या गुजरेगी? शायद यह सोच ही इस समस्या का सबसे बड़ा समाधान साबित हो सकता है।

❐ **विनोद गो.फाफट**, नागपुर



## मायके की रौनक बरकरार रखें

आमतौर पर अपने माता-पिता का घर बेटा और बेटी दोनो के लिए एक समान है। दोनो को अपने माता-पिता प्रिय हैं। दोनों पर उनका ख्याल रखने और देखभाल करने की ज़िम्मेदारी है। परंतु बिटिया का शादी के बाद माँ का घर छूट जाता है, उसे दोनो घर की लाज, मर्यादा, सम्मान का ख्य़ाल रखना पड़ता है। माँ का घर मायका बन जाता है। जहाँ वह कुछ दिन अपने माता-पिता भाई-बहन और अन्य परिवार के सदस्य के साथ रहने के लिए जा सकती है। पर उस घर के कामकाज या अन्य अहम विषय में दखलंदाजी करना न तो उचित है और ना ही शोभनीय है। क्योंकि उस घर की अहम ज़िम्मेदारी उस घर के बेटे-बहू की होती है क्योंकि, घर की बागडोर उन्हें संभालना है। मायके में सलाह देना तब तक उचित है, जब तक कोई आपसे सलाह मशवरा लेना चाहता हो और इससे किसी को कोई आपत्ति न हो। वर्ना यह घर में क्लेश का कारण बन जाता है, बेवजह माता-पिता को दुख प्राप्त होगा और घर का माहौल असंतुष्ट सा बना रहेगा। मेरे विचार से तो बेटी की मायके में दखलंदाजी करना अनुचित है। अपितु कोशिश करें, जब भी मायके जाए तो आपके आगमन से घर खुशी से खिल उठे और पहले की तरह घर की रौनक बरकरार रखे।

❐ **अंजना बाहेती**, हुबली (कर्नाटक)



## ब्याहता बेटियों की मायके में दखलंदाजी अनुचित

शादीशुदा बेटियों की मायके में दखलअंदाजी अनुचित है। अनावश्यक दखलंदाजी रिश्तों में दरार डाल देती है। यह बात हमेशा जेहन में रखना चाहिए कि मायका भाई-भतीजों से ही लंबा चलता है। स्वार्थ लोलुपता या बहकावे में आकर ऐसा कोई कदम नहीं उठाना चाहिए कि रिश्ते दाव पर लग जायें और मायके के अवर्णनीय सुख से उम्र भर के लिए वंचित हो जायें। अपने तो अपने ही होते हैं यह कभी नहीं भूलना चाहिए। सदा दूरदृष्टिता और सोच सकारात्मक रखनी चाहिए। एक बात सदैव स्मरण रखना चाहिए कि जितना हक हमारा अपने ससुराल में है, उतना ही हक हमारी भाभी का हमारे मायके में है। दोहरी मानसिकता खून के रिश्तों में खटास पैदा कर देती है। अपनी राय व अपने विचार बिना मांगे नहीं देने चाहिए फिर दखलअंदाजी तो सरासर गलत है। अपने झूठे दंभ और हक को जताने के लिए मायके में किया गया हस्तक्षेप परिणाम में सिर्फ पछतावा ही देता है। विषम परिस्थितियों में यदि माता-पिता प्रताड़ित हो रहे हों तो उनके जीवन यापन के लिए कदम उठाना दखलंदाजी नहीं है।

❐ **अयोध्या चौधरी**, अलीराजपुर (म.प्र.)



## अधिक दखलंदाजी उचित नहीं


विवाह के पश्चात बेटियों की पीहर के मामलों में अधिक दखलंदाजी करना उचित नहीं है। अगर पीहर पक्ष किसी विशेष विषय या समस्या के समाधान में राय मांगे तो जरूर देनी चाहिए। अगर दिन प्रतिदिन के कार्यों में बेटियां अपनी मर्जी चलाएगी तो इससे रिश्तों में मनमुटाव आना स्वाभाविक है। माता पिता को भी ध्यान रखना होगा कि वे भी बेटियों के परिवार के मामलों में दखल ना दें। जब माता-पिता ऐसा करेंगे तो बेटी स्वतः ही इस बात को समझेगी कि मुझे पीहर के मामलों से दूर रहते हुए अपने ससुराल को संवारना चाहिए। बेटियों को अपने पीहर के लिए अच्छा करने का अधिकार है बशर्ते आपकी किसी बात से परिवार में आपसी मनमुटाव न हो। माता-पिता भी बेटी के मोह में परिवार के बाकी सदस्यों को अनदेखा ना करें। बेटियां भी अपनी सूझबूझ से हर कार्य करें।

❐ **ज्योति माहेश्वरी**, कोटा (राजस्थान)



**"अम्मा दोनों को अलग-अलग छतरी देती थी। थोड़ी देर चले ही थे कि टपाटप बड़ी-बड़ी बूँदें गिरने लगी। मैंने तुरन्त अपनी छतरी खोली व कमल को छतरी खोलने को कहा। आश्चर्य! उसे तो यह बात सूझी ही नहीं, वह तो बस मेरे छाते के नीचे अपनी छतरी बिना खोले ही चलने लगा। उसे पूरा विश्वास था, दादा की छतरी के नीचे वह भीग ही नहीं सकता।"**

# ढाल



हरिप्रकाश राठी
जोधपुर

मेरा अनुज 'कमल' ऐसे हैरतअंगेज कारनामे करता कि मैं विस्मय से ठगा रह जाता।

बचपन में एक बार सिर्फ दो रुपये की शर्त पर मालगाड़ी के नीचे दुबक कर निकल गया। आश्चर्य की बात यह थी कि शर्त तब लगी जब ट्रेन सीटी दे चुकी थी। सर्दी में एक बार अलाव तापते हुए किसी के उकसाने पर अंगारे हाथ में लेकर नचाने लगा, एक अंगारा उछलकर उसके शर्ट की कॉलर में गिर गया, पांच दिन तक अस्पताल में मरहम-पट्टी करवानी पड़ी। जब भी कोई उसे जोखिम भरा कार्य करने को कहता, वह उसे चुनौती की तरह लेता। यही नहीं, इन कार्यों को वह पूरे उत्साह से अंजाम देता।

कई बार आगा-पीछा बिल्कुल नहीं सोचता, जोखिम भरे कार्य करना उसकी फितरत थी। बिच्छू का मंत्र न जाने पर सांप की पिटारी में हाथ डाले। उसके कारनामे सुन-सुन कर अम्मा-पापा के रोंगटे खड़े हो जाते। सबको वह आफत की पुड़िया नजर आता। जब भी कोई विपत्ति या पेचीदगी में उलझ जाता, वह मेरे पास आकर खड़ा हो जाता। उसे पूरा विश्वास था, दादा के पास उसकी हर मुसीबत का हल है, दादा के होते हुए उसको कोई तकलीफ आ ही नहीं सकती।

वह मुझमें एक अजीब-सा आश्रय पाता। मुझसे दो जमात नीचे था। जब मैं पांचवी में था, वह तीसरी में। दोनों एक ही स्कूल में पढ़ते थे। स्कूल समाप्त होते ही वह मुझे ढूँढ़ने लगता, कई बार मेरे सहपाठी साथ होते, तो मैं उसे झिड़क भी देता। वह चुपचाप सुन लेता, फिर मुझ से पाँच कदम पीछे चलता रहता। घर आकर मैं अम्मा से शिकायत करता, "अम्मा यह चिपकू की तरह मेरे पीछे लगा रहता है।" अम्मा मेरे सर पर स्नेह से हाथ फेरती, "ठीक ही तो करता है। तू इंजन है, यह डब्बा है। तेरी अँगुली पकड़कर नहीं चलेगा तो किसकी पकड़ेगा।" कमल की आँखें चमक जाती जैसे उसके किसी अभीष्ट कार्य का अनुमोदन हो गया हो।

रात में कई बार न जाने कहाँ-कहाँ से भूत-प्रेत की कहानियाँ सुनकर आता। उसका बिस्तर अलग लगा होता पर जैसे तैसे मुझे मनाकर मेरे बिस्तर में घुस जाता, "दादा! मुझे आपके साथ नींद अच्छी आती है।" उसकी मोर-सी मीठी बोली मेरा मन हर लेती। दरअसल मैं खुद रातों में बहुत डरता था पर कमल की नजरों में मैं एक निर्भीक, निडर व्यक्ति था जो भूत-प्रेत के हौसले भी पस्त कर सकता है। उसका भ्रम कई बार मेरे मन में अजीब-सी गुदगुदी पैदा करता, बचपन में ही कहीं मुझे बुजुर्गियत का बोध होने लगता।

सावन के महीने में एक बार हम दोनों स्कूल से आ रहे थे। अम्मा दोनों को अलग-अलग छतरी देती थी। थोड़ी देर चले ही थे कि टपाटप बड़ी-बड़ी बूँदें गिरने लगी। मैंने तुरन्त अपनी छतरी खोली व कमल को छतरी खोलने को कहा। आश्चर्य! उसे तो यह बात सूझी ही नहीं, वह तो बस मेरे छाते के नीचे अपनी छतरी बिना खोले ही चलने लगा। उसे पूरा विश्वास था, दादा की छतरी के नीचे वह भीग ही नहीं सकता।

एक बार किसी के उकसाने पर मोहल्ले के गुण्डे लड़के 'सोमदत्त' से भिड़ गया। दोनों में अच्छी गुत्थमगुत्था हुई, पर वह तिनखैया, सोमदत्त जैसे कसरती शरीर वाले लड़के के आगे कहाँ तक टिकता। सोमदत्त ने उसकी अच्छी धुनाई की। जब बस नहीं चला, तो उसने मेरा अवलंब लिया, "छोटा देखकर दादागिरी करता है! दम है तो सुनील दादा से लड़कर बता। कच्चे घड़े की तरह फोड़ डालेंगे। दो घूंसों में छठी का दूध याद आ जाएगा। एक पटकी देते ही रेत की दीवार की तरह गिरेगा।" पराजय की खिन्नता ने उसके क्रोध के अंगारे और दहका दिए थे।

"इतनी-सी जान, गज भर की जुबान। डींग मत मार। वह कौन-सा सूरमा है। राग्या का भाई पराग्या। उसे भी ले आ। चटनी नहीं बना दूं, तो सोमदत्त नहीं कहना।" सोमदत्त आँखें फाड़े चिल्ला रहा था।

"ज्यादा तीसमारखाँ मत बन। जीभ चलाने की बजाय लड़कर बताना। दादा ने अच्छे-अच्छों के दाँत खट्टे किए हैं। देखते ही निकर उतर जाएगी।"

"जा, जा! उसको भी ले आ। दिन में तारे नहीं दिखा दूँ तो कहना।"

वह संसार में किसी की भी बुराई सुन सकता था, पर कोई दादा का नाम नीचा करे यह उसे असह्य था। आँखों के आगे पलकों की बुराई कौन सहेगा। रोते-रोते मेरे पास आया, "दादा! सोमदत्त ने मुझे बिना मतलब मारा है। मैंने उसे साफ कह दिया हिम्मत हो तो दादा से लड़ो। आप मेरे साथ चलो, अभी धूल चाटता नजर आएगा।"

लड़ाई के नाम से ही मेरी पिण्डलियाँ कांपने लगी। यह अक्लमंद की दुम एक दिन इज्जत धूल में मिलाएगा। कैसा अजीब भाई है, जिसकी गोद में बैठे उसी की दाढ़ी नोंचे। इस अहमक के पेट में भवानी बैठे।

लेकिन यह प्रतिष्ठा एवं आस्था का प्रश्न था। मेरी स्थिति साँप-छछूंदर जैसी थी, उगले तो अंधा, निगले तो कोढ़ी। मैंने अपने भीतर के सारे साहस को इकट्ठा किया, 'चल! देखें कौन तुझे हाथ लगा सकता है।' उसकी आँखें वीरोन्मत्त उत्साह से चमक उठी। अब होगी असली टक्कर। दादा रोज सुबह गिलास भरकर दूध पीते हैं, शाम अखाड़े में वर्ज़िश करने भी जाते हैं, देखते ही हिलने लगेगा। हो सकता है दादा को देखते ही भाग खड़ा हो। एक अजीब-से उत्साह से वह लम्बे-लम्बे कदम भरने लगा। उसके उत्साह ने मुझे

हौसला दिया। कुल-प्रतिष्ठा की ध्वजा हाथ में लिये मैंने कूच किया। उसके कंधे पर हाथ रखे मैं ऐसे चलने लगा जैसे वीररस से पगा कोई रणधीर जा रहा हो। भय की पराकाष्ठा एवं इज्जत की दावेदारी कभी-कभी इंसान को असीम साहस से भर देती है। रगों में तेजी एवं तबीयत में नशा छा जाता है।

सोमदत्त को देखते ही कमल ने उसे ललकारा, ''अब लड़ दम हो तो। बच्चों को कोई भी आँख दिखा सकता है।'' सोमदत्त की भुजाएँ फड़क उठी। उसका रणकौशल उसके चेहरे पर चमक उठा। पूरे मोहल्ले में उसकी प्रतिष्ठा का प्रश्न था। मुझे देखते ही उसने धमाधम चार घूंसे लगाए, फिर टांग में एड देकर वह पटकी दी कि मुझे दिन में तारे दिखने लगे। मैं उस वक्त को कोसने लगा जब कमल के उकसाने में आ गया। ये कमबख्त तो कुछ भी मदद नहीं कर रहा। लंगड़े-लूले गए बरात, दो-दो जूते दो-दो लात वाली हालत थी। वापस उठने के पहले ठाकुरजी से मनौती मांग रहा था – प्रभु! कमल के सामने तो ऐसी दुर्गत मत करवा। मैं इसे क्या मुँह दिखाऊँगा। मैं किसी भी हालत में उसकी आँखों में नहीं गिरना चाहता था। घोड़े का गिरा सम्भल सकता है, आँख का गिरा नहीं।

बिल्ली के भाग्य का छींका टूटा, मेरा सौभाग्य! उसी वक्त सोमदत्त के पिता उधर से निकले, उसे लड़ते देखकर उसे दो तमाचे रसीद किए, ''जब देखो लड़ता रहता है। सिवाय गुण्डागर्दी के कुछ आता है? पिछले तीन साल से एक जमात में बैठा है।'' सोमदत्त के पिता उसे कान पकड़कर घसीट ले गए। अंधा क्या चाहे दो आँखें। प्रभु इतने कृपालु हो सकते हैं, यह मुझे उसी दिन ही समझ में आया। मैंने तुरन्त मौके का फायदा उठाया, तमक कर बोला, ''आज बाप ने बचा लिया, कल तो इसी मोहल्ले में मिलेगा। आज के बाद कमल के हाथ भी लगाया तो टांग तोड़ दूंगा।'' कमल का चेहरा गर्व ज्योति से जगमगा रहा था।

बचपन अब मात्र अतीत की स्मृति है। वे दिन हवा हुए। बचपन एक नन्ही चिड़िया की तरह फुर्र से उड़ गया। कौन जानता था कि कल की उन छोटी-छोटी जोखिमों को जीने वाला कमल शहर का एक प्रमुख उद्योगपति होगा। कॉलेज छोड़ने के बाद मेरी रेलवे में नौकरी लग गई। कमल ने बहुत प्रयास किए पर वह किसी प्रतिस्पर्धी परीक्षा में नहीं निकला। जब भी किसी परीक्षा में असफलता की सूचना मिलती, वह मेरे पास आकर कुछ समय बैठ जाता जैसे मैं ही उसका अवलम्ब हूँ।

हताश उसने टेक्सटाईल प्रिण्टिंग के एक कारखाने में नौकरी की। वही जोखिम लेने की पुरानी आदत उसे पुकारने लगी। ऋण लेकर स्वयं की एक छोटी-सी फैक्ट्री खोली, फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

हम दोनों की शादी हुए भी अब बीस वर्ष से ऊपर होने को आए। बच्चे भी बड़े हो गए। कमल अब एक धनी-मानी व्यक्ति था, शहर के कई उच्चाधिकारियों से उसके घरेलू सम्बन्ध थे। कई लोग उससे कारोबार के सम्बन्ध में राय लेने आते व उसकी सलाह मानकर निहाल हो जाते। वह जब भी विपत्ति में होता, सीधे मेरे घर आ जाता। मेरी हैसियत के हिसाब से मैं उसकी किसी समस्या का समाधान नहीं कर सकता था, पर मात्र मेरी उपस्थिति से ही उसे सुकून एवं सहारा मिल जाता। व्यावसायिक जगत में उसके सटीक निर्णयों की सर्वत्र सराहना होती, पर अपनी छोटी से छोटी समस्या को भी वह मुझसे 'डिस्कस' करता।

वक्त का रथ सदैव अविरल गति से चलता रहता है। इन्हीं दिनों मेरी पोस्टिंग हमारे शहर से तीन सौ किलोमीटर दूर गोपीपुर शहर में स्टेशन मास्टर के पद पर हुई। प्रमोशन के साथ ट्रांसफर था अतः जाना ही था। कमल अपनी पत्नी मालती एवं दोनों बच्चों के साथ मुझे स्टेशन छोड़ने आया। एक अजीब-सी उदासी एवं विषाद उसके चेहरे पर उभर रहा था, जैसे किसी नामी तलवारबाज से उसकी ढाल छिन रही हो। कोई हिरण का बच्चा, मृगी से बिछुड़ रहा हो। अब मेरी उम्र पचास के करीब थी और वह सैंतालीस का। दोनों के आधे से ऊपर बाल सफेद हो चुके थे, फिर भी वह बार-बार मेरे समीप आकर खड़ा हो जाता। मेरा विह्वल मन फूट-फूट कर रोने को करता पर मुझे मालूम था मेरे एक आँसू के बहते ही उसकी आँखों से गंगा-जमुना बह उठेगी। ट्रेन जब स्टेशन छोड़ने लगी, तो वह तब तक मेरे डब्बे के साथ चलता रहा, जब तक उसके पांवों की गति ने उसका साथ नहीं छोड़ दिया।

स्टेशन मास्टर की भी कोई नौकरी है। रात-दिन जगकर जनता की सेवा करो, पर पब्लिक तो फिर भी खरी-खोटी ही सुनाती है। मैं शहर छोड़कर यहां आ तो गया, पर न तो मेरा मन यहां लगता था न परिवार का। नौकरी की मजबूरी न होती तो कब का छोड़ देता। कमल ने मुझे कहा भी था, ''दादा यहीं कुछ मिलकर काम कर लेंगे। अब मुझसे भी कारोबार अकेले नहीं सम्भलता। पर मुझे लगा उसके सहारे कोई भी काम करके मैं मेरा बड़प्पन खो दूंगा। माँ-बाबूजी के निधन के बाद तो मैं मानो उसका भगवान हो गया था।

चन्द्रमा को भी ग्रहण लगता है। मेरे शहर छोड़ने के बाद से ही जैसे कमल के दिन फिर गए। भरे-पूरे परिवार के बीच वह अजीब-सी उदासी में रहने लगा। घण्टों अकेले बैठा आकाश में किसी को ढूँढता। एक अजीब-से अवसाद ने उसे आवृत्त कर लिया। रात घबराकर नींद से उठ जाता, कभी रात को ही गाड़ी लेकर घूमने निकल जाता। कमजोर आश्रयहीन मन में दुर्व्यसन शीघ्र अपना डेरा बना लेते हैं। इन दिनों वह नशा भी करने लग गया था। धीरे-धीरे वह कमजोर होने लगा, एक दिन खून की उलटी हुई तो उसे तुरन्त अस्पताल ले जाया गया। इलाज की कहाँ कमी थी, नामी डॉक्टरों ने प्रयास किया पर वह किसी 'मेडिसन' को 'रिस्पोण्ड' ही नहीं कर रहा था। उसकी आँखें तो अस्पताल की दीवारों, पंखों में कुछ और ही खोजती। हृदय का हृदय से सम्बन्ध होता है, लहू को लहू पुकारता है। कुछ रिश्ते अटूट डोर से बंधे होते हैं।

बांद्रा एक्सप्रेस अभी-अभी गोपीपुर स्टेशन से होकर निकली थी। मैं वापस आकर सीट पर बैठा ही था कि फोन की घण्टी बजी। उधर से कमल की पत्नी मालती का फोन था, ''भाई साहब! आप तुरन्त आ जाओ, इनकी तबीयत 'सीरियस' है।' मेरे हाथ से चोगा छूट गया, पाँव तले जमीन सरक गई। मैंने तुरन्त अपने जूनियर को चार्ज दिया व शहर की राह ली। एक प्राइवेट टैक्सी कर मैं तुरन्त परिवार सहित वापस अपने शहर आया। ड्राइवर को मैंने गाड़ी सीधे अस्पताल ले जाने को कहा।

अस्पताल कॉरीडोर में मेरे पांव लम्बे-लम्बे डग भर रहे थे। इस छोटे से रास्ते में ही मैंने हजारों मनौतियाँ मांग डाली। ज्यों ही मैं उसके रूम में घुसा सभी अपना स्थान छोड़कर हट गए। कमल मुझे देखते ही एक नई आभा से भर उठा। जैसे अरुणोदय के साथ ही कमल खिल उठते हैं, उसका चेहरा एक नये नूर से दमक उठा। उसकी सारी बीमारी, सारा अवसाद, सारी निराशा क्षण भर में काफूर हो गई। टिमटिमाते दीये को जैसे किसी ने यकायक घी से पुनः भर दिया हो। डॉक्टर, नर्स सभी उसके चेहरे की चमक को देखकर हतप्रभ थे।

उसने मुझे कसकर पकड़ लिया, ''दादा! वादा करो अब मुझे छोड़कर कभी नहीं जाओगे। इस बार गए तो मेरा मरा मुँह ही देखोगे।'' स्नेह की निर्झर धारा मेरी आँखों से फूट पड़ी। शरीर पुलकित हो गया। शरीर में स्नेह समाता नहीं था। दोनों के नेत्रों से बरसते जलबिंदु जैसे अमृत छलका रहे थे।

दूसरे दिन मैंने अपना त्याग-पत्र भेज दिया।

राह जिंदगी की...



# आत्मचिंतन करते चलो

प्रो. कल्पना गगडानी, मुंबई

हरिवंशराय बच्चन जी की प्रसिद्ध कविता है-

जीवन की आपाधापी में कब वक्त मिला
कुछ देर कहीं पर बैठ कभी यह सोच सकूं
जो किया, कहा, माना उसमें भला बुरा क्या।

उम्र के अंतिम दौर में जाकर यह पछतावा न हों कि जीवन में स्वयं कभी अपना आत्म विश्लेषण नहीं कर सके कर लेते तो शायद जीवन को और बेहतर बना सकते, इसके लिये बहुत आवश्यक है कि हम सदैव आत्मचिंतन करें।

उम्र छोटी हो या बड़ी व्यक्तित्व के विकास के लिये यह बहुत जरूरी है कि हम अपना आत्म परीक्षण करें। छोटे-छोटे अंतराल से स्वयं यह जानने की कौशिश करें कि मैं जीवन में क्या चाहता हूँ? जो मैं चाहता हूँ उसे पाने के लिये क्या-क्या करने की आवश्यकता है? मैं क्या-क्या कर रहा हूँ, क्या मुझसे छूट रहा है? जो छूट गया है उसे अब कैसे अपनी दिनचर्या में जोड़ना है। उसके लिये किन-किन छोटे-बड़े प्रयत्न की आवश्यकता है? आत्म अवलोकन कर व्यक्ति अपनी पुरानी गलतियों को समझ बहुत कुछ सीखता हैं अपने रास्ते को नया मोड देने की सद्बुद्धि उसमें पनपती है।

महात्मा बुद्ध ने कहा था, व्यक्ति जितना आत्म-चिंतन से सीखता है उतना किसी बाहरी साधन से नहीं सीख सकता। जीवन को प्रकाशित करने के लिये हमें अपना दीपक स्वयं बनना पड़ता है। अर्थात् आत्म चिंतन और आत्म अवलोकन द्वारा अपने बुद्धि बल से अपने को बेहतर ढंग से निखारा जा सकता है।

आत्म चिंतन की आदत अन्य अच्छी आदतों की तरह बचपन से डलनी चाहिए। लालन पालन के समय पालकों को चाहिये कि वे अपने बच्चों पर अपने निर्णय जबरदस्ती लादें नहीं वरन विस्तारपूर्वक अपने निर्णय उन्हें समझावें। उन्हें खुद विश्लेषण करने को कहें? विश्लेषण कैसे करना है यह उन्हें बतायें और फिर इस प्रकार अपनी ही कमियों और गलतियों से सबक सीखते हुए आगे की सही राय चुनने और उस पर भी सदा चिंतन करने की प्रबल प्रवृत्ति विकसित होने दें।

युवावस्था में तो आत्मचिंतन और आत्मअवलोकन आपके सर्वांगीण विकास के लिये सबसे अधिक जरूरी है।

बुजुर्ग पाठक सोच रहे होंगे कि जीवन भर नहीं किया तो अब इस दिशा में सोच कर क्या फायदा। जी नहीं, अब तो यह आपके बुढ़ापे की सक्षम लाठी बनेगा। आत्म चिंतन स्वभाव की अनेकों कमियों को दूर भगाते हुए आपको हिम्मती बनाता है। वृद्धावस्था में आये हुए नैराश्य पर आप इससे अंकुश लगाते हुए परिस्थितियों के अनुरूप अपने आपको बड़ी आसानी से ढ़ालते हुए शांतिमय जीवन जी सकते हैं।

अतः नियमित रूप से समयानुसार आत्म-चिंतन करते रहिये, स्वयं अपने गुरु बनते रहिये।


श्रीमती बसंती चांडक साहित्यिक पुरस्कार - वर्ष-2022



माहेश्वरी महिला साहित्यकार इस पुरस्कार के लिये पात्र होंगी
पुरस्कार : रुपये एक लाख तथा 100 ग्राम का चांदी का सिक्का
माहेश्वरी समाज में इस प्रकार का महिलाओं के लिए दिया जानेवाला प्रथम पुरस्कार है।

श्रीमती बसंती चांडक साहित्यिक पुरस्कार समिति
बसंती हॉस्पीटल, रामदासपेठ, अकोला - ४४४००५. मो. 8007720747
puraskarsamiti@gmail.com

# ORIENT PRESS LIMITED

An ISO 9001:2015 Company



**FLEXIBLE DIVISION**

**CARTON PACKAGING**



**AWARDS**



**AWARDS**

**Head office: 1101 and 1102, "G" Wing, 11th Floor, Lotus Corporate Park, Off: Western Express Highway, Goregaon (East), Mumbai 400063, Maharashtra, INDIA. Tel.(Board): +91(022) 42977310**

**: FACTORIES :**

- **Tarapur :** L-31, MIDC, Tarapur Industrial Area, Boisar - 401 506, Dist. Palghar, Maharashtra
  G-73, MIDC, Tarapur Industrial Area, Boisar - 401 506, Dist. Palghar, Maharashtra
- **Silvassa :** Survey No. 297/1-P, Dongarpada, Village Sayali, Silvassa - 396 240 (D & N.H.).
- **Noida :** Plot No. 103, Ecotech Extension - 1, Dist. Gautam Budh Nagar, Greater Noida, U.P.
- **Mumbai :** Unit No. 28, Pragati Industrial Estate, N.M. Joshi Marg, Mumbai-400 011.

Email : flexible@orientpressltd.com   Web : www.orientpressltd.com

# स्मरण शक्ति बढ़ाने के लिए
# हाकिनी मुद्रा



शिवनारायण मूंधड़ा
'वास्तु मित्र'
94252-02721



यह मुद्रा सभी उम्र के लोगों के शरीर को आंतरिक शांति प्रदान करने में भी लाभकारी है। इससे तनाव, चिंता, स्मरण शक्ति बढ़ाती है। अवसाद, नींद न आने की समस्या, नकारात्मक विचार, चिड़चिड़ापन आदि समस्याएं दूर हो जाती हैं।

**कैसे करें :** अपने दोनों हाथों को सामने की तरफ इस तरह रखें, जिससे हथेलियां आमने-सामने हों। इसके बाद धीरे-धीरे दोनों हाथों की उंगलियों के अग्रभाग को आपस में मिला लें। इस बीच अपनी निगाहें ऊपर की तरफ रखें। इससे दोनों हाथों के पांचों तत्व आपस में मिल जाते हैं। आंखों को ऊपर की ओर तानें। श्वास भरते हुए अपनी जीभ के अग्रभाग को मसूड़ों के साथ मिलाएं और श्वास छोड़ते हुए जीभ वापिस अपनी स्थिति में ले जाएं। लंबी गहरी श्वास लें। दैनिक 10 मिनट इसे करना चाहिए।

**लाभः**

- स्मरण के लिये यह मुद्रा बहुत लाभदायक है। इससे याददाश्त बढ़ती है। इस क्रिया से मस्तिष्क का दायां भाग प्रभाव में आता है और दाएं भाग में ही स्मरण की कोशिकाएं हैं।
- जब लम्बे गहरे श्वासों के साथ इस मुद्रा को करते हैं तो फेफड़े भी सुदृढ़ होते हैं। श्वसन तन्त्र ठीक रहता है।
- मस्तिष्क के दाएं भाग व बाएं भाग में सन्तुलन रहता है।
- यदि अचानक कोई वस्तु, नाम आदि याद नहीं आ रहा है, तो इस मुद्रा को बनाकर उस वस्तु का ध्यान करें।
- विद्यार्थियों के लिये बहुत ही लाभकारी मुद्रा है। इस से नए विचार आते हैं।
- यदि इस मुद्रा को त्रिबन्ध, महाबन्ध, (मूलबन्ध, उड्डियान बन्ध व जालन्धर बन्ध) लगाकर किया जाये तो मस्तिष्क की ऊर्जा बढ़ती है।
- यह मुद्रा आज्ञा चक्र को सक्रिय कर हमारे सारे क्रिया-कलापों पर नियंत्रण रखती है।
- यह मुद्रा मन को एकाग्र और तीक्ष्ण बनाएं रखती है।





**जय भारत**

एक राष्ट्र - एक नाम

भारतीय प्रतिबिंब - कल-आज और कल की ओर

आदरणीय संगठन को नेतृत्व प्रदान करने वाले और संगठन को अनवरत सूचारु रूप से उन्नति के शिखर पर पहुंचाने वाले प्रिय कार्यकर्तागण। सादर जय महेश

**8 जून माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस 'श्री महेश नवमी' के शुभ अवसर पर आंतरिक शुभेच्छा।**

संगठन समाज की उन्नति और प्रगति का सर्वोच्च माध्यम है।ये ऐसा आईना है जिससे समाज की प्रतिष्ठा प्रतिबिंबित होती है। संगठन का प्रारूप पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के सम्मिलित प्रयासों से निर्मित होते हैं। आप से संगठनात्मक उद्देश्यों के उचित और पर्याप्त तालमेल का समीकरण ही संगठन के उद्देश्यों की पूर्ति करता है।

नेतृत्व अपने अधिकारों को छोड़ अन्य पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के अधिकार का ध्यान रखें और सम्मान करें। माला व उपहार से दूर रहें और कार्यकर्ताओं को पुरस्कृत करें और उन्हें प्रेरित करें, संगठन के लेटर हेड और बेनर का अपना महत्व है। जिससे संगठन की पहचान बनती है, सशक्तिकरण का अहसास बनता है ऐसे तो एक अकेले मस्ती में लोगों के साथ संगठन को चलाने का दम भर सकता हैं लेकिन फिर वह संगठन नहीं कोई प्रायवेट इंडस्ट्री ही कहलाएगा।

आज का भारत उन्नतम नवनिर्माण की ओर अग्रसित है। हमें भी संगठन को सशक्त नेतृत्व के दिशा निर्देश की ओर युवाओं के उत्थान विचारों की आवश्यकता हैं जिससे राष्ट्र में हमारे समाज को गौरव का स्थान मिलें सशक्त सामूहिकता प्रत्येक घर से एक कार्यकर्ता अनुसरण की अदम्य चरित्र निश्चय ही हमें प्रगति के शिखर पर पहुंचाएगा। धन्यवाद जय महेश। जय भारत



**शोभा सादानी**

पूर्व अध्यक्ष, अ.भा. माहेश्वरी महिला संगठन

## महेश नवमी पर्व पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं



# बजरंगलाल बाहेती

**निर्वतमान चेयरमेन**

**''अभिनंदन'' श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन, जयपुर**

| | | |
|---|---|---|
| ट्रस्टी, निर्वतमान अध्यक्ष एवं संरक्षक | : | श्री गिरीराज धरण माहेश्वरी भवन, गोवर्धन |
| ट्रस्टी एवं उपाध्यक्ष | : | अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट, द्वारिका |
| ट्रस्टी एवं उपाध्यक्ष | : | अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट, जगन्नाथपुरी (उड़ीसा) |
| ट्रस्टी | : | श्री रामशंकर गौशाला, छापर (चुरू) |
| ट्रस्टी | : | श्री माहेश्वरी भवन, छापर (चुरू) |
| संरक्षक | : | महेश हॉस्पिटल, जयपुर |
| ट्रस्टी | : | शेखावटी विकास परिषद, जयपुर |
| पूर्व उपाध्यक्ष | : | उत्सव माहेश्वरी भवन, जयपुर |
| भूतपूर्व शिक्षा सचिव | : | माहेश्वरी समाज, जयपुर (2002-12) |
| कार्यकारिणी सदस्य | : | माहेश्वरी समाज, जयपुर (1999-22) |
| पूर्व सदस्य माहेश्वरी बोर्ड (मुखपत्र) | : | अ.भा. माहेश्वरी महासभा |
| कार्यकारी मण्डल सदस्य | : | अ.भा. माहेश्वरी महासभा |
| पूर्व कोषाध्यक्ष | : | जयपुर जिला माहेश्वरी सभा |
| निर्वतमान अध्यक्ष | : | सुजानगढ़ तहसील नागरिक परिषद, जयपुर |
| जस शो कमेटी सदस्य | : | ज्वैलर्स एसोसिएशन, जयपुर |
| निर्वतमान अध्यक्ष एवं संरक्षक | : | कमल अपार्टमेंट डॅवेलर्स सोसायटी, जयपुर |
| प्रबंधकारिणी सदस्य | : | श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन, पुष्कर |

**BAHETI GEMS & JEWELS PVT. LTD.**

(Since 1982)

FINE POLKI JADAU I OPEN SETTING JEWELLERY

(Govt. Aprroved Jewellery Valuer)

''गोकुल धाम'', 2030, पिटलियों का चौक, जौहरी बाजार, जयपुर (राज.) 302003

निवास: सी–1/401–402, कमल अपार्टमेंट– 1, बनी पार्क, जयपुर (राज.) 302006

मो. 98290–79200, दुरभाष – 0141–25704115 / 75

## खुश रहें - खुश रखें

# सहयोगी पर भरोसा रख निर्णय लेने की स्वतंत्रता दीजिए



पं. विजयशंकर मेहता
(जीवन प्रबन्धन गुरु)

जीवन या परिवार प्रबंध का यह महत्वपूर्ण तथ्य है कि अपने सहयोगियों, मित्रों या रिश्तेदारों पर भरोसा करते हुए जब उन्हें कोई कार्य करने की स्वतंत्रता दी जाती है, तो परिणाम निश्चित ही अच्छे मिलते हैं। जब श्रीराम ने सुग्रीव को सीताजी की खोज की जिम्मेदारी सौंपी थी तब सुग्रीव को प्रत्येक निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र छोड़ा था और शब्द कहे थे- ''अब सोई जतनु कराहु मन लाई, जेहि बिधि सीता के सुधि पाइ।'' अब मन लगाकर वही उपाय करो जिससे सीता की खबर मिल सके।

सुग्रीव ने अपने स्वतंत्र निर्णय से चार खोजी दल बनाए थे। सबसे योग्य दल में नील, अंगद, जामवंत और हनुमानजी थे, उन्हें दक्षिण दिशा में भेजा था। जामवंत, हनुमानजी आदि की अगुवाई में गए दल ने लंका तो ढूंढ निकाली लेकिन सीता की खोज के लिए अकेले हनुमानजी को भेजा गया। जाने से पहले हनुमानजी ने जामवंत से इस बात की शिक्षा ली थी कि लंका में जाकर उन्हें करना क्या है? ''जामवंत मैं पूँछउँ तोही, उचित सिखावन दीजहु मोही।'' मैं आपसे पूछता हूँ, मुझे उचित सीख देना कि मुझे क्या करना चाहिए।


जामवंत ने कहा, ''हे तात, तुम जाकर इतना ही करो कि सीताजी को देखकर लौट आओ और उनको रामजी की खबर कह दो।'' शेष वानर नहीं जानते थे कि श्रीहनुमान लंका जाकर आग लगा देंगे। रावण के दरबार में बहस के बाद जब उनकी पूंछ में आग लगाई गई तब हनुमानजी ने ही संपूर्ण लंका दहन का निर्णय लिया। श्री हनुमान को निर्णय लेने की आजादी देने का परिणाम यह हुआ कि श्रीराम के पहुंचने के पहले ही सारे राक्षस उनके पराक्रम का एक बड़ा झटका देख चुके थे। उन्हें अनुमान लग चुका था कि श्रीराम की सेना का एक ही योद्धा यदि लंका जला सकता है, तो पूरी सेना क्या नहीं कर सकती।

अपने साथियों को निर्णय का अधिकार देकर कार्य लेने की श्रीराम की यह विशिष्ट शैली थी। श्रीराम ने अपनी इस शैली का कई बार हनुमानजी के माध्यम से सफल प्रयोग किया था और इस माध्यम से हमें भी सिखाया कि परिवार में जब किसी बड़े लक्ष्य को प्राप्त करना हो, तो योग्यतानुसार सभी को निर्णय लेने का अधिकार दिया जाए।


ऋषिमुनि समूह द्वारा कालगणना की नगरी
उज्जयिनी से प्रकाशित

**श्री अवन्तिका पञ्चाङ्ग**

इतना सरल की अपने घर के पंडित आप खुद बन जाए




व्रत-पर्व देखना हो या शुभ मुहूर्त या विवाह के लिए पत्रिका का करना हो मिलान कहीं जाने की जरूरत नहीं, स्वयं देखें पञ्चाङ्ग में

90, विद्यानगर, साँवेर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
फोन - 0734-2526561, 2526761, मो. 094250-91161


KHANA KHAZANA

# बेक्ड मूंग दाल रोल्स



**सामग्रीः** मैदा 100 ग्राम, घी 25 ग्राम, नमक स्वादानुसार, मूंग दाल की पीट्ठी 1 कप, लाल मिर्ची पाउडर आधा टीस्पून, जीरा पाउडर आधा टी स्पून, हींग 1 पिंच, अमचूर पाउडर 1/2 टी स्पून, जलजीरा पाउडर 1/2 टी स्पून।

**विधिः** मैदे में घी व नमक मिलाकर खूब अच्छी से मसलें। आवश्यकतानुसार थोड़ा-थोड़ा पानी डालते हुए कड़क आटा गूंथ लें। और आधे घंटे के लिए ढक कर रख दे। मूंग दाल की पीट्ठी में नमक व सभी मसाले मिला ले, 2 टीस्पून बेसन भी मिला ले (अगर पीट्ठी पतली लगे तो) गुथे हुए मैदे की लोइंया बना लें। प्रत्येक लोई को पूरी की तरह बेल ले। उस पर मसाले वाली पीट्ठी फैलाकर रोल कर ले। अब इन रोल को 2 इंच के टुकड़े में कट करें, बेकिंग ट्रे में हल्की चिकनाई लगाकर रोल्स रखें। और प्रीहीट ओवन में 180 सेंटीग्रेड पर बैक करें। बारीश में बेक्ड मूंग दाल रोल्स का आंनद लिजिए।




शेफ पूनम राठी, नागपुर
विविधा कुकिंग क्लासेस
9970057423

IS:1786

CM/L - 6943589

# GBR TMT

THE STRENGTH WITHIN

www.gbrmetals.com

## Manufacturers of High quality MS Billets and TMT Bars




**Works:**
#295, G.N.T Road,
Peravallur Village,
Ponneri Taluk - 601 206
Tamil Nadu
Website: www.gbrmetals.com

**Registered Office:**
#4, Ramanan Road,
Chennai - 600 079
Tamil Nadu
Ph: +91 44 25292151
E-mail: sales@gbrmetals.com

# आपणी बोली



- स्वाति जैसलमेरिया, जोधपुर

## महंगाई री मार

**जिन्दगी री तन्हाई लिखूँ, या अपणों री रूसवाई लिखूँ।**
**बढ़ती हुई महंगाई लिखूँ, या घटती हुई कमाई लिखूँ ॥**

खम्मा घणी सा हुकुम आज आपा बात कर रियाँ हों महंगाई री .देश री जनता गरीबी सूं लड़ रही है, महंगाई और बेरोजगारी दिनों दिन बढ़ रही है।

हुकुम बढ़ती हुई महंगाई देखने 'आधारकार्ड' री नहीं 'उधारकार्ड' री जरूरत महसूस हूँ रही है। हुकुम इण बढ़ती हुई महंगाई देखने बच्चा भी रोणा भूल रियाँ है क्योंकि खिलौना महंगा हूँ रियाँ है। हुकुम इण रफ्तार सूं बढ़ती रही महंगाई.. तो एक दिन कम पड़ जावेला ईमानदारी री कमाई। महंगाई जीति तेज़ी सूं बढ़ रही है उति इंसान री कीमत तेज़ी सूं घट रही हैं।

हुकुम जिका केवता था सन्डे हो या मंडे रोज खाओ अंडा वाणे सर पर अब पड़ रियाँ है महंगाई रा डंडा। राजनीति में करोड़ो रा घपला पर घपला हूँ रियाँ है आपरी अगली सात पीढ़ियों रे वास्ते पूंजी इक्कठी कर रियाँ है दूसरी तरफ करोड़ों बच्चा भूखा मर रियाँ हैं। अमीर और अमीर हुवतो जा रियों है गरीब रो स्तर दिनों दिन नीचे गिरतों जा रियों है। नेता तो घर में चैन री नींद सो रियाँ है.. गरीब जनता ने देखो फफक फफक ने रो रियाँ है। भारत देश में लाखो लोग एड़ा जिन्हे दो वक्त रो खाणों भी नसीब नहीं हुवें। एक वक्त ही खाने वे आपरो गुजर बसर कर रियाँ हैं।

हुकुम नेता तो हैं सारा देश रे मीडिया चापलूसी में व्यस्त.. और इण देश में आपा सब हां महंगाई सूं त्रस्त..

हुकुम आम जनता कठे तक सहेला महंगाई री मार ... सरकार कठे तक करेला अत्याचार। चुनाव में वादा करें आय बढ़ाएंगे, और चुनाव रे बाद महंगाई बढ़ा देवे।

सरकार सिर्फ कागजों पर ही कमाल करें
आम जनता ने तो महंगाई सूं बदहाल करें ..

हुकुम..कोई तो पूछे कांई हाल है उण गरीब रे घर में..जिका खाली पेट ही बदल रियाँ महंगाई सूं दुखी हुने करवटा बिस्तर में। कई बार तो हुक्म यूँ लागे ए सारा धार्मिक प्रपंच ध्यान भटकावना तरीका है। सबसूं पेली रोटी चईजे हुक्म, पछे धर्म। भूख रो धर्म सबसूं बड़ो है हुक्म। मारी कामवाळी बाई आज रोवती आई ने बैठगी कि भाभीजी घर कोनी चाले। आप ही बताओ हुक्म पांच जणा खवाणवाला और पालनवाळी। घर धणी तो रोज दारू पी न पड़यो रेहवे। आर्थिक असफलता सरकार री बड़ी असफलता है। भूखो आदमी धरम रे झुनझुने सूं कोनी बहले। उने पेली रोटी चईजे। संस्कृत में एक श्लोक है 'बुभुक्षित किम न करोति पापम' भूखो किसो पाप नहीं करे। गरीबी आत्म-सम्मान ने लील लैवे हुक्म।
इण पर सरकार ने सख्त कदम उठावण री जरूरत है ।

# मुलाहिज़ा फ़रमाइये





ज्योत्सना कोठारी
मेरठ

- पानी बदलो..... .जरा हवा बदलो
  ज़िंदगानी की..... ये फ़िज़ा बदलो
- कह रही है ये....... दूर से मंज़िल
  काफिले वालो!... रहनुमा बदलो.
- तुमको..... जीना है इस जहाँ में..... अगर
  अपने जीने का...... फलसफा बदलो.
- आँधियाँ...... तो.... बदलने वाली नहीं
  तुम ही....... बुझता हुआ दिया बदलो
- मुस्कुराहट ........मिला के थोड़ी सी
  अपने अश्कों का....... ज़ायक़ा बदलो
- सारी दुनिया..... बदल गयी कितनी
  तुम भी .....!... अब ज़रा बदलो...

## कार्टून कौतुक






# राशिफल
# संकेत सितारों के



पं. विनोद रावल
( ज्योतिर्विद )
फोन : 0734-2515326

## मेष

यह माह आपके लिए शुभ फलदाई रहेगा। परिचय का नवीन क्षेत्र में वृद्धि होगी। राजकीय पक्ष की अनुकूलता रहेगी। उच्चस्तरीय संबंधों में सफलता के योग प्रबल बने रहेंगे। संतान की ओर से किए गए कार्यों की सराहना से मन प्रसन्न रहेगा। जीवनसाथी से मुलाकात होगी। जीवनसाथी का चयन विवाह संबंध तय होने के योग प्रबल रहेंगे। गुस्से पर नियंत्रण करना जरूरी रहेगा। संपत्ति से संबंधित प्रकरण में सफलता अर्जित होगी। चुनौती भरे कार्यों को युक्तियुक्त तरीके से करने में सफल होंगे। वाहन सुख में वृद्धि प्रबंध मैनेजमेंट के योग प्रबल बने रहेंगे। धार्मिक यात्रा शुभ काम मांगलिक काम होगा।



## वृषभ

यह माह आपके लिए सुखद परिणाम प्रदान करने वाला होगा। राजकीय पक्ष की अनुकूलता रहेगी। इच्छित स्थान परिवर्तन के योग प्रबल रहेंगे। पद एवं प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यवसाय कार्यों में रुकावट तो आएगी परंतु अंत में सफलता मिल जाएगी। आय के संसाधनों में वृद्धि के योग प्रबल रहेंगे। खर्च पर ध्यान देना जरूरी रहेगा। मानसिक चिंताएं बढ़ेगी। भौतिक सुख-सुविधाओं पर खर्च करेंगे। लंबी यात्रा के योग प्रबल रहेंगे। मामा परिवार से वैचारिक मतांतर रहेंगे। भगवान के प्रति आस्था, श्रद्धा बढ़ेगी। समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। संतान से संबंधित कार्य में सफलता अर्जित होगी। अपने बलबूते पर झंडा गाड़ेंगे।



## मिथुन

यह माह आपके लिए आर्थिक दृष्टि से लाभकारी रहेगा। व्यापारिक कार्यों में परिश्रम के उपरांत अच्छी सफलता मिलेगी। विभिन्न प्रकार के समुदाय, परिवारिक लोगों से मुलाकात होगी। हर्ष उल्लास का वातावरण निर्मित होगा। धार्मिक कार्यों में भाग लेंगे। मान-सम्मान में वृद्धि के योग प्रबल रहेंगे। संतान के कार्यों को लेकर चिंता ग्रस्त रहेंगे परंतु परिश्रम के उपरांत उसमें भी सफलता अर्जित हो जाएगी। आय अपेक्षाकृत श्रेष्ठ रहेगी। तेजी-मंदी से संबंधित कार्यों में भी आय के योग प्रबल बनते हैं। स्थाई संपत्ति में वृद्धि होगी। दोस्तों से मुलाकात होगी। भौतिक सुखों से संबंधित खर्च की अधिकता रहेगी।



## कर्क

यह माह आपके पुराने लंबित कार्यों में सफलता प्रदान करने वाला रहेगा। दांपत्य जीवन में सुखद अनुभव करेंगे। संबंध तय होने के योग प्रबल रहेंगे। राजकीय पक्ष एवं कानून से संबंधित प्रकरण में सफलता/जीत होगी, शत्रु पराजय होंगे। मित्रों एवं स्वजनों से सहयोग प्राप्त होगा। लंबी यात्रा के योग प्रबल रहेंगे। वाहन/मकान सुख में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्य में भाग लेंगे। राजकीय पक्ष की अनुकूलता रहेगी। राजनीतिक क्षेत्र में सफलता के योग प्रबल बने रहेंगे। भौतिक सुख-सुविधाओं पर खर्च करेंगे। संतान के कार्यों में रुकावट के पश्चात सफलता अर्जित होगी। मित्रों से भेंट होगी।



## सिंह

यह माह आपके लिए मिलाजुला प्रभावकारी रहेगा। माह में लंबी यात्रा के योग रहेंगे। मित्रों से मुलाकात होगी। कोर्ट कचहरी से संबंधित प्रकरणों में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। आय में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-सुविधाओं पर खर्च करेंगे। आय के नए स्रोत की भी प्राप्ति के योग प्रबल रहेंगे। विरोधियों को कब, कहां, कैसे परास्त करना है, से संबंधित प्रकरण आएंगे एवं कुछ हद तक आप सफल भी हो जाएंगे। स्वादिष्ट व्यंजन का लुफ्त उठाएंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। पुरानी बीमारियों से छुटकारा मिलेगा। धार्मिक यात्रा के योग प्रबल रहेंगे। पाचन तंत्र से छोटी परेशानी आ सकती है। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। राजकीय पक्ष से भी अनुकूलता रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्त होगा।



## कन्या

यह माह आपके लिए सुखद परिणाम प्रदान करने वाला रहेगा। व्यापारिक कार्यों में अवरोध तो आएंगे परंतु अंत में सफलता अर्जित होगी। धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। धन संपदा एवं संपत्ति के प्रकरण को आप गंभीरता से नहीं ले पाएंगे। संतान से संबंधित प्रकरणों में सफलता मिलेगी। विवाह संबंध तय होने के योग प्रबल रहेंगे। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। ऋण के माध्यम से संपत्ति का निर्माण होगा। गूढ़ रहस्यमय ज्ञान में वृद्धि के योग प्रबल रहेंगे। लंबी यात्रा के योग रहेंगे। राजकीय पक्ष की अनुकूलता रहेगी। आय में असामान्य वृद्धि एवं कमी के योग रहेंगे। पत्नी एवं ससुराल के माध्यम से धन प्राप्ति के योग प्रबल रहेंगे।



## तुला

यह माह आपके लिए सुखद परिणाम प्रदान करने वाला रहेगा। इस माह में आय के नवीन साधनों की प्राप्ति होगी। व्यापारिक कार्यों में बढ़ोतरी के योग प्रबल रहेंगे। संतान से संबंधित कार्य में सफलता मिलेगी। विद्यार्थियों को शिक्षा में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। पाचन तंत्र, पेट, गैस के योग बनते हैं। धार्मिक यात्रा की प्रबल संभावना रहेगी। भौतिक सुख-सुविधाओं पर खर्च करेंगे। पत्नी के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। लेखन प्रकाशन के क्षेत्र में सफलता अर्जित होगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधी सक्रिय रहेंगे परंतु सफल नहीं हो पाएंगे। परिवार का सहयोग प्राप्त होगा।



## वृश्चिक

यह माह आपके लिए संतान, स्वास्थ्य, यात्रा आदि कार्य में सफलता प्रदान करने वाला रहेगा तथा इन्हीं कार्यों में आपको सामान्य से अधिक खर्च भी करना पड़ेगा। व्यवसाय में कई सुधार कार्य होंगे। उससे आगे चलकर धन लाभ की भी प्रबल संभावना बनी रहेगी। स्थाई संपत्ति में वृद्धि के योग प्रबल रहेंगे। वाहन/मकान सुख प्राप्त होगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त उठाएंगे। धार्मिक यात्रा के योग, शुभ एवं मांगलिक/धार्मिक कार्य में भाग लेंगे। विरोधी परास्त होंगे। स्वास्थ्य संबंधित चिंता लगी रहेगी। व्यय पर नियंत्रण रखना जरूरी रहेगा।



## धनु

यह माह आपके लिए सुखद परिणाम प्रदान करने वाला रहेगा। परिवारजनों से मुलाकात होगी। मन बेचैन रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति भी आपको जागरूक रहना पड़ेगा। यात्रा कष्ट के साथ पूर्ण होगी। स्थाई संपत्ति का निर्माण होगा। वाहन/मकान सुख में वृद्धि होगी। संतान के शिक्षा से संबंधित प्रकरण में निर्णय लेने में विलंब होगा। दुविधा बनी रहेगी। आय कभी कम, कभी अधिक ऐसा उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। प्रेम प्रसंग बढ़ेंगे। मनचाहा विवाह योग एवं दांपत्य जीवन में अनुकूलता रहेगी। मानसिक तनाव, झूठ नहीं बोलने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। विशिष्ट लोगों से जान पहचान बढ़ेगी और मुलाकात के योग प्रबल रहेंगे। राजकीय पक्ष की अनुकूलता रहेगी।



## मकर

यह माह आपके लिए सुखद परिणाम प्रदान करने वाला रहेगा। इस माह में पिछले कुछ वर्षों से रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। मांगलिक काम, उत्सव में भाग लेंगे। आय के नवीन स्रोत की प्राप्ति के योग प्रबल रहेंगे। लंबी यात्रा भौतिक सुख-सुविधाओं पर खर्च करेंगे। स्त्री संतान से सुख प्राप्त होगा तथा इनके रुके हुए कार्यों में सफलता अर्जित होगी। मकान, जमीन जायदाद, पुराने प्रकरण विरोधी से संबंधित प्रकरणों में आपको श्रेष्ठ सफलता अर्जित होने के योग प्रबल बने रहेंगे। भाई, परिवारजनों का स्नेह एवं सहयोग प्राप्त होगा। आपकी सफलता से आपके अपने ही लोग ईर्ष्या भी करेंगे। राजकीय पक्ष की अनुकूलता रहेगी।



## कुम्भ

यह माह आपके लिए परिश्रम के उपरांत फल प्रदान करने वाला रहेगा। प्रत्येक कार्य में प्रारंभिक लेवल पर योगदान एवं समस्या उपस्थित होगी परंतु परिश्रम के पश्चात उन सभी कार्यों में आपको सफलता अर्जित हो जाएगी। इच्छित कार्यों में सफलता मिलेगी। भौतिक सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। विरोधी परास्त होंगे। सामाजिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यय की अधिकता रहेगी। भाई, परिवारजनों का स्नेह एवं सहयोग प्राप्त होगा। प्रत्येक कार्य में विलंब जरूर होगा। वाहन सुख की प्राप्ति के योग रहेंगे। दुश्मन नए-नए योजना बनाएंगे परंतु सफल नहीं हो पाएंगे। शिक्षा से संबंधित कार्य में सफलता मिलेगी। तेजी-मंदी से संबंधित कार्यों में भी भाग लेंगे परंतु सावधानी रखना भी उतना ही जरूरी होगा।



## मीन

यह माह आपके लिए मांगलिक कार्य, धार्मिक यात्रा प्रदान करने वाला रहेगा। आर्थिक संपन्नता में वृद्धि होगी। राजकीय कार्यों में सफलता मिलेगी। परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण निर्मित होगा। परिवारजनों एवं भाई का स्नेह सहयोग प्राप्त होगा। स्वास्थ्य से संबंधित पुराने रोगों में सुधार होगा। अचानक धन लाभ के योग प्रबल बने रहेंगे परंतु व्यय पर भी नियंत्रण रखना उतना ही आवश्यक बना रहेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त उठाएंगे। धार्मिक, मांगलिक शुभ कार्यों में भाग लेंगे। परिवार में विवाह संबंध तय होने के योग प्रबल रहेंगे। विद्यार्थियों के लिए यह माह शुभ फल प्रदान करने वाला रहेगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी।





**मुरझाये चेहरे के साथ लगभग एकाकी सा जीवन व्यतीत करने वाले वरिष्ठों के चेहरे पर "मुस्कान क्लब" द्वारा मुस्कान देने वाले उदयपुर के ख्यात व्यवसायी व समाजसेवी श्री के.जी. गट्टानी नहीं रहे। आप अपनी सेवा यात्रा को भी विरासत के रूप में अपने पुत्र-पुत्रवधू को सौंप गये हैं।**

# नहीं रहे मुरझाये चेहरे पर मुस्कान देने वाले के.जी. गट्टानी

व्यवसाय जगत में ओरिएंटल पैलेस रिसोर्ट व श्रेया पेट्रोकेम तथा उद्योग जगत में गट्टानी ग्रुप का संचालन करने वाले ख्यात उद्यमी व समाजसेवी श्री कृष्ण गोपाल गट्टानी का गत 7 जून को वयोवृद्धावस्था में देहावसान हो गया। अगले दिन निकली अंतिम यात्रा में उपस्थित रहकर कई उद्यमी, व्यवसायी, समाजसेवी तथा समाज के गणमान्यजनों ने आपको अंतिम बिदाई दी। आप अपने पीछे पुत्र-पुत्रवधू नीरज-श्रद्धा गट्टानी तथा नीतिन-संगीता गट्टानी, पुत्री नीना साबू सहित पौत्र-पौत्री, प्रपौत्र-प्रपौत्री, नाती-नातिन, भतीजे-भतीजी आदि का भरापूरा शोकाकुल परिवार छोड़ गये हैं।

## उच्च शिक्षा से स्वयं को तराशा

श्री गट्टानी का जन्म सांभरलेक जिला-जयपुर में 19 नवम्बर सन् 1937 को एक सम्भ्रांत परिवार में जी.डी. गट्टानी व श्रीमती चाँद गट्टानी के यहाँ हुआ। प्रारम्भिक शिक्षा अपने जन्म स्थल से ही लेने के बाद बम्बई से उच्च शिक्षा, पुणे से स्नातक उपाधि व फिर बैंगलोर से एम.बी.ए. की उपाधि प्राप्त की तथा इसके साथ ही व्यावसायिक प्रशिक्षण भी प्राप्त कर लिया। तत्पश्चात 30 वर्षों तक देश के अग्रणी औद्योगिक घरानों में उच्चतम पद पर अपनी कारगार सेवाऐं देने के बाद 1983 में निजी व्यवसाय प्रारम्भ किया। अभी भी श्री गट्टानी पेट्रोकेमिकल, रीयल इस्टेट, होटल, इन्फास्ट्रक्चर, ऊर्जा आदि जैसे उद्योगों का देश के कई शहरों में संचालन कर रहे थे, जो उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर हैं। इसी दौरान वर्ष 1962 में कौशल्या गट्टानी के साथ दाम्पत्य सूत्र में बंधे। अपनी तमाम व्यस्तता के बावजूद अपने पुत्र-पुत्रियाँ ही नहीं बल्कि बहूओं को भी भारतीय संस्कृति व मूल्यों के अनुरूप संस्कार प्रदान करने में वे पीछे नहीं रहे।

## समाज सेवा में सक्रिय योगदान

व्यावसायिक व्यस्तता के बावजूद भी श्री गट्टानी समाज को अपनी सेवा देने में पीछे नहीं रहे। सामाजिक स्तर पर जुलाई 2002 में अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा का उदयपुर-अधिवेशन श्री गट्टानी की स्वागताध्यक्षता में ही सम्पन्न हुआ, जो उपस्थिति व व्यवस्थाओं के लिए स्मरणीय व ऐतिहासिक माना जाता है। जुलाई 2003 में राजस्थान प्रादेशिक सभा के निर्विरोध प्रदेशाध्यक्ष चुने गये। श्री गट्टानी के नेतृत्व में राजस्थान प्रदेश में सामाजिक व शैक्षणिक कार्यों के लिए एक जबरदस्त माहौल बना, जो समाज में स्थाई व निरंतर विकास का आधार बन गया। इस दौरान अनेक परिचय सम्मेलन, सामूहिक विवाह, संस्कार शिविर, कार्यकर्ता शिविर, भवनों, विद्यालयों, होस्टल्स व सहायता न्यासों का निर्माण तथा संचालन हुआ। राजस्थान के पत्र "राजस्थान पत्रिका" ने वर्ष 2012 में श्री गट्टानी को उनकी सामाजिक सरोकार की प्रवृत्तियों के लिए "प्राइड ऑफ मेवाड़" के अवार्ड से सम्मानित किया। उनकी धर्मपत्नी कौशल्या गट्टानी भी सतत रूप से समाज को अपनी सेवा दे रही है। वर्तमान में श्रीमती गट्टानी अ.भा. महिला संगठन के महिला आयोग की प्रकोष्ठ अध्यक्ष हैं।

## अभिनव प्रयास है मुस्कान क्लब

वरिष्ठ अवस्था उम्र का वह पड़ाव होती है, जिसमें वरिष्ठजन अपनों की उपेक्षा का शिकार होकर एकाकी व जीवन से हताश निराश हो जाते हैं। लगभग 16 वर्ष पूर्व इस स्थिति को देखते व समझते हुए ही व्यापारिक गतिविधियों के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिकों के चेहरों पर हमेशा मुस्कान बनी रहे इसके लिए उन्होंने उदयपुर में मुस्कान क्लब की स्थापना की। सैकड़ों सीनियर सिटीजन को हंसी-मजाक, खेल-कूद के लिए इसके माध्यम से एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराया। सम्भवतया यह देश का पहला अभिनव प्रयास है। स्वयं की आदत भी हंसी-मजाक व ठहाकों के साथ जीवन यापन करने की रही। यही कारण है कि प्रतिदिन फतहसागर तक घुमने जाना उनकी दिनचर्या ही नहीं बल्कि शौक था। माहेश्वरी समाज, सेवा भारती, स्वामी नारायण जैसी विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से भी आप सक्रिय योगदान दे रहे थे।




KAMLA
GROUP OF COMPANIES
Inspired Medicine
KAMLA LIFESCIENCES LTD.
Boisar, Maharashtra
ORD HEALTHCARE PVT. LTD.
Boisar, Maharashtra
IMPULSE PHARMA PVT. LTD.
Boisar, Maharashtra
KRUX Pharma Pvt Ltd
Pardi, Gujarat
ZADON PHARMACEUTICALS
Enugu, Nigeria
Kitemark Healthcare
Palghar, Maharashtra
KLL HEALTHCARE PVT. LTD.
Boisar, Maharashtra
TRIOFIT HEALTHCARE PVT LTD
Boisar, Maharashtra
WHO-GMP
US-FDA COMPLIANT
EU-GMP COMPLIANT
Dr. D. J. Zawar
Group Chairman
www.kamlagroup.co.in
info@kamlagroup.co.in
07770019750/51
09607947794/95

स्थापित : 1969 ॥ जय महेश ॥ पंजीबद्ध संस्था

-: माहेश्वरी समाज के वंशोत्पत्ति दिवस - महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं:-

# श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन



प्रधान कार्यालय :- महेश मार्ग, पुष्कर - 305022 (राजस्थान)

फोन : 0145-2772038, 2773128 मो. 8769646438

Email : abmsevasadan@gmail.com Website : www.maheshwarisevasadan.com / www.abmssp.com

सेवा सदन के सभी भवनों में शुद्ध सात्विक भोजन तथा वातानुकूलित, डीलक्स एवं कूलर-युक्त कमरें, डोरमैट्री एवं सभागार की सुविधाएं उपलब्ध है।

महेश मार्ग, रमणरेती रोड, वृन्दावन-281124 (उत्तरप्रदेश) फोन : 0565-2540421, मो. 9412280732

दूधाधारी मंदिर के सामने, ऋषिकेश रोड, हरिद्वार-249401 (उत्तराखण्ड) फोन : 01334-261636, 261141 मो. 9897125873

बस स्टेण्ड के पास, बद्रीनाथ-246422 (उत्तराखण्ड) मो. 9897125873

नाथूवास रोड, नाथद्वारा-313301 जिला-राजसमंद (राजस्थान) फोन : 02953-232301, 231379 , मो. 7297933441

केलवाड़ा रोड़, चारभुजा-गढ़बोर-313333 जिला-राजसमंद (राजस्थान) फोन : 02954-248200, मो. 9116361993

पोकरण रोड़, रामदेवरा-345023 जिला-जैसलमेर (राजस्थान)

परिक्रमा मार्ग, मुखारविन्द के पास, जतीपुरा-281502 वाया-गोवर्धन, जिला-मथुरा (उ.प्र.)

प्लॉट नं. 7-8, रामसुख नगर, क्यूरियो क्राफ्ट रोड़ नं. 11 के पास, एम्स रोड़, बासनी, जोधपुर (राज.) फोन : 0291-2744688, 2744588

## -: निर्माणाधीन :-

सर्वे नं. 48, मखमलाबाद परिसर, रांका स्क्वेयर के आगे, पंचवटी, नाशिक (महाराष्ट्र)

200 फीट बाईपास, जगद्गुरु कृपालुजी महाराज के आश्रम के सामने, जगन्नाथपुरी (उड़ीसा)

## -: शुभेच्छु :-

रामकुमार भूतड़ा – अध्यक्ष
कैलाश सोनी – वरिष्ठ उपाध्यक्ष
रमेशचन्द्र छापरवाल – महामंत्री
मनोहरलाल पुंगलिया – कोषाध्यक्ष

प्रहलाद शाह राठी – उपाध्यक्ष
अनिलकुमार बांगड़ – उपाध्यक्ष
जयकिशन बल्दुवा – उपाध्यक्ष
शंकरलाल बाहेती – उपाध्यक्ष
विजयशंकर मून्दड़ा – उपाध्यक्ष

सोहनलाल मून्दड़ा – मंत्री
मुरलीधर झंवर – मंत्री
श्रीभगवान बंग – मंत्री
संजयकुमार जैथलिया – मंत्री
किशनगोपाल बंग – मंत्री

भागीरथ भूतड़ा – प्रचार मंत्री
मधुसुदन मालू – कार्यालय मंत्री

एवं समस्त कार्यकारिणी समिति सदस्यगण

श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन, पुष्कर



धूतपापेश्वर
१८७२ से आयुर्वेद सेवा
निशामलकी
मेहेषु धात्री निशे।
अष्टांगहृदय - ६वी सदी
• रक्त में शर्करा के बढे हुए प्रमाण को नियंत्रित करने वाले निर्धारित उपचारों के साथ सहयोगी औषधि
• शरीर की उर्जा एवं स्वास्थ्य को बढाए
• पाचन क्रिया को सुधारने में सहायता करे
• रसायन होने से, बढती आयु से जुडी अवयव हानी को रोकने में सहायता करे
• त्वचा को स्वस्थ रखे
• रोगप्रतिकारशक्ति को बढाने में मदद करे
• जीवन का स्तर बेहतर बनाए रखे
• मूत्र प्रवृत्ति के वेगों को कम करने में सहायता करे
प्रस्तुत है पहली बार लिक्विड रूप में
निशामलकी
Nishamalaki
मेहेषु धात्री निशे।
अष्टांगहृदय - ६वी सदी
Net Quantity: 60 Tablets
No Artificial Colours
No Artificial Flavours
No Added Sugar and Artificial Sweetner
उपलब्धता: ६० टैबलेट्स एवं ४५० मि.ली.
F23NIAAd6.5x9.5H115
श्री धूतपापेश्वर लिमिटेड
शास्त्रोक्त • मानकीकृत • सुरक्षित • उत्तम गुणवत्ता • १४५+ वर्षोकी आयुर्वेद परंपरा



Since 1942

# Supreme®

People who know plastics best

## Adding **Value**, **Enriching** Lives!



### Our Product Portfolio :

- Plastic Pipe Systems
- Bath Fittings
- Solvents
- Water Storage Tanks
- Moulded Furniture
- Material Handling Products
- Multilayered Cross Laminated Films
- Composite LPG Cylinders
- Industrial Moulded Products
- Performance Packaging Films
- Protective Packaging Products

















**THE SUPREME INDUSTRIES LIMITED.**

1161 & 1162 Solitaire Corporate Park, 167 Guru Hargovindji Marg, Andheri-Ghatkopar Link Road, Chakala, Andheri (East), Mumbai 400 093, India.

• Tel.: (022) 40430000 • Email: info@supreme.co.in • Website: www.supreme.co.in




## Aditya Birla Group: Making a life changing difference

We work in 7,000 villages. Reach out to 9 million people. A glimpse:

HEALTHCARE

Over 100 million Polio vaccinations

5,000 Medical camps / 22 Hospitals: 1 million patients treated

Over 75 deaf and mute children moved from the world of silence to the sound of music through the cochlear implant.

Reach out to over 4,000 children. Extending financial support for the chemotherapy sessions. Encouraging them in a holistic manner to get back quickly on the road to recovery.

Engaged in prevention of cervical cancer through the administration of the HR-HPV vaccine in Maharashtra. Over 4,000 girls have been vaccinated.

More than 6,600 persons had their vision restored through the Vision Foundation of India

100,000 persons tested on 32 health parameters through HealthCubed

EDUCATION

Our 56 schools accord quality education to 46,500 students

Mid-day meals provided to 74,000 children

Solar lamps given to 4.5 lakh children in the hinterland

Foster the cause of the girl child through 40 Kasturba Gandhi Balika Vidyalayas

SUSTAINABLE LIVELIHOODS

100,000 people trained in skill sets

45,000 women empowered through 4,500 SHGs

200,000 farmers on board our agro-based training projects

And much more is being done through the Aditya Birla Centre for Community Initiatives and Rural Development, spearheaded by Mrs. Rajashree Birla. Because we care.

**NUMBERS MEAN A LOT**
**BUT A SMILE MEANS EVERYTHING!**

ADITYA BIRLA GROUP
Engage. Uplift. Empower






**RNI-MPHIN/2005/14721**
**Po.-Malwa Division/244/2020-2022**
**Despatch Date - 02 July, 2022**



**If Undelivered Please Return To**
**SRI MAHESHWARI TIMES**
90, Vidya Nagar (Behind Tedi Khajur Dargah)
Sanwer Road, UJJAIN (M.P.) - 456010
Ph. : 0734-2526561, 2526761 , Mo. : 94250-91161
E-mail : smt4news@gmail.com

**https://www.facebook.com/smtmagazine/**
https://srimaheshwaritimes.com